## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं। यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

# राज परिवारों से सातवें सांसद होंगे विक्रमादित्य या तीसरी महिला सांसद होंगी कंगणा रनौत

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

लोकसभा संसदीय क्षेत्र मंडी से अब तक 10 व्यक्ति 19 बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। 20वीं बार के प्रतिनिधित्व के लिए 11वें व्यक्ति के रूप में अभी तक कांग्रेस के विक्रमादित्य और भाजपा की कंगना रनौत चुनावी मैदान में हैं। हालांकि कुछ और उम्मीदवार भी मैदान में आ सकते हैं, लेकिन फिलहाल इन दो में से किसी एक के ही सांसद बनने की संभावना ज्यादा है, क्योंकि दोनों ही प्रमुख दलों के उम्मीदवार हैं।

सांसद कौन बनेगा यह तो 4 जून को चुनावी परिणाम के बाद ही सामने आएगा, लेकिन इनमें से यदि विक्रमादित्य विजयी रहते हैं तो वह मंडी क्षेत्र से अब तक रहे सांसदों में राज परिवार से सातवें सांसद होंगे, जबकि यदि कंगना रनौत विजयी होती हैं तो वह इस क्षेत्र से तीसरी महिला सांसद होंगी। अब तक रहे सांसदों में से केंद्रीय मंत्रिमंडल में इन 10 में से दो कैबिनेट व एक राज्य मंत्री के रूप में भी शामिल रहे हैं, जबकि 10 में से छह राजा या रानी के अलंकार से युक्त रहे हैं। गोपी राम, गंगा सिंह, सुखराम व रामस्वरूप इस अलंकार से अलग थे। काबिले जिक्र है कि 1952 में पहली लोकसभा के दौरान इस क्षेत्र से दो प्रतिनिधि लोकसभा में शामिल करने का प्रावधान था। यहां पर वर्ष 2013 और 2021 में उपचुनाव हुए हैं जिसमें दोनों ही बार कांग्रेस की प्रतिभा सिंह विजयी रही हैं। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस को समझ नहीं आ रही भाजपा की किलेबंदी

## चुनाव सिर पर; कांग्रेस का मीडिया सैल कमजोर, कहां क्या कुछ खबर नहीं

**अनिल शर्मा, मंडी**

मंडी संसदीय क्षेत्र में भाजपा की किलेबंदी कांग्रेस को समझ नहीं आ रही है। ताजा मामला विक्रमादित्य सिंह के मंडी दौरे का है, जब विक्रमादित्य सिंह सरकाघाट विधानसभा में प्रचार कर रहे थे, तो सरकाघाट से भाजपा विधायक दिलीप ठाकुर मोर्चा संभाल बयान जारी कर उन पर तीखे सवाल दाग रहे थे।

बाद में जब विक्रमादित्य द्रंग विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिल रहे थे, तो भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता चंदल पंडित उन पर बयान जारी कर उन पर राजनीतिक हमला बोल रहे थे। भाजपा ने मीडिया सैल को मजबूत कर पल पल की खबर आम जनता तक पहुंचाने के इंतजाम किए हुए हैं, जबकि दूसरी तरफ कांग्रेस का मीडिया सेल प्रेस वार्ताओं की सही जानकारी देने में भी नाकाम सिद्ध हो रहा है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि चुनाव सिर पर हैं और कांग्रेस का मीडिया सेल समय पर जानकारी नहीं दे पा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि इस सबकी जानकारी कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों को नहीं कि उपमंडल स्तर या जिला मुख्यालय में मीडिया सेल की रिपोर्ट लक्ष्य भेदने में कामयाब नहीं हो रही है। बता दें कि भाजपा ने लगभग 18 भाजपा नेताओं को कांग्रेस के उम्मीदवार के बयान पर पलटवार के लिए तैयार किया है, तो दूसरी ओर कांग्रेस में उम्मीदवार को छोड़ कांग्रेस नेता मुंह में पान डाले हुए हैं। जिस भी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के उम्मीदवार जा रहे हैं, उसी विधानसभा क्षेत्र के नेता उन पर तीखे सवाल दाग रहे हैं।

गौरतलब है कि गत विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस अति उत्साह में रही और जिला मंडी में 9 सीटें हार गई इस बार कांग्रेस के नेताओं की व्यस्तता इतनी बढ़ चुकी हैं कि वह दूरभाष यंत्र भी साथ नहीं रख रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



कांग्रेस ने अपने मीडिया सेल को मजबूत कर लिया है। इस बारे कांग्रेस के मीडिया सेल की बैठक शिमला में आयोजित की गई है, जिसमें गोकुल बुलेट, नरेश चौहान, महेश्वर चौहान सहित वरिष्ठ नेताओं ने शिरक्त की। मंडी में मीडिया सेल के विकास कपूर होंगे, जो प्रेस से संपर्क साधेंगे।

**आकाश शर्मा, मुख्य प्रवक्ता मंडी संसदीय क्षेत्र।**

## चुनावी चुटकी

### लंगड़ी लगाकर फंसे मामा

**इन** दिनों चुनावी पहलवानों में सियासी लंगड़ी का दांव खूब सुर्खियां बटोर रहा है। सेरी के मंच पर भी महफिल सज चुकी है। रोज यहां भी चर्चा हो रही है। कभी पहलवानों के दमखम को लेकर बात हो रही है, तो कहीं लगाए जा रहे दांव पर बात हो रही है। रौनकी ताऊ भाखड़े से चलकर वहां जा धमके हैं। हो भी क्यों नहीं वे भी मंडी के दंगल के काफी शौकीन हैं। दंगल होता है तो वे देखने पहुंच जाते हैं। ताऊ भी सेरी के मंच पर बैठकर लंगड़ी दांव की बातें सुन रहे हैं। अब ताऊ इस बात से हैरान हैं कि यह लंगड़ी का दांव पर चुटकी कहीं कर्मचारियों के मामा को लेकर तो नहीं ली जा रही है। वे तो ठेठ सेराजी हैं, उनको पहाड़ चढ़ने का तुजुर्बा भी है। कैसे वे लंगड़ी खा सकते हैं। ताऊ यह भी सोच रहे हैं कि शिमला में भी उन्होंने जो लंगड़ी लगाने का कुछ पहलवानों को तरीका सिखाया था, वह उल्टा पड़ा था। सभी पहलवान अपनी ही लंगड़ी में संतुलन खो गए थे। अब मंडी में जो सेरी मंच पर चर्चा हो रही है यह शिमला वाले पहलवानों की हो रही है या जब मामा मंडी की किसी सभा में जाते वक्त किसी लंगड़ी का शिकार हुए थे। ताऊ ने भी चर्चा करने वालों को पूछ कर पंगा ले लिया। मंडी वाले कहां मानने वाले थे। उन्होंने तो ताऊ को साफ बोल दिया, हिमाचल के मामा ने लंगड़ी लगाना तो सीखा था, लेकिन लंगड़ी से गिराने का तरीका उनके उस्ताद विरोधियों को सीखा गए हैं। –राजेश शर्मा



# यहां के लोग भी कम टेढ़े नहीं : जयराम ठाकुर

## पूर्व सीएम ने विक्रमादित्य सिंह के टेढ़ी अंगुली से घी निकालने के बयान पर किया पलटवार


**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के बयान पर पटलवार करते हुए कहा है कि टेढ़ी अंगुली से घी निकालने वाले यह जान लें कि यहां पर लोग भी कम टेढ़े नहीं हैं। यह बात उन्होंने बल्ह विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले कंसा मैदान में भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन के बाद मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कही।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता से कांग्रेस की सरकार को पांच वर्षों के लिए मौका दिया था, लेकिन कांग्रेसियों से खुद ही अपनी सरकार नहीं संभाली जा रही। राज्यसभा की सीट भाजपा ने जीत ली और 6 विधायकों ने कांग्रेस की सरकार को अलविदा कह दिया। प्रदेश में अब कांग्रेस की सरकार है नहीं और इसी बात की पीढ़ा विक्रमादित्य सिंह को सताए जा रही है। सरकार के जाने में भाजपा का कोई रोल नहीं है। सरकार अपनी गलतियों और नाकामियों के कारण गिरने जा रही है। इससे पूर्व पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने मंडी को जिस तरह से संबोधित किया उसके बाद भी प्रदेश के मुखिया चुप रहे। आज दिन तक उन्होंने एक महिला के हुए अपमान को लेकर एक शब्द तक नहीं कहा। जयराम ठाकुर ने कहा कि मंडी जिला को जिस तरह से अपमानित करने का प्रयास किया जा रहा है, उसका बदला अब मंडी की जनता लेगी। मंडी फिर से अपने मान-सम्मान और स्वाभिमान के लिए उठ खड़ी होगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि पन्नालाल सम्मेलन करने से कुछ नहीं होगा, लेकिन मैं कहता हूं कि यही कार्यकर्ता आपका समीकरण बिगाड़ने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी ने गाली-गलौज करके मंडी के स्वाभिमान को ललकारा है और मंडी की भावनाओं को आहत करने का खामियाजा इनको जरूर मिलेगा।



पन्ना प्रमुख सम्मेलन के दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का स्वागत करते स्थानीय लोग।

## मुख्यमंत्री का दावेदार



**तो क्या** हिमाचल में कांग्रेस में भविष्य में एक और मुख्यमंत्री पद का दावेदार मिलने जा रहा है। कहीं यह सोची समझी चाल तो नहीं है। कांग्रेस आलाकमान एक तीर से दो निशाने तो साधने नहीं जा रहा है। शिमला के रिज पर चाय की चुस्कियों के साथ ऐसी चुटकियां भी ली जा रही हैं। राज्य में एक युवा नेता को संसदीय चुनाव में उतारा गया है। यह ऐसे परिवार से हैं, जो परिवार हिमाचल की सत्ता पर अरसे तक काबिज रहा है। परिवार को सत्ता संचालन का पूरा तर्जुबा भी है। राज्य में विधायक और उसके बाद मंत्री और अब सांसद बने तो यह तय है कि उनकी दावेदारी आने वाले समय में राज्य के मुख्यमंत्री पद के लिए प्रबल हो उठेगी। यह युवा नेता भी चुपचाप लोकसभा के चुनाव में पूरी शिद्दत के साथ मैदान में उतर आए हैं। उनकी सक्रियता से रिज पर महफिल जमाने वाले भी सोच में पड़ गए हैं। रिज से ही वे दशकों से सूबे की सत्ता और सिहांसन को बदलते भी देख चुके हैं। उनको पूरा अंदेशा है कि आने वाले समय में कांग्रेस राज्य में मुख्यमंत्री पद का एक और बड़ा दावेदार तैयार करने जा रही है। भले ही उनको राज्य से दूर भेजने की यह तैयारी की गई है, लेकिन ऐसा ही प्रयास पहले भी कांग्रेस के एक आला नेता को उल्टा पड़ा था। उस वक्त भी परिस्थितियां ऐसी बनी थीं कि उल्टा बांस बरेली को कहावत चरितार्थ हो चुकी है। रिज पर महफिल लगाने वालों का अनुमान गलत नहीं होता, ऐसे प्रयास से राज्य को छह बार का मुख्यमंत्री मिल गया था।

# कांग्रेस के गले की फांस बनीं गारंटियांः सुधीर

## धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस पर फिर बोला 'हमला'

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने झूठी गारंटियां देकर लोगों को अपने भ्रमजाल में फांस कर सरकार तो बना ली, लेकिन अब यही झूठी गारंटियां लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के गले की फांस बन गई हैं, क्योंकि सही मायनों में एक भी गारंटी पूरी नहीं की गई है। यही कारण है कि कांग्रेस अभी तक अपने प्रत्याशी भी फाइनल नहीं कर पाई है।

विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने कांग्रेस पर फिर बड़ा हमला बोलते हुए यह बात कही। एक विशेष भेंट वार्ता में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश के सबसे कमजोर सीएम हैं, जो अब जगजाहिर हो गया है। कांग्रेस सरकार ने 15 माह में ही करोड़ों का कर्ज ले लिया है, लेकिन लोगों को यह समझ नहीं आ रहा है कि कर्ज का सारा पैसा कहां पर खर्च किया जा रहा है।



विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हैं। इसका हिसाब लोग चुनावों में कांग्रेस से पूछेंगे। मुख्यमंत्री सिर्फ अपने दोस्तों को ही खुश करने के लिए सरकारी खजाना लौट रहे हैं। सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कर्मचारी आयोग को भंग कर दिया, लेकिन इसमें बेरोजगारों का क्या कसूर है। आज तक सरकार जेओए आईटी पोस्टकोड का रिजल्ट नहीं निकाल पाई। डेढ़ साल में कितनी नौकरियां दी गईं, इसका जवाब सीएम को प्रदेश के बेरोजगारों को देना होगा।

### बोले- हार के डर से कांग्रेस फाइनल नहीं कर पा रही प्रत्याशी

**कांग्रेस** पर और हमलावार होते हुए सुधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल में कोई काम किया ही नहीं है, इसलिए उन्हें पता कि उनकी हार तय है। इसलिए हार के डर से कांग्रेस प्रत्याशी भी तय नहीं हो पाए हैं।

# झूठे आंकड़ों से जनता को गुमराह कर रही कांग्रेस सरकारः धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

16 माह में 25 हजार करोड़ का कर्जा लेने वाली सुक्खू सरकार एक बार पुनः झूठे आंकड़ों और बयानों से प्रदेश की जनता को गुमराह करके वोट हासिल करना चाहती है, लेकिन प्रदेश की प्रबुद्ध जनता सुक्खू सरकार की सच्चाई को भलीभांति जानती है, समझती है तथा वोट की चोट से उसको करारा जवाब इन चुनावों में देगी। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास और सनातन विरोधी है ।

16 माह में एक हजार संस्थान बंद करने का रिकॉर्ड मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नाम है। प्रदेश में 16 माह के अंदर कानून-व्यवस्था जिस तरह से चरमराई है, उससे आमजन के साथ प्रदेश की महिलाएं और बेटियां अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। कांग्रेस सरकार के संरक्षण में नशा माफिया, खनन माफिया निरंतर बढ़ रहा है। अपराधियों को सत्ताधारी दल का संरक्षण प्राप्त होने के कारण वे बेखौफ घूम रहे हैं तथा बेरहमी से प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश माननीय उच्च न्यायालय का बिजली शुल्क को लेकर आया निर्णय सरकार के उद्योग और रोजगार विरोधी चेहरे को उजागर करने वाला है। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि जिस प्रकार से प्रदेश में 16 माह में विकास कार्य रुक गया है। कानून-व्यवस्था चरमरा गई है तथा कांग्रेस पार्टी और सरकार के अपनी कारगुजारियों की वजह से जनता दुखी है, त्रस्त है। अब तो जनता महिलाएं और युवा गांव-गांव, गली-गली एक ही नारा एक ही गीत गा रहे हैं... झूठी-झूठी ओ लोको, झूठी सुक्खू री सरकार।



# विक्रमादित्य 9 मई, कंगना 14 को करेंगी नॉमिनेशन

## नामांकन के बाद दोनों पार्टियों के स्टार प्रचारक पहुंचेंगे मंडी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

लोकसभा चुनावों में एक महीना शेष रह गया है। ऐसे में मंडी संसदीय क्षेत्र क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह 9 मई को अपना नामांकन पत्र भरेंगे। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना 14 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।

चुनाव आयोग के अनुसार प्रदेश में नामांकन भरने की अंतिम तिथि 14 मई निर्धारित की गई है। 9 मई को मंडी जिला मुख्यालय में कांग्रेस की बड़ी चुनावी रैली प्रस्तावित है, जिसमें कांग्रेस अपना शक्ति प्रदर्शन करेगी। रैली में प्रदेश कांग्रेस के सभी नेता मौजूद रहेंगे। दूसरी ओर जवाब में भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत 14 मई को नामांकन दाखिल करेंगी और इसी दिन भाजपा का मंडी में बड़ा कार्यक्रम देखने को मिलेगा। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद से छोटी काशी मंडी के चुनावी दंगल में भाजपा की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी जैसे स्टार प्रचारकों की बड़ी चुनावी रैलियां मंडी में आयोजित होंगी।





# तीन आईएएस अधिकारी चुनावी ड्यूटी पर रवाना

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के तीन आईएएस अधिकारी चुनावी ड्यूटी पर चले गए हैं। सरकार ने इनके विभागों को अतिरिक्त कार्यभार अन्य अधिकारियों को सौंपा है। आईएएस अधिकारी राकेश कुमार प्रजापति, हरिकेश मीणा और राघव शर्मा चुनावी ड्यूटी पर रहेंगे। इसको देखते हुए आईएएस अधिकारी आशीष सिंहमार को निदेशक ऊर्जा निगम, यूनुस निदेशक उद्योग, दुनी चंद राणा निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, पदेन विशेष सचिव (पंचायती राज) व शुभकरण सिंह को निदेशक ऊर्जा का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इस संबंध में मंगलवार को कार्मिक विभाग की ओर से अधिसूचना जारी की गई है।



# तरयांबली में नेता प्रतिपक्ष ने पन्ना प्रमुख में भरा जोश

**अनंत ज्ञान, पद्धर**

द्रंग विधानसभा क्षेत्र के तरयांबली में पन्ना प्रमुख, त्रिदेव सम्मेलन में पहुंचे कार्यकर्ताओं में पूर्व मुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने चुनावी हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि चुनावों में पन्ना प्रमुख ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करें। सभी मतदाताओं के साथ आवश्यक रूप से बात करें और उन्हें पार्टी और मोदी की विचारधारा से जोड़ें।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस बार 50 का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी। भाजपा चार सौ पार का आंकड़ा पार करेगी, इसे रोकना अब कांग्रेस की बस की बात नहीं रही है। कंगना का अपमान कर कांग्रेस प्रत्याशी मंडी की भावनाओं के साथ न खेलें। उन्हें यह बात चुनावों में महंगी साबित होगी।

आज देश में उनकी पार्टी की हालत क्या हो चुकी है, इसका रोना वह स्वयं रो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अब की बार हिमाचल में चार की चार और दो सरकारें बनाने के लिए कार्यकर्ता डबल जोर लगाएं। सम्मेलन में विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, नाचन के विधायक विनोद कुमार, जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, मंडल अध्यक्ष मेहर चंद भारती, प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा, खुशहाल शर्मा, मोहम्मद राजबली, खुशहाल शर्मा, भानू प्रिया कपूर, ब्रिगेडियर कुशाल चंद ठाकुर आदि मौजूद रहे।

**राजनीति**

### प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर बोले- पुराने भाजपा नेताओं को लगा रहे 'ठिकाने'

# जयराम रणनीति के तहत भाजपा का कैडर कर रहे खत्मः कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर एक सोची-समझी रणनीति के तहत पुरानी भाजपा कैडर को खत्म कर रहे हैं और एक-एक कर पुरानी भाजपा के नेताओं को ठिकाने लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा पैराशूटी और किराए के उम्मीदवारों की पार्टी बन कर गई है, जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है और जल्द ही इसके नतीजे सामने आ जाएंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी टिकट जल्द ही तय हो जाएंगे, जिसके बाद भाजपा और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की टेंशन बढ़ेगी। चंद्रशेखर ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि कांग्रेस के अभी आधे टिकट फाइनल हुए हैं और भाजपा ने अभी से उम्मीदवार बदलने की चर्चा शुरू कर दी है, जिससे साफ पता चलता है कि भाजपा ने हथियार डाल दिए हैं और अपनी हार अभी से स्वीकार कर ली है।



उन्होंने कहा कि भाजपा का असली चेहरा प्रदेश की जनता के सामने बेनकाब हो चुका है और उनका ऑपरेशन लोटस फेल हो गया है। चंद्रशेखर ने कहा कि डिप्रेशन में आकर भाजपा नेता अनाप-शनाप बयानबाजी पर उतारू हो गए हैं और लगातार प्रदेश की जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की पिछले सवा साल में भाजपा की दो उपलब्धियां रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में आई सबसे बड़ी आपदा के समय भाजपा प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी नहीं हुई, जब हिमाचल प्रदेश की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का प्रस्ताव विधानसभा में लाया गया, तो भाजपा के सभी विधायक सदन से भाग खड़े हुए। जिस वक्त हिमाचल प्रदेश के लोग मुश्किल घड़ी से गुजर रहे थे तो भाजपा के नेता केवल मात्र राजनीति करने में व्यस्त थे। प्रभावित लोगों की सहायता में भाजपा नेता का कोई भी योगदान नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक चुनी हुई सरकार को गिराने के लिए खरीद-फरोख्त कर हिमाचल प्रदेश की संस्कृति को कलंकित करने का पाप भी किया है। हिमाचल प्रदेश के राजनीतिक इतिहास में पहली बार पैसों के दम पर विधायकों की खरीद-फरोख्त हुई और इस सारे षड्यंत्र के पीछे भाजपा नेताओं का हाथ था।

### कहा- सुक्खू सरकार ने हर वर्ग का किया कल्याण

**चंद्रशेखर** ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। जयराम सरकार जो काम पांच वर्ष में नहीं कर पाई, वह काम वर्तमान राज्य सरकार ने सवा साल के छोटे से कार्यकाल में कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने हर वर्ग के कल्याण के लिए बढ़-चढ़कर कार्य किया है।

# उत्तराखंड के सांसद की अपील एकजुट रहें भाजपा के कार्यकर्ता

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

पतलीकूहल में मंगलवार को मनाली मंडल भाजपा की ओर से पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान उत्तराखंड के सांसद अजय टम्टा व भाजपा नेता एवं उत्तराखंड के शिक्षा व स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लिया। अजय टम्टा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत है और यह सम्मेलन भाजपा के कार्यकर्ताओं के संकल्प की पराकाष्ठा है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि सभी एकजुट होकर कार्य करें और पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताएं। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश में चार और भारत में 400 कमल खेलेंगे। वहीं, भाजपा नेता एवं उत्तराखंड के शिक्षा व स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर देश का प्रधानमंत्री बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कंगना को जीतकर दिल्ली भेजें ओर नरेंद्र मोदी का हाथ मजबूत करें। मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी गोविंद ठाकुर ने भी इस मौके पर कार्यकर्ताओं में जोश भरा।



उत्तराखंड के सांसद अजय टम्टा व उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत के साथ पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर।

सेल्फी प्वाइंट



जोगिंद्रनगर में मंगलवार को मतदान जागरूकता बढ़ाने के लिए सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाते संगीत अध्यापिका मृदुला कुमारी, नोडल अधिकारी खजान सिंह ठाकुर और तिलक शर्मा।

जागरूकता अभियान






मंडी जिले के तताहर, हरि वहना और पधर में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करती स्वीप टीम।

# हिमाचल के हितों की रक्षा करने में विफल रहे जयराम ठाकुर : सुक्खू

## सीएम रहते नहीं रख पाए पक्ष, नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी निभाने में नाकाम

- कहा- अग्निवीर योजना के खिलाफ नहीं बोल पाए कुछ भी
- प्राकृतिक आपदा के लिए भी नहीं रखी विशेष राहत पैकेज की मांग

अनंत ज्ञान, नादौन

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंगलवार को नादौन दौरे पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर लोगों ने सीएम का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों के साथ बातचीत भी की। इसके बाद नादौन के गौना में पत्रकारों से बातचीत में सीएम सुक्खू कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर हिमाचल प्रदेश के हितों की रक्षा करने में नाकाम रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए वह कभी भी प्रदेश का पक्ष केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से नहीं रख पाए। अब नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी निभाने में भी पूरी तरह नाकाम हैं। केंद्र सरकार जब अग्निवीर योजना लाए, तब भी कुछ नहीं बोल पाए। हिमाचल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के समय केंद्र सरकार से विशेष राहत पैकेज की मांग तक नहीं कर पाए। राजनीतिक बयानों के जबाव पर जयराम ठाकुर को विचलित नहीं होना चाहिए। कंगना पर किसी ने भी आपतिजनक टिप्पणियां नहीं की हैं।


नादौन पहुंचने पर लोगों के साथ बातचीत करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### कहने को कुछ नहीं, सिर्फ विरोध की कर रहे राजनीति

**सीएम** ने कहा कि जयराम ठाकुर के पास कहने के लिए कुछ नही हैं, वह केवल विरोध की राजनीति कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने अपनी सरकार में पांच साल में केवल 16 हजार नौकरियां निकाली, उनमें से जेओआईटी की भर्ती न्यायालयों में फंसी रही। कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही न्यायालय में मजबूती से केस लड़कर उन नौकरियों को बहाल करवाया। कांगेस सरकार ने सत्ता में आने के एक साल में ही 22 हजार नौकरियां निकाली हैं, जिनकी भर्ती प्रक्रिया निरंतर जारी है।

### जयराम ठाकुर बताएं, हिमाचल के हित में कौन से काम किए

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि कंगना हिमाचल की बेटी है और उनके पिता कांग्रेस के महासचिव रहे हैं। जयराम ठाकुर को यह समझना चाहिए कि जब उनकी तरफ से कोई बयान आएगा तो उसका जबाव भी मिलेगा।

जयराम बताएं कि हिमाचल के हित में उन्होंने अपनी सरकार के समय कौन से काम किए हैं। जयराम ने कौन सी लड़ाई प्रदेश हित में लड़ी। पहले फौज में नवयुवक भर्ती होता था और उसे सरकारी नौकरी मिलती थी। केंद्र सरकार ने युवाओं की सेना की नौकरी भी अस्थायी कर दी और अग्निवीर योजना लाकर युवाओं से खिलवाड़ किया। जयराम ठाकुर ने अग्निवीर योजना के विरोध में भी कोई आवाज नहीं उठाई। आपदा आने पर भाजपा के तीनों सांसदों ने केंद्र सरकार के समक्ष कभी विशेष राहत पैकेज की मांग नहीं रखी।

कोई बयान देंगे तो उसका जवाब भी मिलेगा

# दूसरों पर आरोप लगाकर राजनीति चमका रहे कांग्रेस नेता : सुखराम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भाजपा संसदीय क्षेत्र प्रभारी और सीपीएस संजय अवस्थी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की हालत यह है कि दूसरों पर आरोप लगाकर अपनी राजनीति चमकाने का कार्य कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू और सीपीएस संजय अवस्थी अपने 16 महीने के कार्यकाल पर नजर डालकर बयानबाजी करें। संजय अवस्थी गैरकानूनी तौर पर सीपीएस बने हैं और उसकी इजाजत कानून भी नहीं देता है। 16 माह में 25 हजार करोड़ से ऊपर का कर्जा प्रदेश पर डालकर मुख्यमंत्री ने अपनी कार्यशैली को सही सिद्ध करने के लिए जो कैबिनेट रैंक की फौज खड़ी की है, उसका और उन लोगों का हिमाचल के विकास के लिए क्या योगदान है। इस पर भी थोड़ा ज्ञान जनता को देने का प्रयास करें। मंत्री विक्रमादित्य ने क्यों इस्तीफा दिया, क्यों 6 विधायकों ने कांग्रेस का दामन छोड़ा। ऐसे कई प्रश्न हैं, जिन्होंने कांग्रेस की आंतरिक मतभेदों को जनता के सामने ला खड़ा किया है।

सीएम सुक्खू और संजय अवस्थी अपने कार्यकाल पर नजर डालकर करें बयानबाजी

### कांग्रेस की आपसी लड़ाई का जनता को हो रहा नुकसान

**कांग्रेस** की आपसी लड़ाई का भुगतान प्रदेश की जनता को करना पड़ रहा है। 16 महीनों में जनता का एक भी कार्य कांग्रेस सरकार में नहीं हुआ। एक भी रोजगार युवाओं को नहीं मिला। कोविडकाल में सेवा कार्य करने वाले 10 हजार लोगों की नौकरी छीन ली। कांग्रेस कोरोनाकाल की बात करती है, लेकिन हमारा प्रश्न है कि उन्होंने इस विकट स्थिति में प्रदेश के लिए क्या किया।

### देश में फिर बनेगी भाजपा सरकार

**सुखराम** चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनने जा रही है और जो भाजपा ने 400 पार का नारा दिया है उस लक्ष्य की ओर अग्रसर है। चुनाव के परिणाम आने से पहले भाजपा अपने दो सांसद बना चुकी है। कांग्रेस आज अपने प्रत्याशी तय नहीं कर पा रही है। जिन प्रत्याशियों को टिकट मिली है या तो वह टिकट वापस कर रहे हैं या फिर चुनाव लड़ने में अपनी असमर्थता जता रहे हैं।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...


सांसद शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए गंभीर प्रयास करे। हर उपमंडल पर सांसद मोबाइल स्वास्थ्य वैन चलाए, ताकि जनता को घरद्वार स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। आज भी हमारे देश में स्वास्थ्य बहुत महंगा है, खाद्य पदार्थों पर रसायनों का प्रयोग हो रहा है, जिससे रोग बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही नकली खाद्य पदार्थ भी बाजार में बिक रहे हैं। **उषा हांडा (मंडी)**


देश हित सर्वोपरी होने से उत्थान निश्चित है। देश के लोगों की सुरक्षा, सीमाओं की सुरक्षा, जीवन और संपत्ति की रक्षा, धर्म की रक्षा और देश को सशक्त बनाने के लिए मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लें। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहयोग दें। **नरेंद्र ठाकुर (शिमला)**


मतदान में भाग लेना और मतदान करना दोनों ही देश हित में होता है। यह चुनाव बेरोजगारी पर अंकुश लगाने के साथ ही देश हित के मुद्दों को तवज्जो देने वाले राजनीतिक दल पर आधारित चुनाव है। **देशराज शर्मा (चंडी सेवड़ा)**


ऐसे उम्मीदवार को वोट दूंगी, जो बिना भेदभाव के सभी की मदद करता रहे। साथ ही क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे। उम्मीदवार ऐसा हो जो विकास करने की सोच वाला हो और जनता की समस्याएं दूर करे। युवाओं को रोजगार मुहैया करवाए। **सुप्रिया ठाकुर, पनगां (मनाली)**


देश को मजबूती प्रदान करने वाले संगठन को समर्थन होना चाहिए। देश का सर्वांगीण विकास होना चाहिए। विकसित भारत के लिए रोजगार और मजबूत औद्योगिक ढांचा विकसित हो। ऐसा वादा करने वाले दल का समर्थन किया जाएगा। जनता की समस्याओं को हल करने वाले को वोट दिया जाएगा। **विशाल शर्मा (ऊना)**


उम्मीदवार ऐसा हो जो युवाओं, महिलाओं और समाज के गरीब तबके के लिए काम करे। उम्मीदरवार सबको साथ लेकर चले, उसी को वोट दूंगा। ईमानदार प्रत्याशी को ही वोट देंगे। इस बार झूठ वादे नहीं चलेंगे। **करनैल ठाकुर, अरछंडी (मनाली)**


देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा मजबूत हो रही है। इसमें और मजबूती होनी चाहिए। देश के सैनिकों को अत्याधुनिक हथियारों के साथ दुर्गम क्षेत्रों में सुविधाएं बढ़ानी चाहिए। अग्निवीर की जगह सैनिकों को पहले की तरह भर्ती प्रक्रिया शुरू हो। इसका समर्थन करने वाले दल को वोट दिया जाएगा। **राजेंद्र ठाकुर (ऊना)**


मंडी सांसद ऐसा होना चाहिए, जो अपने पांच वर्षीय कार्यकाल में कम से कम 35-40 बार जानता के बीच आकर उनकी समस्याओं को सुने और उन पर लिए गए एक्शन को जानता को बताएं न कि सिर्फ चुनावी रैलियों या उद्घाटन समारोह में ही दिखे। **प्रीति शर्मा (मंडी)**


हमारा सांसद कैसा हो, इस प्रश्न का सीधा सादा जवाब है, जो सांस्कृतिक राजधानी कही जाने वाली छोटी काशी मंडी की धरोहरों को बचाने का प्रयास करे। सांसद युवाओं को रोजगार दिलाने वाला हो। रोजगार के अवसरों को तलाशे और नई पीढ़ी को आर्थिक रूप से सक्षम बनाए। **नीरजा शर्मा (मंडी)**


मंडी से सांसद चुना हुआ प्रतिनिधि मेरे विचार से अनुभवी, शालीन और अपने दिमाग से काम करने वाला होना चाहिए। जनसाधारण जनता की सुने और जो इनको सरकार से जनता की सेवा के लिए फंडस मिलते हैं, सही उपयोग करे। अकसर देखा गया है कि नेता के इर्द-गिर्द कुछ लोग मंडराते रहते हैं, जो हमेशा ही अपने स्वार्थ के लिए कार्य करवाते हैं। सांसद स्वयं जनता की बात सुने और अपने विवेक से निर्णय ले। **विजय शर्मा (मंडी)**


जनता को सोच-समझ कर मतदान करना होगा। मेरा वोट उसी को जो ईमानदार और पारदर्शिता के साथ काम करे और युवाओं के लिए रोजगार व लोगों के लिए मूलभूत सुविधाएं जुटाए। हर बार चुनाव में नेता झूठ वादे कर वोट हासिल कर लेते थे, इस बार ऐसा नहीं होगा। **सोनम टशी, केलांग ( केलांग)**


मतदाताओं को जो विधानसभा व लोकसभा के चुनावों में अपना मत नहीं डालते हैं उनको चिन्हित करके उनकी तमाम सुविधाएं खत्म की जाएं। सरकार बनाने के लिए अपने मत का प्रयोग करें। जो मत के अधिकार का उपयोग करने से जी चुराते हैं, जो लोकतंत्र के लिए कतई ठीक नहीं है। **प्रकाश चंद सेन (हमीरपुर)**


उसी उम्मीदवार को वोट दूंगा, जो शिक्षित और स्वच्छ छवि का होने के साथ-साथ समाज के हर वर्ग की अपेक्षा में खरा उतरता हो। विकास की सोच के साथ सभी को साथ लेकर चले। युवा काफी जागरूक हो गए हैं और इस बार काम करने वाले और जनता की समस्या हल करने वाले को वोट देंगे। **श्रेय वासु, जुंडा ( लाहौल स्पीति)**

# कांग्रेस ने होर्डिंग में तजिंदर बिट्टू का चेहरा ढका

## कांग्रेस कार्यालय में लगा होर्डिंग बना चर्चा का विषय




अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

देश इन दिनों लोकसभा चुनाव के रंग में रंगा हुआ है। प्रदेश में आखिरी चरण में लोकसभा के चुनाव हैं। चुनाव के बीच नेताओं के दल-बदल का दौर भी जारी है। 20 अप्रैल को हिमाचल कांग्रेस के सह प्रभारी रहे तजिंदर पाल सिंह बिट्टू कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए हैं। इससे कांग्रेस को बड़ा झटका लगा।

10 दिन बाद भी कांग्रेस अब तक नए सह प्रभारी की नियुक्ति नहीं कर सकी है। वहीं, हिमाचल कांग्रेस की इस सियासी उठापटक के बीच शिमला स्थित कांग्रेस के राज्य कार्यालय राजीव भवन से एक दिलचस्प तस्वीर सामने आई है। यहां राजीव भवन के मुख्य द्वार पर एक बड़ा होर्डिंग लगाया गया है। इस होर्डिंग में सह प्रभारी रहे तजिंदर पाल सिंह बिट्टू की भी तस्वीर थी।

इस तस्वीर को अब कांग्रेस के चुनाव चिन्ह 'हाथ के निशान' से ढकने की कोशिश की गई है। कार्यालय में इस तरह के जितने भी होर्डिंग और पोस्टर हैं, वहां इसी बिट्टू की तस्वीर पर कांग्रेस का चुनाव चिन्ह हाथ का निशान लगाया गया है। हिमाचल कांग्रेस कार्यालय में लगा यह होर्डिंग अब चर्चा का विषय बन गया है।

कांग्रेस के सह प्रभारी रहे बिट्टू ने 20 अप्रैल को थामा था भाजपा दामन

### होर्डिंग में कांग्रेस के कई नेताओं की तस्वीर

**राजीव** भवन के मुख्य द्वार पर लगाए गए इस होर्डिंग में बाएं तरफ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और दाएं तरफ हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की बड़ी तस्वीर है। इसके अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, हिमाचल कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की तस्वीर है।

### राजीव शुक्ला के बाद थी बिट्टू की तस्वीर

राजीव शुक्ला के बाद तजिंदर पाल बिट्टू की तस्वीर लगाई गई थी, जिसे ढक दिया गया है। इस होर्डिंग में कांग्रेस की गारंटी का जिक्र किया गया है। इसमें ओल्ड पेंशन स्कीम की बहाली, युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना और सभी सरकारी स्कूलों में इंग्लिश मीडियम शुरू किए जाने की गारंटी का जिक्र किया गया है।

# प्रदेश के इतिहास की सबसे निकम्मी सुक्खू सरकार : बिंदल

- संस्थान बंद के लिए जनता से मांफी मांगे
- नेता और नीति विहीन है कांग्रेस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रेस बयान में कहा कि कांग्रेस सरकार सबसे निक्कमी सरकार है। चुनाव में प्रदेश सरकार अपने कामों पर जनता से वोट मांगे। कांग्रेस सरकार ने डेढ़ साल में 25000 करोड़ रुपए का कर्ज का बोझ हिमाचल प्रदेश की जनता पर डाला है और काम के नाम पर कुछ नहीं किया है।



केंद्र सरकार ने आपदा राहत के लिए करोड़ों रुपए दिए, लेकिन सरकार ने बंदर बांट कर जनता के पैसे का दुरुपयोग किया है। उपचुनाव आने पर वोट के लिए भाजपा और कांग्रेस के पूर्व विधायकों को गाली देना, पूर्व मुख्यमंत्री को गाली दे रहे हैं। मुख्यमंत्री की भाषा सड़क छाप हो गई है, जिसमें वह जनता के प्रतिनिधियों को काले नाग बोलते हैं, भेड़ें, मेंढक बोलते हैं और उनके मंत्री-संत्री सब उनकी भाषा दोहरा रहे हैं। यह कांग्रेस की हताशा, निराशा और बौखलाहट का सबसे बड़ा नमूना है।

### सीएम कर रहे लोगों का अपमान

**सीएम** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 2022 के चुनाव के बाद बयान देकर लोगों का अपमान किया और राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस पार्टी का एजेंडा सनातन को समाप्त करने का जोर-शोर से चल रहा है। कांग्रेस ने तय किया है कि ओबीसी आरक्षण का 6 प्रतिशत मुस्लिम को दिया जाए और अल्पसंख्यकों को 15 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। देश के लोगों पर टैक्स के नाम से अमेरिका पैटर्न पर टैक्स लगाया जाएगा। प्रदेश सरकार ने डेढ़ साल में एक भी स्कूल, अस्पताल, कार्यालय, संस्थान नहीं खोला और प्रदेश की जनता को धोखा देते हुए 1500 संस्थान बंद कर दिए। स्कूल, कॉलेज, तहसीलें, उपतहसीलें, पटवार सर्कल, वेटरनरी डिस्पेंसरी आदि जो बंद किए है, उसके लिए कांग्रेस जनता से मांफी मांगे। कांग्रेस पार्टी देश में और प्रदेश में नेता व नीति विहीन हो चुकी है, इसलिए सारे देश में कांग्रेस के लोग कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। हिमाचल की जनता जानती है कि देश में सरकार मोदी की बननी है।

**राजनीति** भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलनों में नहीं दिखा तालमेल, कांग्रेस अभी नहीं घोषित कर पाई प्रत्याशी

# भाजपा को परेशानी में डाल सकते हैं 'बागी'

एमएम डैनियल, चंबा

**लोकसभा** और विधानसभा उपचुनाव की सियासत चरम पर है। दोनों पार्टियां वोट की खातिर दमखम लगा रही हैं, लेकिन भाजपा बागियों की वजह से खासी परेशान है। जिला व उपमंडल स्तर पर गुटबाजी उभरती नजर आ रही है।



अगर भितरघात हुआ तो भाजपा को नुकसान हो सकता है। इस मौके को भुनाने के लिए कांग्रेस पार्टी नजरें जमाए हुए है। हालांकि, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व राज्यसभा सदस्य हर्ष महाजन विभिन्न मंचों से जून माह में सत्ता परिवर्तन होने के दावे कर रहे हैं, लेकिन यह इतना आसान भी नहीं है।

कांग्रेस के बागी विधायकों का पहे भाजपा में शामिल होना और फिर उन्हें ही पार्टी टिकट देना पुराने कार्यकर्ताओं को अखर रहा है। इस वजह से मनमुटाव जगजाहिर हो चुका है। (अनंत ज्ञान)

### संगठन में फेरबदल से उपजी गुटबाजी

**चंबा** जिले में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की मौजूदगी में चंबा, तीसा, डलहौजी विस क्षेत्रों में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलनों में भाजपा जिला व मंडलों पदाधिकारियों, सदस्यों में आपसी तालमेल नहीं दिखा। सम्मेलनों में शामिल हुए कई पार्टी पदाधिकारी एक-दूसरे से कनी काटते नजर आए। हर पदाधिकारी व सदस्य नेता प्रतिपक्ष समक्ष नंबर बनाने में लगे रहे। विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के पश्चात संगठन में पदों को लेकर फेरबदल किया गया, जिससे गुटबाजी उपजी है। पार्टी में पूर्व सदस्यों व वर्तमान पदाधिकारियों में आपसी तालमेल नहीं बैठ पा रहा है। इससे पूर्व में लोकसभा चुनाव में चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र सीट पर मत हासिल करने का रिकॉर्ड बनाने वाली भाजपा को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

### कांग्रेस मजबूत प्रत्याशी उतारने की जुगत में

**फिलहाल** मौजूदा समय में भाजपा का सिक्का चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के चंबा, चुराह, डलहौजी व भटियात में सिर चढ़ बोल रहा है। इसका कारण कांग्रेस की ओर से अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं कर पाना है। यदि कांग्रेस की ओर से मजबूत दावेदारी वाला प्रत्याशी भाजपा के प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज के मुकाबले खड़ा होता है तो पन्ना प्रमुख सम्मेलनों में उजागर हुई भाजपा में गुटबाजी लोकसभा चुनाव पर पार्टी के लिए भारी पड़ सकती है।

### जयराम का केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार बनने का दावा

**नेता** प्रतिपक्ष ने अपने अभिवादनों में भाजपा एकजुट होने सहित जून माह में केंद्र व हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने का दावा कर रहे हैं। इस दावे से कांग्रेस बैकफुट पर आ जाती है या फिर भाजपा की सरकार गिराने की एक ओर नाकाम कोशिश साबित होती है। यह तो आने वाला समय ही बताएगा, फिलहाल दोनों पार्टियां लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को अपने शब्दजाल में बांधने के प्रयास में हैं।

# बड़सर में कांग्रेस के भीतर टिकट के लिए माथापच्ची

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**बड़सर** विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस के भीतर लंबी माथापच्ची जारी है। जिताऊ उम्मीदवार को लेकर पार्टी नेतृत्व अभी भी ऊहापोह में है। अब फाइनल सर्वे फिर हो रहा है।

रिपोर्ट के आधार पर प्रत्याशी के नाम पर मुहर लगेगी। उम्मीदवारी की 'चाहत' रखने वालों की तादाद काफी लंबी है, जिससे कांग्रेस को परेशानी हो रही है। तीन तरह के सर्वे उम्मीदवारी को लेकर हो चुके हैं। अब देखना होगा कि यह सर्वे पार्टी के लिए कितना लाभदायक होगा। क्या मूल रूप से जुड़े हुए पार्टी के किसी वरिष्ठ कार्यकर्ता को ही टिकट थमाई जाएगी या फिर किसी और रणनीति के हिस्से के जरिए विधानसभा चुनाव में रहे पूर्व प्रत्याशी को कांग्रेस चुनावी दंगल में उतरेगी? (अनंत ज्ञान)

एक और सर्वे हो रहा, यही तय करेगा उम्मीदवार कौन होगा

### जातीय समीकरण बिठाना चुनौती

**इस** क्षेत्र में जातीय समीकरणों के तहत प्रत्याशी का चुनाव दंगल में उतरना कांग्रेस के लिए नई चुनौती बना हुआ है। बिझड़ी इलाके से उम्मीदवार किसी राजपूत को बनाया जाए, तो इस क्षेत्र की पुरानी जोरदार मांग को धरातल पर खरा उतरा जा सकता है। तप्पा ढटवाल क्षेत्र की राजनीति में काफी अहम है। राजपूत उम्मीदवार उतारा जाए या फिर परंपरागत तरीके से ब्राह्मण उम्मीदवार पर ही विश्वास किया जाए। महिला उम्मीदवार को भी उतारा जा सकता है। इस पर पार्टी ने चर्चा की है, लेकिन इस चैप्टर को क्लोज कर दिया गया है। पिछले तीन विधानसभा चुनावों में इंद्रदत्त लखनपाल ने भाजपा के खेमे में सेंध लगाई थी। अब लखनपाल कांग्रेस से बागी होकर भाजपा के प्रत्याशी हैं।

# भाजयुमो ने चुनाव के लिए कसी कमर

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा / रक्कड़**


लोकसभा चुनाव के तहत आयोजित बैठक के दौरान मौजूद भाजयुमो कार्यकर्ता।

भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रमन शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनावों को लेकर युवा मोर्चा बिलकुल तैयार है। युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष तिलक राज शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के हर बूथ पर युवा चौपाल कार्यक्रम के तहत बैठकें की जा रही हैं। इसी कड़ी में जिले के हर बूथ पर युवा मोर्चा कार्यक्रम कर रहा है, जिसमें केंद्र में मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में चर्चा कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। केंद्र में मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा इलाके में करवाए गए विकास कार्यों के बारे में लोगो को बताया जा रहा है और न्यू वोटर से संपर्क साधा जा रहा है। रमन शर्मा ने बताया की लोगों में भारतीय जनता पार्टी को वोट करने के लिए काफी उत्साह है और तीसरी बार मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है। हिमाचल प्रदेश की चारों की चारों सीटें भाजपा की झोली में आएगी यह बात भी तय है और इस बार 400 का आंकड़ा पार करते हुए भाजपा लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगी। इस मौके पर उनके साथ युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अक्षय अत्री, जिला सह प्रवक्ता मुनीश धीमान, जिला कोषाध्यक्ष मनदीप डोगरा, जिला आईटी संयोजक शशांक मेहता, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नौरा स्कूल का परिणाम 90 फीसदी रहा

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौरा का जमा दो कक्षा का वार्षिक परिणाम 90 प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा श्रुति चौधरी ने 93.2 प्रतिशत अंक हासिल करके विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में नौ विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जिनमें अश्विनी कुमार ने 84.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। कला संकाय में वंशिका ने 85 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य सीमा पठानिया ने स्कूल स्टाफ व बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## फिजियोथेरेपी की मशीनें खराब, रोगियों को नहीं मिल रही सुविधा

# टांडा अस्पताल से बिना इलाज के ही घर वापस लौट रहे हैं फिजियोथेरेपी के मरीज

**आशीष दमीर, टांडा**



डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में खराब पड़ी फिजियोथेरेपी की मशीनें। मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है।

यदि आप अच्छे इलाज की उम्मीद में फिजियोथेरेपी के लिए टांडा आना चाहते हैं तो आपको थेरेपी के बिना ही वापस लौटना पड़ेगा। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में फिजियोथेरेपी की मशीनें लंबे समय से बंद हैं। यहां आने वाले मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। हड्डियों के रोग से ग्रस्त मरीज जहां संबंधित डॉक्टर से जांच करवाते हैं और उसके बाद डॉक्टरों द्वारा अधिकांश मरीजों को एक्सरसाइज के लिए अस्पताल में ही ओपीडी नंबर-दो के लिए भेजा जाता है परंतु विडंबना यह है कि उक्त ओपीडी में पड़ी तमाम मशीनें खराब व टूटी हुई हैं, जिनमें से कई मशीन तो जंग खा चुकी है। इन मशीनों के संचालकों द्वारा इस बावत कॉलेज प्रशासन को कई बार बोला गया है परंतु विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। कॉलेज प्रशासन के इस ढुलमुल रवैए से आम जनता को बाहर निजी अस्पतालों में भरी भरकम पैसे देकर अपना इलाज करवाना पड़ रहा है। निजी फिजियोथेरेपी क्लीनिक संचालक तो घंटों के हिसाब से पैसे लेकर उपचार करते हैं और लोगों को मजबूरी में निजी क्लीनिकों में उपचार के लिए जाना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

**निजी अस्पतालों में चुकाने पड़ रहे अधिक दाम**

### जल्द ठीक करवाई जाएंगी मशीनें

टांडा मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर मिलाप शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह मामला ध्यान में आया है। जल्द ही मशीनों के खराब होने के कारणों का पता लगा कर इन्हें ठीक करवा दिया जाएगा ताकि मरीजों को परेशानी न हो।

## न्यूज ब्रीफ

### सरिमोलग स्कूल का रिजल्ट 96 प्रतिशत

**जयसिंहपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित किए गए बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरीमोलग का परिणाम 96 प्रतिशत रहा। स्कूल के 30 छात्रों में से 29 छात्रों ने परीक्षा पास की। वाणिज्य संकाय में दिव्यांशु टॉपर रहा। दिव्यांशु ने 500 में से 375 अंक प्राप्त किए, समीर कुमार ने विज्ञान संकाय में 500 में से 371 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। अक्षय कुमार ने कला संकाय में 500 में से 363 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. मदन लाल का कहना है यह स्कूल के लिए बड़े गर्व की बात है। स्कूल का वार्षिक परिणाम बहुत बढ़िया रहा है। इसका श्रेय स्कूल के स्टाफ व स्बच्चों व अभिभावकों को जाता है।

### डाडासीबा स्कूल का परिणाम सराहनीय

**डाडासीबा।** बाबा कांशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा का दस जमा दो का वार्षिक परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। स्कूल की छात्रा आस्था ठाकुर ने आर्ट्स में 500 में 477 अंक लेकर प्रथम, राघव मंडियाल ने 467 अंक लेकर द्वितीय व प्रेरणा ने 437 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कामर्स में मीनाक्षी ने 408 अंक लेकर प्रथम, कृतिका व दीपांशु ने 404 अंक लेकर द्वितीय व वैष्णवी ने 401 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। साइंस में सौरभ ने 462 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम, आदित्य ने 455 अंक लेकर द्वितीय जबकि देवांश शर्मा ने 442 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने सभी छात्रों को बधाई दी है।

### डरोह स्कूल के सुब्रत ने झटके 482 अंक

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़ जमूला का दस जमा दो का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। स्कूल के सुब्रत शर्मा ने 482 अंक लेकर प्रथम स्थान, इशिता ने 466 अंक लेकर द्वितीय स्थान जबकि साक्षी व कुणाल ने 461 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य ध्रुव कुमार पटियाल ने सभी बच्चों को बधाई दी।

### 426 अंक लेकर आशीष रहा टॉपर

**जयसिंहपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित किए गए बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जयसिंहपुर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संघोल का वार्षिक परिणाम शानदार रहा। स्कूल का आशीष विज्ञान संकाय का टॉपर रहा जिसने 500 में से 426अंक प्राप्त किए और तनीषा कला संकाय की द्वितीय स्थान पर रही जिसने 500 में से 412अंक प्राप्त किए, वर्षा कुमारी हीर विज्ञान संकाय ने तृतीय स्थान पर रही जिसने 500 में से 410 अंक प्राप्त किए। संघोल स्कूल की प्रधानाचार्य अंजली शर्मा ने कहा कि स्कूल का वार्षिक परिणाम बहुत बढ़िया रहा है, इसका श्रेय स्कूल के समस्त स्टाफ व बच्चों व अभिभावकों को जाता है।

### प्रिंस 92.4 प्रतिशत अंक लेकर रहा प्रथम

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भवारना का जमा दो का वार्षिक परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। विज्ञान संकाय में प्रिंस ने 92.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, परवजीत ने 91.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, जबकि समीक्षा ने 89.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। कला संकाय में शगुन ने 91 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, सिमरन ने 90.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, जबकि प्रियांशु ने 89.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। कॉमर्स संकाय में नेहा 91.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, सुप्रिया 89.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, जबकि सेजल 88.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य अजय भाटिया ने स्कूल स्टाफ व बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

## मैत्री पब्लिक स्कूल शेखपुर के छात्रों ने रोशन किया स्कूल का नाम



**अनंत ज्ञान, डमटाल**

मैत्री पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल शेखुपुर का दस जमा दो का परीक्षा परिणाम बेहतरीन रहा है। स्कूल के अध्विक ने 94 प्रतिशत, अनुष्का शर्मा ने 93 प्रतिशत, मानवी ने 92 प्रतिशत, सौरभ डोड ने 90 प्रतिशत, पलक ने 91 प्रतिशत, रिया ने 90 प्रतिशत, दानवी काटल ने 90 प्रतिशत, कुरातुल आइन ने 89 प्रतिशत, अमन जरयाल ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। स्कूल की प्रधानाचार्य चंद्र प्रभा व चेयरमैन अंग्रेज भारद्वाज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया और कहा कि आप सभी हमारे देश का भविष्य हैं।

हमें गर्व है कि आप सब ने अच्छे अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता तथा स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने स्कूल के अन्य छात्रों से इन छात्रों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

## खैरा स्कूल का रिजल्ट 97.2 प्रतिशत रहा

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा का जमा दो कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। कुल 107 विद्यार्थियों में से 104 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए । विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 97.2 प्रतिशत रहा । विज्ञान संकाय में रीवा ने 500 में से 478 अंक, वाणिज्य संकाय में विभूति वालिया ने 500 में से 472 अंक, कला संकाय में अदिति ने 500 में से 464 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही देवांसी, कनिका, शगुन , अभय , कृष व शिल्पा ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय शर्मा, एसएमसी प्रधान सुरेश कुमार ने बच्चों को बधाई दी है।

## डीआर पब्लिक स्कूल के छात्र चमके

**अनंत ज्ञान, गरली**



डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर के छात्र हर वर्ष बोर्ड परीक्षा में अपना बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्लस टू की बोर्ड परीक्षा में छात्र आशुतोष ने 465 अंक व अनिकेत ने 438 अंक प्राप्त कर डीआर पब्लिक स्कूल के साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर का भी नाम रोशन किया है।

स्कूल प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि आशुतोष एवं अनिकेत दसवीं तक डीआर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी थे। उन्हें दसवीं की परीक्षा में मेरिट आधार पर 2022 में लैपटॉप मिले थे अब ये दोनों छात्र आगे की पढ़ाई परागपुर सरकारी स्कूल से कर रहे हैं। वर्ष 2014 से लगातार इस स्कूल के छात्र शिक्षा के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए सरकार से लैपटॉप ले रहे हैं।

स्कूल के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश ने बताया कि 2023 हि.प्र शिक्षा बोर्ड के मैट्रिक परिणाम के आधार पर इस वर्ष चार बच्चों को 25-25 हजार रुपए का इनाम मिलेगा। उन्होंने बताया कि स्कूल क्षेत्र के प्राइवेट स्कूलों में बेहतर परिणाम हासिल कर रहा है।

### शत-प्रतिशत रहा रिजल्ट

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढाटी का जमा दो का तीनों संकायों का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसमें छात्र संजय ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान,कोमल ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, जबकि शाकू धीमान ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य अंजू शर्मा ने स्कूल स्टाफ व बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

# नशा छोड़ खेलों में रुचि रखें युवा: बलबीर

## कांगड़ा पुलिस ने नशे के खिलाफ दो दिवसीय खेल महोत्सव का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**




कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ सोमवार देर शाम कांगड़ा के टंडन क्लब में दो दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि एसपी विजिलेंस कांगड़ा बलबीर सिंह उपस्थित हुए। इस दो दिवसीय खेल महोत्सव के शुभारंभ पर एसडीएम कांगड़ा ईशांत जसवाल व डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर एसपी विजिलेंस बलबीर सिंह ने कहा कि इस खेल महोत्सव में बैडमिंटन, वॉलीबाल, बास्केटबाल के अलावा और भी खेलें खेली जाएगी। युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि आज की जो युवा पीढ़ी नशे के जंजाल में धंसती जा रही है व अपनी रुचि इन खेलों की ओर रखें ताकि इनमें व्यस्त रहकर व नशे से दूर रह सके। इस मौके पर टंडन क्लब कांगड़ा के सदस्यों ने भी युवाओं से यही अपील की है कि युवा नशे जैसे इस जंजाल से दूर रहकर खेलों में अपना ध्यान आकर्षित करें। इस मौके पर टंडन क्लब के सदस्य विजय शर्मा, नागेश्वर मनकोटिया, विनोद शर्मा, राकेश महाजन, मनमोहन शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल नांगलिया चक्क का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जमा दो का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। इसमें गांव नांगलिया चक्क के स्वामी विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल की प्रधानाचार्य रचना भनोट ने बताया कि स्कूल के छात्रों ने जमा दो के वार्षिक परिणाम में बेहतर प्रदर्शन किया है जिसमें अदिति ने 94 प्रतिशत, खुशी झा, प्रियांशु ने 92 प्रतिशत, साक्षी ,मानसी, सुनैना, अनिकेत, शिवम, राघवेंद्र सिंह, आशुमान सिंह ने 90 प्रतिशत अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है। स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है और अधिकांश बच्चों ने 80 से 85 प्रतिशत अंक लेकर परीक्षा में कामयाबी हासिल की है। स्कूल के चेयरमैन पंकज भनोट ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए छात्रों को बधाई दी।

# बैजनाथ में एसडीएम ने सम्मानित किए टॉपर


12वीं कक्षा के घोषित परीक्षा परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली छात्राएं एसडीएम देवी सिंह ठाकुर के साथ।

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

12वीं कक्षा के घोषित परिणाम में टाप 10 में चार स्थान अर्जित किए जाने वाले बैजनाथ उपमंडल के भारती विद्यापीठ स्कूल व हिमालयन पब्लिक स्कूल पपरोला की छात्राओं को उपमंडल अधिकारी नागरिक बैजनाथ देवी सिंह ठाकुर ने सम्मानित कर उन्हें ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ के फोटो भेंट किए। इस मौके पर उनके अभिभावकों व स्कूल प्रबंधकों की मौजूदगी में एसडीएम ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि पूरे प्रदेशभर में 12वीं कक्षा के परिणाम में बैजनाथ उपमंडल के दो निजी शिक्षण संस्थानों की चार छात्राओं ने टाप 10 में स्थान अर्जित किए हैं। उन्होंने इन छात्राओं को बधाई दी और कहा कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं। इस में साइंस स्ट्रीम में कामाक्षी शर्मा गांव चढ़ियार ने प्रदेशभर में प्रथम स्थान अर्जित किया है। रिदम कटोच भूलाना निवासी ने 8वां जबकि ईशा शर्मा निवासी बही ने 10वां स्थान प्राप्त किया है। ये सभी भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ की छात्राएं हैं। जबकि हिमालयन पब्लिक स्कूल पपरोला की छात्रा शिवांगी शर्मा ने सातवां स्थान हासिल किया है। इस मौके पर भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ के प्रबंध निदेशक नवनीत डोगरा, हिमालयन पब्लिक स्कूल पपरोला के निदेशक राजकुमार सड़ाना व बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** इंदौरा के तोकी में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में बोलीं राज्यसभा सांसद

# घर-घर जाकर बताएं मोदी की नीतियां: इंदु

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**



इंदौरा के गांव तोकी में मंगलवार को आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में उपस्थित राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी व अन्य।

विस क्षेत्र इंदौरा के गांव तोकी में पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने शिरकत की उनके साथ लोकसभा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज और इंदौरा की पूर्व विधायक रीता धीमान विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस दौरान लोकसभा चुनावों को लेकर विशेष रणनीति पर मंथन किया गया।

सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि पहुंची राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया की समय आ गया है जब भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर भाजपा का झंडा एक बार फिर पूरे देश में लहराना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अपने गांव के घर-घर जाकर मोदी की नीतियों के बारे जनता को जागरूक करने की बात कही और भाजपा हित में मतदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कई वर्षों तक भारत में राज किया और देश को भूख, मंहगाई और भ्रष्टाचार की तरफ धकेला है। भारत आज बुलंदियों को छू रहा है और यह सब सिर्फ मोदी राज में हो रहा है। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है।

कांग्रेस ने भारत को सिर्फ अंधकार के गर्त में धकेला है। रोज बड़े-बड़े घोटाले और भ्रष्टाचार आए दिन देखने को मिलते थे, लेकिन मोदी राज के पिछले दस वर्षों के कार्यकाल में देश ने पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने भाजपा हित में मतदान करने की लोगों से अपील की।



# धर्मशाला में जून माह के अंत में होगी अग्निवीर भर्ती रैली : डीसी

## अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान उपायुक्त हेमराज बैरवा ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि जून माह के अंतिम सप्ताह के मंगलवार को भारतीय थल सेना की अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। यह जानकारी उपायुक्त ने मंगलवार को यहां अधिकारियों के साथ अग्निवीर भर्ती के आयोजन बारे आयोजित बैठक में दी। उन्होंने बताया यह भर्ती जून माह के अंत में साईं सिंथेटिक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स धर्मशाला में आयोजित होगी।

बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। सेना की इस भर्ती में लगभग छह हजार प्रतिभागियों के आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इस भर्ती के लिए एसडीएम नोडल अधिकारी और तहसीलदार मजिस्ट्रेट अधिकारी नियुक्त रहेंगे।

उन्होंने अभ्यर्थियों के ठहरने के लिए उचित प्रावधान करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठहरने के प्रबंधों बारे विस्तृत प्रचार किया जाए ताकि अभ्यर्थियों को इसकी जानकारी मिल सके। उन्होंने किसी भी तरह की अप्रिय घटना से निपटने के लिए फायर टीम को तैयार रहने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने भर्ती के दौरान अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पानी की उचित व्यवस्था, बसों की सुविधा, वाहन पार्किंग की सुविधा दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा समय पर दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बैठक में बिजली, पानी, स्वास्थ्य, इंटरनेट, सफाई व्यवस्था के कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। भर्ती के प्रचार के कार्य को पूरा करने के लिए उन्होंने जिला लोक संपर्क अधिकारी को निर्देश दिए। भर्ती में अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र की जांच के लिए उन्होंने नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए।



अग्निवीर भर्ती के आयोजन बारे आयोजित बैठक में मौजूद डीसी हेमराज बैरवा व अन्य।

### सभी विभागों से मांगा सहयोग

उपायुक्त ने कहा कि सेना देश की शान है। सेना सीमाओं पर पहरा देती है तभी हम सभी अपने घर में चैन की नींद सोते हैं। सेना की इस अग्निवीर भर्ती का सफल आयोजन करवाना हम सभी का दायित्व है इसके लिए सभी विभाग अपना-अपना सहयोग देना सुनिश्चित करें।

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में उपायुक्त कांगड़ा सहित कर्नल मुनीश शर्मा भर्ती निदेशक, एडीसी सौरभ जस्सल, ऐसी टू डीसी सुभाष गौतम, एसडीएम संजीव भोट, खेल अधिकारी सन्नी कुमार, कमांडेंट होमगार्ड विपन कुमार, अजय कुमार, मोहिंद्र सिंह, मंजू महाजन, सुरिंद्र कटोच, सुधीर भाटिया और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## इंडो इंटरनेशनल एजुकेशन फेयर 11 मई से

**धर्मशाला।** न्यूअस धर्मशाला की ओर से 11 और 12 मई को इंडो इंटरनेशनल एजुकेशन फेयर आयोजित किया जाएगा। यह फेयर जिला मुख्यालय धर्मशाला के ठीक साथ लगते हेरिटेज बैंक्वट हॉल नरवाणा धर्मशाला में किया जाएगा। भारतीय और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि एक ही स्थान पर होंगे। न्यूयूएस के डायरेक्टर दिनेश शर्मा ने धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि इस इंडो इंटरनेशनल एजुकेशन फेयर में 15 से 20 विदेशी विश्वविद्यालय और 10 भारतीय विश्वविद्यालय और पांच कॉलेज शामिल होंगे। इसमें बच्चों को आगामी फील्ड के बारे में सही जानकारी मिल पाएगी। जिसमें आर्टिफिशियल इंटलीजेंस, साइबर, डाटा सहित कई नई तरह के कोर्स व स्किल सीखने की जरूरत आज के समय में है। राष्ट्रीय बैंकों को इस एजुकेशन फेयर में भाग लेने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

### टांडा अस्पताल के नए चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अशोक वर्मा ने गिनाए काम

# जिस ओपीडी में होगा मरीज वहीं पर जीरो बिल के भुगतान का होगा प्रयास

**आशीष दमीर, टांडा**

डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में नए चिकित्सा अधीक्षक की नियुक्ति हुई है। नए चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अशोक वर्मा ने मंगलवार को पदभार संभाल लिया। अशोक वर्मा जो कि मूल रूप से शिमला के रहने वाले है व वर्ष 2000 से ही टांडा अस्पताल में गायनी हैड के तौर अपनी सेवाएं दे रहे थे।

एक विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता यही होगी कि यहां आने वाले रोगियों को वे तमाम सुविधाएं मिले जो उन्हे मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके प्रयास रहेंगे कि यहां पर भी पर्ची बनवाने के लिए टोकन सुविधा हो जिसे यहां लोगों को लाइनों में लगने की आवश्कता न पड़े। उन्होंने कहा कि ओपीडी भी रोजाना चेक होगी व समय पर सभी डॉक्टरों को ओपीडी में पहुंचने के निर्देश तुरंत प्रभाव से जारी किए गए है।

डॉ. वर्मा ने कहा कि जिन लोगों को जीरो बिल कटवाने के लिए घंटो लाइनों में खड़ा रह कर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है इस कारण उनका बहुमूल्य समय बर्बाद होता है, उसके लिए यह प्रयास किए जाएंगे कि जिस भी ओपीडी में मरीज होगा वहीं पर इसे जीरो बिल का भुगतान किया जाए। गौरतलब है कि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा के पूर्व चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मोहन सिंह सेवानिवृत्त हो गए हैं और उनकी सेवानिवृत्ति के बाद नए चिकित्सा अधीक्षक की तैनाती की गई है। (अनंत ज्ञान)

### सेल्फ बिलों के भुगतान की होगी व्यवस्था : डॉ. अशोक



डॉ. अशोक वर्मा ने कहा कि यहां पर सेल्फ बिलों के भुगतान की भी व्यवस्था होगी, जैसे कि आईजीएमसी शिमला में भी है। इस पर भी कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल में दाखिल मरीज से मिलने के लिए आने वाले उनके परिजनों के लिए पास भी अनिवार्य किए जाएंगे। नवनियुक्त चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि ऐसी व्यवस्थाओं के शुरू होने पर पर्ची बनवाने से लेकर डिस्पेंसरी व टेस्टों के लिए भी लोगों को लाइनों में लगकर घंटों इंतजार नहीं करना होगा।

# रेलवे स्टेशन पुल बाईपास में लगा जाम

## घंटों जाम में फंसी रहीं गाड़ियां, यात्रियों को करना पड़ा परेशानियों का सामना

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

कांगड़ा शहर के रेलवे स्टेशन पुल के पास बाईपास पर चल रहे फोरलेन निर्माण कार्य के चलते यहां पर एक ट्रक के खराब होने पर उसे निकालने वाली मशीनरी के खराब होने से घंटों लंबा जाम लगा रहा। जाम लगने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उक्त जाम मुख्य चौक जहां से टांडा, कांगड़ा व शिमला की ओर से रास्ता जाता है, इस रास्ते पर जहां लोगों की गाड़ियां घंटो तक जाम में फंसी रही वहीं कई बसों के रूट भी लेट हो गए। यहां पर कार्य कर रहे कर्मचारियों द्वारा भी इसे खोलने के प्रयास किए गए। हालांकि इस स्थल पर कोई भी पुलिस कर्मी व होमगार्ड कर्मी तैनात नहीं पाया गया। इतना ही नहीं टांडा अस्पताल में भी जाने के लिए कई वाहन इस जाम में फंसे रहे।

यह जाम तीनों ओर से लगा हुआ था। हालांकि खबर लिखे जाने तक जाम की स्थिति जस की तस बनी हुई थी। फोरलेन के कर्मचारी जाम को खुलवाने के प्रयास कर रहे थे।



## न्यूज ब्रीफ

### तरुण शर्मा बने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष



**धर्मशाला।** बार एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष पद पर तरुण शर्मा एक बार फिर काबिज हो गए हैं। मंगलवार को बार एसोसिएशन के चुनाव हुए। अध्यक्ष पद के चुनाव में खड़े तरुण शर्मा नौवीं बार अध्यक्ष बने। तरुण शर्मा ने 16 मतों से कमलेश चौधरी को हराया। उपाध्यक्ष पद का अधिवक्ता भुवनेश चौधरी चुनाव जीते, इन्होंने अजय ठाकुर को हराया। भुवनेश चौधरी को 226 मत मिले जबकि अजय ठाकुर को मात्र 76 मत ही मिल सके। महासचिव पद पर अधिवक्ता सौरभ चौधरी, संयुक्त सचिव पर अधिवक्ता वैभव मनोचा, कोषाध्यक्ष एवं लाइब्रेरियन अमन लाल नियुक्त हुए। धर्मशाला बार एसोसिएशन के मीडिया सलाहकार के रूप में अधिवक्ता विश्व चक्षु नियुक्त हुए। उक्त चुनाव इलेक्शन एडवोकेट कमल शर्मा चेयरमैन बार एसोसिएशन धर्मशाला की अध्यक्षता में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

### मतदान करने के लिए जागरूक किए छात्र

**शाहपुरकंडी।** बच्चों को वोट के महत्व संबंधी जानकारी देने के उद्देश्य से मंगलवार को स्वीप टीम की ओर से दीपक कुमार व संदीप डोगरा तथा प्रिंसिपल रविंद्र कौर की देखरेख में प्रेजेंटेशन पब्लिक स्कूल जुगियाल में बच्चों की स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। इस मौके पर स्वीट टीम के प्रमुख दीपक कुमार व संदीप डोगरा ने बच्चों को बताया कि हमें वोट का सदुपयोग कर सही उम्मीदवार का चयन करना है। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी वोट के महत्व के प्रति जागरूक करें ताकि 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी अपना मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि इस बार जिले भर में वोट डालने की प्रतिशत दर को 70 फीसदी से ऊपर का लक्ष्य लेकर हमें लोगों को जागरूक करना है। इस मौके पर स्कूल की चेयरपर्सन रेनू शर्मा, प्रेसिडेंट दविंद्र पाल शर्मा,वाइस प्रिंसिपल रेणुका त्रिखा सहित अन्य स्टाफ एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## 5,250 एमएल अवैध शराब बरामद

**ज्वालामुखी।** पुलिस थाना ज्वालामुखी के तहत बलारडू में अजय कुमार निवासी खास घल्लौर से 5,250 एमएल अवैध शराब बरामद की गई है। इस संदर्भ में पुलिस ने हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# फास्ट फूड का सेवन मोटापे का कारणः डॉ. अतुल

## इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सौजन्य से धर्मशाला में हुई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

बदलती जीवन शैली में बच्चों में बढ़ते मोटापे को लेकर धर्मशाला में चिकित्सकों द्वारा मंथन किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर अतुल गुप्ता ने कहा कि आज के दौर में कम शारीरिक गतिविधियों के चलते तथा बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से बच्चों में मोटापा एक आम समस्या बनती जा रही है। यह समस्या बच्चों के लिए बहुत घातक साबित हो सकती है। मोटापे के कारण बच्चों में लीवर संबंधित बीमारियां, उच्च रक्तचाप तथा डायबिटीज की समस्या सहित अन्य बीमारियां घर कर सकती हैं। किसी को ध्यान में रखते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन धर्मशाला में किया गया है, जिसमें विभिन्न चिकित्सकों को इस बीमारी के डायग्नोसिस तथा निदान हेतु जागरूकता शिविर लगाया गया। जागरूकता शिविर में तकरीबन 40 से 45 चिकित्सकों ने भाग लिया तथा अपने विचार रखें। डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि वह चाहते हैं कि हिमाचल के बच्चे मोटापे की बीमारी से दूर रहे, इसलिए अभिभावकों से अपील करते हैं कि बच्चों को ज्यादा से ज्यादा आउटडोर एक्टिविटी में शामिल करवा कर तथा बच्चों को फास्ट फूड से दूर रखकर इस मिशन को कामयाब बनाएं। बच्चों को भी मोटापे के बारे में जागरूक करना चाहिए ताकि वह कम से कम फास्ट फूड का सेवन करें। मोटापे से ग्रसित बच्चों की भी काउंसलिंग उनका लक्ष्य है ताकि उन्हें किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।




बच्चों में बढ़ती बीमारियों को लेकर मंगलवार को धर्मशाला में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित डॉक्टर्स।

# गैंग लीडर से पूछताछ के लिए धर्मशाला पहुंची उत्तराखंड पुलिस

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

शहर के कोतवाली बाजार में मोबाइल स्टोर में हुई लाखों की चोरी के मामले में धर्मशाला पुलिस की ओर से गिरफ्तार इनामी सरगना से उत्तराखंड से पहुंची पुलिस ने सोमवार को पूछताछ की। यह सरगना उत्तराखंड के हरिद्वार में 30 से 35 लाख रुपए की चोरी की घटना में वांछित है।

इस गिरोह ने इस चोरी की घटना को मोबाइल शॉप में अंजाम दिया था। 38 साल के राजूदास पुत्र मुसाफिर निवासी घोड़ासहन को एएसआई विजय सिंह की अगुवाई में पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर धर्मशाला पहुंचाया था। इस मामले में गिरफ्तार चोर को धर्मशाला की अदालत ने चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। बताते चलें कि भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बसे कुख्यात घोड़ासहन गांव से इस आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं उत्तराखंड पुलिस में दर्ज एक मामले में इस चोर पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि चोरी के एक पुराने मामले में पूछताछ करने के लिए उत्तराखंड से पहुंची पुलिस चोर से पूछताछ कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# गुरविंदर मिस्टर, शगुन मिस फेयरवेल बनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

लॉरेट फार्मेसी संस्थान के अंतिम वर्ष के स्नातक तथा स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं के लिए मंगलवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें संस्थान प्रशासन की ओर से जूनियर छात्रों ने अपने सीनियरों को विदाई दी। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि लॉरेट शिक्षण संस्थान के प्रबंधक एवं निदेशक डॉ. रण सिंह रहे।

संस्थान के प्राचार्य एवं निदेशक डॉ. एमएस आशावत ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. एमएस आशावत ने कहा कि कॉलेज में बिताए गए ये दिन प्रत्येक मानव के जीवन में विशेष महत्व रखते हैं। इस समय की मित्रता, अध्ययनशीलता एवं विभिन्न विधाओं में प्रतिभा संपन्नता उसके आगामी जीवन की आधारशिला बनती है। इन्हीं पलों को और अधिक स्वर्णिम और यादगार बनाने के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यदि किसी मार्गदर्शन की आवश्यकता हो तो उसके लिए तत्पर रहेंगे। विदाई पार्टी में छात्राओं ने कैटवॉक, नृत्य, गायन के माध्यम से आनंद लिया। प्रो. एचओडी डॉ. विनय पंडित एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिसर प्रो. डॉ. सीपीएस वर्मा ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। फेयरवेल पार्टी के दौरान जज के रूप में सहायक प्रो. देव राज, डॉ. स्वाति एवं सहायक प्रो. प्रतिभा सिंह ने भूमिका निभाई। एम फार्मा से मिस्टर फेयरवेल गुरविंदर सिंह, मिस्टर पर्सनेलिटी प्रिंकल भारद्वाज, मिस फेयरवेल शगुन ठाकुर व मिस पर्सनेलिटी शगुन शर्मा रही।

बी फार्मा से मिस्टर फेयरवेल अभिषेक, मिस्टर पर्सनेलिटी मिस्टर प्रियांशु परिहार, मिस फेयरवेल दीपांशी व मिस पेर्सनेलिटी यामिनी गुलेरिया रही। डी फार्मा से मिस्टर फेयरवेल मिस्टर सुमित, मिस्टर पर्सनेलिटी मिस्टर अभय, मिस फेयरवेल मुस्कान व मिस पर्सनेलिटी पलक रही।

इस अवसर पर डॉ. परवीन, डॉ.रितेश राणा, एसोसिएट प्रो. शिव कुमार खुशवा, एसोसिएट प्रो. निशांत गौतम, सह प्रो. अजय, सह प्रो. अर्चना, सह प्रो. शविंदर मौजूद रहे।




लॉरेट फार्मेसी संस्थान में फेयरवेल पार्टी के दौरान छात्र अध्यापकों के साथ।

## मूंढी स्कूल की रिया रही प्रथम

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मूंढी का जमा दो का वार्षिक परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत रहा। इसमें विज्ञान संकाय में रिया 430 अंक हासिल कर प्रथम रही। श्रेया ने 414 अंक हासिल किए जो द्वितीय स्थान पर रही,अंशिका ने 409 अंक हासिल करके तृतीय स्थान हासिल किया। कॉमर्स संकाय में सागर ने 357 अंक हासिल कर प्रथम स्थान, मुस्कान ने 341 अंक हासिल कर द्वितीय , जबकि सुजल ने 338 अंक हासिल कर तृतीय स्थान पाया। कला संकाय में धीरज ने 393 अंक लेकर प्रथम स्थान, स्नेहा ने 377 अंक लेकर द्वितीय स्थान, जबकि नमनीत ने 345 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किए। प्रधानाचार्य बलवंत राणा ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

# पूर्व प्रधान सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस में हुए शामिल

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

देशभर में हो रहे लोकसभा चुनाव को लेकर सभी सियासी पार्टियों में सरगर्मी बढ़ गई हैं। इस दौरान दल बदल का क्रम भी जारी है। अब इसी कड़ी में शाहपुर में भी भाजपा कार्यकर्ता भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थाम रहे है।

शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया की मौजूदगी में लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा है। मंगलवार को सुनीत कुमार पूर्व प्रधान चड़ी, अनसूचित जाति पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भाजपा डिप्टी रेंजर राम स्वरूप शर्मा, सूबेदार राजकुमार, ओंकार चौधरी, अमर सिंह चौधरी, पूर्व पंचायत सदस्य सवीन चौधरी, पखल सिंह, सूबेदार प्रभात सिंह, अशोक मेहरा, विपन कुमार, कुशल सिंह, रवि कुमार, अनूप कुमार, पहाडू राम, रमेश सिंह इन सभी सदस्यों ने परिवार सहित भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। इस मौके पर विधायक केवल पठानिया ने कहा कि लोग भाजपा की जनविरोधी नीतियों के बारे में जान चुके हैं। भाजपा कार्यकर्ता हताश होकर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। उन्हें कांग्रेस पार्टी की तरफ से पूरा सम्मान दिया जाएगा।



भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए कार्यकर्ता सामूहिक चित्र में।

# पंचायत प्रतिनिधियों ने किया मंडी की पंचायत मुरहग का दौरा

**अनंत ज्ञान, गगल**

जागोरी रुरल चैरिटेबल ट्रस्ट ने कांगड़ा जिले के विकास खंड नगरोटा बगवां, कांगड़ा और रैत से 31 पंचायत प्रतिनिधियों का मंडी जिले की ग्राम पंचायत मुरहग में दो दिवसीय इंटर पंचायत शिक्षण विजिट करवाया गया। जागोरी संस्था के प्रवक्ता आजाद सिंह ने बताया कि इस विजिट का मुख्य उद्देश्य यह था कि पंचायत प्रतिनिधि इस ग्राम पंचायत के विकास के उकृष्ट कार्यों को सीखें और उन्हें अपनी पंचायतों में लागू करें। विजिट के दौरान प्रतिनिधियों ने मंडी जिले के मुरहग पंचायत में मनरेगा पार्क और आदर्श ग्राम खुनगी का दौरा किया। यहां 50 परिवारों के लिए पॉलीहाउस बनाए गए हैं, जिससे वे फूलों की खेती से 4 से 5 लाख रुपए तक कमा रहे हैं। साथ ही मनरेगा पार्क के निर्माण से स्थानीय महिलाएं आजीविका के साधन को प्राप्त कर रही हैं। कांगड़ा जिले के प्रतिनिधियों ने इस विजिट को एक नया अनुभव बताया और कहा कि वे अपनी पंचायतों में ऐसे ही विकासात्मक परियोजनाओं को शुरू करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस विजिट में जागोरी रुरल चेरिटेबल ट्रस्ट से आजाद, निखिल, ममता, पंकज, मंजू और श्रेष्ठा भी शामिल रहे।



ग्राम पंचायत मुरहग के दौरे के दौरान पंचायत प्रतिनिधि सामूहिक चित्र में।

**दंगल** भट्टू भरमाणी मेले के कुश्ती मुकाबले में पालमपुर के विशाल को हराया

# लुधियाना के पहलवान धामा ने जीती बड़ी माली

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

तीन दिनों तक चले भट्टू भरमाणी मेले का समापन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के समाजसेवी उदयवीर राणा ने शिरकत की। राणा ने कहा कि आज की इस भागदौड़ की दुनिया में मेले ही हमारी पुरानी सभ्यता को संजोए हुए हैं ।

गांव के इन छोटे-छोटे मेलों में आज भी अपनेपन तथा भाईचारे की झलक साफ नजर आती है जो लोग अपने गांव से बाहर नौकरी करते हैं वे भी अपने गांव के मेले में आना जरूर पसंद करते हैं ताकि गांव के लोगों से तालमेल बना रहे। उदयवीर ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि इन मेलों के उत्थान के लिए हमें कोशिश करते रहना चाहिए।

मेले के तीन दिनों के दौरान खेलकूद प्रतियोगिताएं मटका फोड़ , वॉलीबाल और कुश्ती आदि का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेले का मुख्य आकर्षण कुश्ती रही जिसमें बहुत ज्यादा पहलवान हिमाचल के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों पंजाब, हरियाणा, यूपी तथा दिल्ली से भी आए हुए थे। जिसमें छोटी कुश्ती महिला पहलवान मिस कृतिका हमीरपुर ने अभिनंदन भट्टू को पराजित कर अपने नाम की। बड़ी माली धामा लुधियाना ने विशाल पालमपुर को चित करके अपने नाम की। मुख्य अतिथि ने पहलवानों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। मेला कमेटी के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल, टोपी देकर सम्मानित किया गया।

### मुख्यातिथि ने पहलवानों को किया सम्मानित

मुख्य अतिथि ने मेला कमेटी को 21000 रुपए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 2100 रुपए भेंट किए। उन्होंने आने वाले समय में इस मेले की तरक्की की कामना की। छोटी माली अरुण शर्मा परिवार की तरफ से दी गई। इस मौके पर मेला कमेटी के प्रधान हाकम चंद, भट्टू के पूर्व प्रधान सुरेंद्र कपूर, पप्पू भंडारी, सचिन भरमोरी, बिशन दास, सुभाष चंद्र, उज्जवल परिहार, अरुण शर्मा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



भट्टू भरमाणी मेले के समापन अवसर पर मौजूद मुख्यातिथि व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### 10 मई को भी दाखिल कर सकेंगे नामांकन पत्र

**हमीरपुर।** जिलाधीश अमरजीत सिंह ने लोकसभा आम चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 7 से 14 मई तक होगी। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार 11 और 12 मई को सार्वजनिक अवकाश के कारण नामांकन पत्र दाखिल एवं स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10 मई को प्रदेश में राजपत्रित अवकाश है, लेकिन यह अवकाश नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 के तहत नहीं है। इसलिए, 10 मई को नामांकन पत्र दाखिल एवं स्वीकार किए जाएंगे।

### स्टूडेंट्स को वितरित की शिक्षण सामग्री



**सुजानपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाहडू में स्कूल प्रबंधन द्वारा विश्व मानव रूहानी केंद्र के परम संत बलजीत सिंह महाराज नवां नगर पंचकूला हरियाणा की ओर से भेंट की गई शिक्षण सामग्री जैसे स्कूल बैग जूते और स्टेशनरी का सामान बच्चों में बांटा गया।

### फसल को हुए नुकसान का मिले मुआवजा

**नादौन।** नादौन उपमंडल के रंगस क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में इस बार गेहूं की बंपर फसल थी लेकिन फसल की कटाई के बाद हुई बारिश ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया है। बारिश से गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। किसान नेता विजय अतुल, प्रताप सिंह, राज कुमार, मनीषा, राजेश, सविता देवी, सरोज ने सरकार से आग्रह किया है कि किसानों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए।



किसानों के खेतों में पड़ी कटी हुई फसल

### नादौन के समाजसेवी अजय सेठी को मिला सम्मान



**नादौन।** शहर के समाजसेवी, प्रतिष्ठित व्यापारी और धर्मवीर ज्वैलर के मालिक अजय सेठी को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला द्वारा समाजसेवा व व्यापार के क्षेत्र में अच्छी सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें शिमला में आयोजित एक संस्था के कार्यक्रम में दिया गया है। इस अवसर पर अजय सेठी की पत्नी निशा सेठी भी उपस्थित रहीं।

# पैदल जंगली गांव पहुंचे सुक्खू, लोगों से ली सरकारी योजनाओं की फीडबैक

अनंत ज्ञान, नादौन

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंगलवार को नादौन के गौना में पहुंचे, जहां लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उसके बाद मुख्यमंत्री हेलिपैड से पैदल साथ लगते गांव जंगली में गए।

ज्यों ही लोगों को पता चला कि मुख्यमंत्री उनके गांव में पैदल आ रहे हैं तो लोग उनके स्वागत के लिए रास्ते पर आ गए। लोगों ने उनका काफी गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया। इस दौरान सुक्खू ने गांव वासियों की समस्याएं भी सुनी तथा समस्याओं का शीघ्र समाधान किए जाने का भी आश्वासन दिया।

महिलाओं ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया और खुशी प्रकट करते हुए कहा कि अब तो इस योजना का लाभ नादौन की महिलाओं को भी मिलना शुरू हो गया है। इससे महिलाओं को काफी राहत मिलेगी। इस दौरान आज कई बुजुर्ग भी मुख्यमंत्री से मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुजुर्ग तो हमारी शान हैं। इनके आशीर्वाद से ही तरक्की के रास्ते प्रसस्त होते हैं।



एक बुजुर्ग से मिलते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, साथ हैं अन्य।

# सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस का जनरल हाउस आज, तैयार होगी चुनावी रणनीति

**अनीस अहमद, सुरेश कुमार, चंद्रशेखर, सुनील शर्मा सहित बड़े नेता करेंगे शिरकत**

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

सुजानपुर उपचुनाव को लेकर बुधवार को 10:30 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का जनरल हाउस बुलाया गया है। जनरल हाउस में चुनावी रणनीति पर मुकम्मल तौर पर चर्चा होगी। बूथ स्तर के नेताओं को टिप्स दिए जाएंगे, उनसे मौजूदा हालात की फीडबैक भी ली जाएगी।

काबिले गौर है कि प्रत्याशी के ऐलान को लेकर सुजानपुर में इस बार कांग्रेस ने जो तुरुप चाल कैप्टन रणजीत की उम्मीदवारी के रूप में चली है, इसका लेखा-जोखा भी इसी जनरल हाउस में लिया जाएगा।

कारण यह है कि कैप्टन रणजीत मूल रूप से भाजपा के काडर से कांग्रेस में चुनाव लड़ने के लिए लाए गए हैं। इसलिए कार्यकर्ताओं से रू-ब-रू करके चुनावी माहौल तैयार करने के लिए इस जनरल हाउस को महत्वपूर्ण बनाया जा रहा है। इस जनरल हाउस में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनीस अहमद, विधायक सुरेश कुमार, सुजानपुर के प्रभारी विधायक चंद्रशेखर, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू, नरेश ठाकुर, अरुण ठाकुर और ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा भी मौजूद रहेंगे। ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा का कहना है कि इसमें मीडिया को नहीं बुलाया गया है। यह पार्टी की इंटरनल बैठक होगी। (अनंत ज्ञान)

### प्रतिष्ठा का सवाल है सुजानपुर

**सुजानपुर** विधानसभा क्षेत्र प्रदेश सरकार के लिए सबसे ज्यादा प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। इसीलिए पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार रहे कैप्टन रणजीत सिंह राणा को इंपोर्ट करके उम्मीदवार बनाया गया है। पिछले चुनाव में कैप्टन रणजीत सिंह राणा, राजेंद्र राणा से महज 399 मतों से चुनाव हारे थे। क्या इस बार भाजपा के काडर में सेंधमारी हो पाएगी। यही असल में 'यक्ष' प्रश्न है, जिसका चुनाव के दौरान प्रभाव देखा जाएगा।

# लाहौल के बाद नादौन में महिलाओं को मिलने शुरू हुए 1500 रुपए

अनंत ज्ञान, नादौन

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए शुरू की गई इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि का लाभ लौहल स्पीति के बाद नादौन में भी मिलना शुरू हो गया है, जिससे महिलाओं में खुशी का महौल है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद व कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के डायरेक्टर मोती जोशी, नगर पंचायत नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि जो महिलाएं साढ़े 1100 रुपएसामाजिक सुरक्षा पेंशन ले रही हैं उन महिलाओं के खाते में 1500 रुपए आए गए हैं, जिससे उनमें खुशी का महौल है। नादौन विधानसभा क्षेत्र की बड़ा पंचायत के गांव जोल की कांता देवी पत्नी रमेश चंद, राजकुमारी पत्नी रोशन लाल और सरूंह गांव की ऊर्मिला देवी पत्नी किशन चंद इस योजना की लाभार्थी बन गई हैं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया है।



सुख सम्मान निधि योजना शुरू करने के लिए सीएम का धन्यवाद करतीं महिलाएं।

# बेहतर काम करने वाले हमीरपुर डिपो के कर्मचारी सम्मानित

## कैश प्राइज व प्रशस्ति पत्र देकर नवाजे



एचआरटीसी डीडीएम कार्यालय हमीरपुर में कर्मचारियों को सम्मानित करते उपमंडलीय प्रबंधक राजकुमार पाठक।

रवि ठाकुर, हमीरपुर

हमीरपुर डिपो के एचआरटीसी डीडीएम कार्यालय हमीरपुर में मंगलवार को तीन कंडक्टर, तीन ड्राइवर और दो वर्कशॉप स्टाफ को कैश प्राइज व प्रशस्ति पत्र देकर स मानित किया गया है। डिपो में बेहतर काम करने वाले कर्मचारियों को नवाजा गया है।

कंडक्टरों में अनिल कुमार फोर्थ, नरोत्तम दंत, रिंपी, ड्राइवरों में वरिंद्र सिंह, पप्पू राम व राकेश चंद, वर्कशॉप स्टाफ में फीटर अशोक कुमार, जेटी सिद्धार्थ को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। इसके अलावा हमीरपुर से कक्कड़ रूट के ड्राइवर राकेश कुमार व कंडक्टर राजकुमार को सफर के दौर महिला यात्री को समय पर अस्पताल पहुंचने और हमीरपुर से जाहू रूट के ड्राइवर पवन कुमार व कंडक्टर सुरेश कुमार को पुरुष यात्री को समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए सम्मानित किया गया है।

पाठक ने सम्मानित कर्मचारियों को 500 रुपए कैश प्राइज और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी डिपो के कर्मचारियों को इसी तरह सम्मानित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### तकनीकी विश्वविद्यालय ने फिर खोला एचपीसी ईटी पोर्टल

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2024 (एचपीसीईटी) के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का पोर्टल एक बार फिर खोला है। पात्र अभ्यर्थी पहली मई सायं पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। तकनीकी विवि की प्रवेश परीक्षा 10 मई को ही होगी। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि अभी तक एचपीसीईटी के लिए लगभग 8500 से अधिक आवेदन आए हैं। जमा दो कक्षा का परिणाम आने के चलते अभ्यर्थियों को एक दिन का मौका आवेदन करने के लिए दिया है। प्रवेश परीक्षा संबंधित जानकारी के लिए अभ्यर्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर सूचना विवरणिका देख सकते हैं। इस बार प्रवेश परीक्षा के लिए प्रदेश में चंबा, धर्मशाला, पालमपुर, नूरपुर, मंडी, कुल्लू, बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, सोलन, शिमला, सिरमौर जिला में परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

### 10 मई तक बिजली बिल जमा करवाए तो कटेंगे कनेक्शन

**बिझड़ी।** विद्युत उपमंडल बिझड़ी कोटला के अधीन समस्त विद्युत उपभोक्ता को सूचित किया जाता है कि बिना विलंब बिजली के बिल 10 मई तक जमा करवा दें अन्यथा कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए सहायक अभियंता विद्युत ई. रमेश चंद ने बताया कि बिजली बिलों का भुगतान न होने पर 10 मई के बाद बिना सूचना दिए विद्युत कनेक्शन काट दिए जाएंगे। इस वक्त तक उपभोक्ताओं के पास 31 लाख 6 हजार व 621 रुपए बकाया राशि है, जिसमें घरेलू उपभोक्ता के पास 5 लाख 72 हजार 618 रुपए। इसी प्रकार व्यावसायिक उपभोक्ता के पास 5 लाख 16 हजार 756 रुपए बकाया राशि है।

# 12वीं रिजल्ट: तनु ने मेरिट लिस्ट में पाया चौथा स्थान

## आईपीएस अधिकारी बनना सपना, पिता करते हैं दुकान में काम

अनंत ज्ञान, नादौन

सीनियर सेकेंडरी स्कूल सनाही की गरीब परिवार से संबंध रखने वाली तनु कुमारी ने हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड के जमा दो कक्षा के आर्ट्स संकाय में मेरिट सूची में चौथा स्थान हासिल कर अपने माता पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। उसने 500 में से 484 अंक प्राप्त किए हैं। तनु के पिता सुनील कुमार मकैनिक की दुकान पर कार्य करते हैं, जबकि माता मीरा देवी गृहिणी हैं। स्कूल के वाइस प्रिंसिपल डॉ. बलवंत शर्मा व एसएमसी प्रधान सुरजीत ठाकुर ने तनु का मुंह मीठा करवाया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तनु आईपीएस अधिकारी बनना चाहती है।



तनु को मेरिट में आने पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते गणमान्य।

### तमन्ना ने टॉप टेन में बनाई जगह

**नादौन।** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मझीण की छात्रा तमन्ना ने हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड के जमा दो कक्षा के आर्ट्स संकाय के वार्षिक परिणाम में टॉप टेन में जगह बनाई है। उसने 500 में से 478 अंक हासिल किए हैं। मंगलवार को तमन्ना जब अपनी मां के साथ मझीण स्कूल पहुंची तो स्टाफ व स्कूल के बच्चों ने उसका फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। स्कूल के प्रिंसिपल सुरेश ठाकुर ने इस उपलब्धि के लिए तमन्ना का मुंह मीठा करवाया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तमन्ना का कहना है कि वह बीए करने के बाद भारतीय सेना भर्ती होकर देश की सेवा करना चाहती है।



तमन्ना को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रिंसिपल।

### बड़ा स्कूल के मेधावी सम्मानित

**बड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 10+2 का परिणाम घोषित करने पर मंगलवार को उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीसे विद्यालय बड़ा में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में 10+2 के परीक्षा परिणाम तीनों संकायों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आए बच्चों को स्कूल प्रिंसिपल अंजना कौंडल द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि इस बार उनके स्कूल का 10+2 का ओवर आल परिणाम 90 प्रतिशत से ऊपर रहा।



मेधावी विद्यार्थी स्कूल प्रशासन के साथ सामूहिक चित्र में।

### अक्षिता ने 442 अंक लेकर स्कूल में झटका पहला स्थान

**टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला उत्कृष्ट टौणी देवी का बोर्ड परीक्षा 2024 का वार्षिक परिणाम 92.4 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में इस वर्ष 66 में से 61 बच्चे उत्तीर्ण हुए। विज्ञान संकाय की छात्रा अक्षिता ठाकुर ने 442 अंक अर्जित कर संकाय के साथ-साथ पूरे स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। आयुष चौहान 420 अंकों के साथ द्वितीय, जबकि शिवाली 410 अंकों के साथ तृतीय रहीं वाणिज्य संकाय में सारिका 368 अंकों के साथ प्रथम, शिखा 359 अंकों के साथ द्वितीय, काजल 333 अंकों के साथ तृतीय, जबकि कला संकाय में शिवानी 419 अंक लेकर प्रथम, सानिया और अरमान 418 अंक लेकर द्वितीय, जबकि अंजलि 406 अंकों के साथ तृतीय रही।

### साइंस संकाय में अदिति 453 अंक लेकर प्रथम

**जाहू।** 12वीं के परीक्षा परिणाम में साईं विजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी के सभी स्टूडेंट्स प्रथम श्रेणी में पास हुए। इसमें साइंस संकाय में अदिति चौधरी ने 453 अंक लेकर प्रथम स्थान, आयुष शर्मा ने 451 अंक लेकर द्वितीय स्थान व आकृति चौहान ने 449 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। इसमें दीपक कुमार प्रथम, आदर्श भरवाल द्वितीय और नीतीश कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को इसके लिए बधाई दी।

### खुशी स्कूल में प्रथम

**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी का प्लस टू विज्ञान संकाय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के 90 प्रतिशत छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता व स्कूल के सभी अध्यापकों का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रिंसिपल आरती कटोच ने बताया खुशी ठाकुर ने 500 में से 450 अंक लेकर पहले, जबकि पलक शर्मा 432 अंक लेकर दूसरे तथा अदिति 426 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही।

# अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में महिलाएं घरों में उगा रहीं मशरूम

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की अलग पहचान है, लेकिन अब इन पहाड़ों में एक नई बदलाव और आत्मनिर्भरता की कहानी लिखी जा रही है। हमीरपुर की 141 महिलाएं, जिन्हें सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में अपने घरों में ही धनकुबेर उगाने का हुनर सिखाया जा रहा है। ये महिलाएं अब औषधीय मशरूम की खेती कर रहीं जो न सिर्फ उनकी आर्थिकी को मजबूत करेगा, बल्कि पहाड़ों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लाएगा।

इस औषधीय मशरूम की खेती के माध्यम से हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र की महिलाओं ने कुल लाखों की कमाई की। अब स्वयं सहायता समूह की ये महिलाएं मार्गदर्शन व उन्हें अपने उत्पाद को बेचने के लिए बाजार से जोड़ने के लिए सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त कर रही हैं। सामाजिक संगठनों के सहयोग से चलाए जा रहे कार्यक्रम में महिलाओं को गनेडोर्मा और शिताके नामक औषधीय मशरूम उगाने का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान इन मशरूमों के औषधीय गुणों, बाजार में उनकी मांग और खेती के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। खास बात यह है कि प्रशिक्षण ही नहीं बल्कि मशरूम की खेती शुरू करने के लिए जरूरी सभी चीजें भी महिलाओं को निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। मशरूम उगाने के लिए उपयुक्त बैग्स उन्हें टांगने के लिए शेल्फ और अन्य उपकरणों के साथ ही मशरूम के बीज भी महिलाओं तक पहुंचाए जा रहे हैं। यही नहीं तैयार मशरूम को बेचने में भी उनकी मदद की जाएगी।

महिलाओं के अधिक सहयोग के लिए यह भी सुनिश्चित किया गया है कि मशरूम सीधे उनके घरों से ही खरीद लिया जाएगा। औषधीय मशरूम की बाजार दर लगभग 1000 रुपए प्रति किलो प्राप्त हो रही है, जिससे महिलाओं को अच्छी कमाई हो रही है।



एक कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को संबोधित करती वक्ता।

### पारुल यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स को देगी 25 फसदी स्कॉलरशिप

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में बहुत आगे हैं इन्हें आर्थिक समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए पारुल यूनिवर्सिटी ने यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने पर बच्चों को कोर्स पूरा होने तक 25 फीसदी स्कॉलरशिप दी जाएगी। यह बात यूनिवर्सिटी के नॉर्थ इंडिया हेड देवेंद्र ठुकराल ने पत्रकार वार्ता में कही। इस अवसर पर हिमाचल हेड सुभाष चंदेल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पहली बार यहां किसी भी कोर्स में एडमिशन लेने पर बच्चों को यह सुविधा दी जाएगी। बहुत जल्द नॉर्थ इंडिया का कैंपस शुरू हो जाएगा, ताकि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और दूसरे प्रदेशों के बच्चों को नजदीक ही यहां सुविधा प्रदान की जा सके।

### घर से मतदान के लिए 12 मई से पहले भरें फार्म : डीसी

**हमीरपुर।** हमीरपुर डीसी अमरजीत सिंह ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग ता वाले मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग ने घर से मतदान करने का विकल्प भी दिया है। अगर ये मतदाता आगामी लोकसभा आम चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में मतदान केंद्रों पर जाने के बजाय घर से ही मतदान करना चाहते हैं तो वे 12 मई से पहले ही 12-डी फार्म भर दें। 12 मई के बाद 12-डी फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। डीसी ने पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की कुल संख्या 5956 है। जिला में दिव्यांग मतदाताओं की कुल संख्या 4622 है। इनमें 2984 पुरुष और 1638 महिलाएं हैं। ये मतदाता घर से मतदान की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इनके अलावा आवश्यक सेवाओं में तैनात अधिकारी-कर्मचारी भी 12-डी फार्म भरकर इसे अपने विभाग के नोडल अधिकारी से सत्यापित करवाकर 12 मई तक अपने विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी या सहायक निर्वाचन अधिकारी के पास पहुंचाएं।



# रैत में आयोजित खेल मेला संपन्न, 200 मीटर दौड़ में कोटला स्कूल की सेहनाज प्रथम

अनंत ज्ञान, शाहपुर

शाहपुर पुलिस द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैत में आयोजित दो दिवसीय खेल मेला मंगलवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर उपमंडल अधिकारी शाहपुर करतार चंद ने शिरकत की। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

थाना प्रभारी शाहपुर सुरजीत राणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री के निर्देशानुसार इस खेल मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 16 स्कूलों के 250 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान लड़कों के बैडमिंटन मुकाबले में भटेड़ स्कूल ने जीत हासिल की और सिहवां स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। वहीं लड़कियों के बैडमिंटन मुकाबले में घरोह स्कूल ने जीत हासिल की और रावमावि कल्याड़ा दूसरे स्थान पर रहा। लड़कियों की 200 मीटर दौड़ में रावमावि कोटला की सेहनाज पहले स्थान पर रही और रावमावि रेहलू की प्रिया दूसरे स्थान पर तथा रावमावि कोटला की अकशाना तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह लड़कों की हाफ मैराथन में रावमावि रैत का आर्यन प्रथम रहा और दूसरे नंबर पर रावमावि दरगेला का कुनाल रहा जबकि रावमावि घरोह का सचिन तीसरे स्थान पर रहा। लड़कियों के वॉलीबाल मुकाबले में रावमावि रैत पहले स्थान पर और रावमावि दरगेला दूसरे स्थान पर रहा।

इसी तरह लड़कों के वॉलीबाल में रावमावि रैत प्रथम रावमावि राजोल दूसरे स्थान पर रहा। लड़को के कबड्डी मुकाबले में रावमावि हारचक्कियां प्रथम और रावमावि रैत दूसरे स्थान पर रहा। लड़कियों के कबड्डी मुकाबले में रावमावि कल्याड़ा प्रथम और रैत स्कूल दूसरे स्थान पर रहा।



खिलाड़ियों से रू-ब-रू होते उपमंडल अधिकारी शाहपुर करतार चंद, साथ हैं अन्य।

**चुनाव** खाद्य आपूर्ति विभाग घर-घर पहुंचाएगा मतदान का संदेश

# डीसी ने किया मतदान पंफलेट का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरुकता कार्यक्रम 'स्वीप' के तहत आम मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने तथा आगामी चुनावों में मतदान की प्रतिशतता में वृद्धि करने के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग भी सराहनीय योगदान दे रहा है।

जिले में 6 अप्रैल को रसोई गैस सिलेंडरों पर स्टिकर्स के माध्यम से मतदान का संदेश घर-घर पहुंचाने का अभियान शुरू किया था और इसी कड़ी में अब जिले में राशन गोदामों, उचित मूल्य की सभी दुकानों, गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं को पंफलेटों के माध्यम से भी मतदान के महत्व से अवगत करवाया जाएगा। मंगलवार को जिला उपायुक्त अमरजीत सिंह ने इस पंफलेट वितरण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि जिले भर में उचित मूल्य की सभी 310 दुकानों, 50 पैट्रोल पंपों और 10 गैस एजेंसियों के माध्यम से ये पंफलेट उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जाएंगे।

इन पंफलेटों में मतदाता जागरुकता से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं और सभी मतदाताओं से लोकसभा चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई है।

इस अवसर पर एडीसी मनेश यादव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक अरविंद शर्मा, निर्वाचन विभाग के तहसीलदार उपेंद्रनाथ शुक्ला और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



पंफलेट वितरण अभियान का शुभारंभ करते जिला उपायुक्त अमरजीत सिंह, साथ हैं अन्य।

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार भू-व्यवस्था वृत्त बिझड़, तहसील ढटवाल (बिझड़ी) जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

मुकद्दमा नं. 13/2023
तारीख दायर 10/03/2023
आगामी तारीख पेशी 17/05/2024

**उनवान- तकसीम हुकमन।**

1. चैन सिंह पुत्र साधू राम, 2. अभय कुमार उपनाम बक्शी सिंह निवासीगण महाल दख्योड़ा तप्पा व तहसील ढटवाल, जिला हमीरपुर, हि.प्र.।

**वनाम**

1. नरिन्द्र सिंह, 2. रणवीर सिंह पुत्रगण भगवान सिंह, 3. चन्द्रकान्ता पुत्री भगवान सिंह, 4. शान्ति देवी, 5. गीता देवी प्रमिला देवी पुत्रियां लेख राम महाल दख्योड़ा तप्पा व तहसील ढटवाल, जिला हमीरपुर हि.प्र.।

**रकवा तकसीम तलव**- खाता नं. 38 खतौनी नं. 40 नंबरान खसरा 89, 90, 92, 95, 99, 259, 260, 385, 407, 408, 494, 670, 755, 771, 817 किता-15 रकवा तादादी 13-14 कनाल जमाबंदी साल 2012-13 महाल दख्योड़ा।

**अदालती इश्तहार/नोटिस वराए अखबार के माध्यम से प्रकाश बारे।**

इस अदालत द्वारा जारी इश्तहार/नोटिस के माध्यम से उपरोक्त विषय पर सूचित किया जाता है कि वादी अभय कुमार उपनाम बक्शी सिंह द्वारा इस अदालत में तकसीम का आवेदन किया हुआ है। जिसमें प्रतिवादीगण का सही पता न होने के कारण समन तामील नहीं हो पा रहे हैं और न ही तकसीम का निपटारा हो रहा है। अत: हि.प्र. भू-राजस्व अधिनियम 1954 की धारा 21 ता 23 के अंतर्गत बजरिया अखबार इश्तहार/नोटिस के माध्यम से निम्नलिखित हिस्सादारान को सूचित किया जाता है कि दिनांक 17/05/2024 सुनवाई के लिए रखी गई है। इसलिए अपना-अपना पक्ष रखने हेतु असालतन/वकालतन 10.00 बजे उपरोक्त अदालत में हाजिर होवे। गैर हाजरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। निर्धारित दिनांक उपरांत कोई उजर/एतराज मान्य नहीं होगा। इस इश्तहार/नोटिस आज दिनांक 30/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय मोहर से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार भू-व्यवस्था वृत्त बिझड़, तहसील ढटवाल (बिझड़ी) जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

# ऊना के व्यापारी को फोन पर धमकाकर की पैसों की मांग

## व्हाटसऐप कॉल करके दी धमकी, पुलिस ने मामला दर्ज शुरू की छानबीन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिले के एक प्रमुख व्यवसायी से अज्ञात लोगों की ओर से फोन पर धमकी देने और पैसे की मांग की जाने की सूचना है। सूत्रों के मुताबिक यह जाना माना व्यवसायी पंजाब की सीमा से सटे शहर का निवासी है और उसने पुलिस को भी इसकी सूचना दे दी है।

बताया जा रहा है कि इस व्यवसायी को अज्ञात लोगों द्वारा कथित तौर पर व्हाटसऐप कॉल करके धमकी दी है। मंगलवार को व्यवसायी द्वारा इसकी जानकारी को पुलिस से साझा किया है। जानकारी यह भी मिली है कि इस मामले में पुलिस द्वारा भी सुरक्षा कारणों से गोपनीय रखने का प्रयास किया गया है। जिले में इस तरह की यह पहली घटना है, इसलिए पुलिस विभाग की ओर से भी इस मामले में फूंक-फूंककर कदम रखा जा रहा है।

बताया जा रहा है कि जिन नंबरों से कॉल आई है, उनकी भी छानबीन की जा सकती है। हालांकि यह नंबर लोकल प्रतीत नहीं हो रहे हैं। उधर, पुलिस विभाग के अधिकारी भी इस मामले में कुछ भी बताने से साफ बचते नजर आए। यहां तक की शिकायत की पुष्टि भी नहीं की है। हालांकि सूत्रों के मुताबिक मंगलवार को यह मामला जिले के एक पुलिस स्टेशन में पंजीकृत भी किया गया है। हालांकि, इससे पहले भी मैहतपुर में एक उद्योगपति की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले को लेकर कई सवाल भी उठ रहे हैं। किसी व्यापारी के बारे में नजदीक से जानकारी रखने वाले व्यक्ति पर भी पुलिस को संदेह हो सकता है। आखिर इस व्यापारी को किस मकसद से अज्ञात तत्वों द्वारा फोन करके धमकाया गया है, जल्द ही मामले में पुलिस कोई बड़ा खुलासा कर सकती है।

### कार की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**ऊना।** रक्कड़ कॉलोनी में कार की टक्कर से एक वृद्ध बुरी तरह से घायल हो गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि सोमवार सुबह उनके पिता बिहारी लाल सड़क किनारे चले हुए थे कि माउंट कॅर्मल स्कूल के गेट के सामने मैहतपुर से ऊना की तरफ गाड़ी नंबर (एचपी39डी 0829) तेज रफ्तार से आई, जिसने इसके पिता को पीछे से टक्कर मार दी। इस पर गाड़ी चालक चंदन शर्मा पुत्र सतपाल शर्मा गांव लुथयार्ड सिद्धपुर गार्ड के खिलाफ मामला दर्ज हुआ और जांच जारी है।

### स्कूटी और कांटेदार तार के बंडल गायब

**ऊना।** हरोली के हीरा थड़ा गांव की किरण कुमारी पत्नी शाम लाल ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि सोमवार देर रात को उनके घर के आंगन से कोई अज्ञात व्यक्ति स्कूटी और तार के बंडल चोरी करके ले गए हैं। उसने शिकायत में दर्ज बताया कि सोमवार को इसकी ननद उषा व ननदोई कमलजीत सिंह नई स्कूटी सफेद रंग पर इसके घर शाम के समय आए व उसे प्रागंण में पार्क करके ज्वालाजी माता के मंदिर माथा टेकने के लिए अन्य गाड़ी में चले गए। रात को वह अपने बच्चों सहित रात को सो गई। जब सुबह देखा कि स्कूटी गायब थी तथा लोहे का गेट खुला हुआ था तथा बाढ़ लगाने वाली कांटेदार तार के बंडलों में से 2 बंडल गायब पाए गए।

### 83 वाहनों के चालान किए

**ऊना।** जिला पुलिस ऊना द्वारा यातायात के नियमों की अवहेलना करने पर 83 वाहनों के चालान किए व जुर्माने के रूप में कुल 4400 रुपए प्राप्त किए गए हैं। वहीं, सार्वजनिक स्थान परधूम्रपान करने पर 2 व्यक्तियों के चालान धूम्रपान निषेध अधिनियम के अंतर्गत किए गए व जुर्माने के रूप में कुल 200 रुपए प्राप्त किए गए हैं।

### तीन दिवसीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**हरोली।** हिमकैप्स कॉलेज ऑफ लॉ बढ़ेडा की ओर से पहली नेशनल मूट प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में सत्र एवं जिला न्यायाधीश ओपी शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा की संस्थान द्वारा करवाया जा रहा नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता एक सराहनीय कदम है। इस प्रकार की प्रतियोगिता छात्रों में नई ऊर्जा का संचार करती है तथा छात्रों में आत्मविश्वास को बढ़ाती है। कॉलेज के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर ने कहा की संस्थान इस तरह की प्रतियोगिता हर साल आयोजित करवाता है, ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके।

कॉलेज के प्रधानाचार्य जसवंत सिंह ने कहा कि विभिन्न संस्थानों की ओर से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सत्र की प्रतियोगिताओं में संस्थान के छात्र भाग ले रहे हैं तथा अच्छा प्रदर्शन भी कर रहे है। तीन दिन की प्रतियोगिता में संयोजक सहायक प्रोफेसर एकता सूद सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। संस्थान की सहायक प्रोफेसर डॉ. संदीप कुमारी समन्वयक की भूमिका निभा रही हैं।

# पहली पारी की बढ़त के आधार पर बिलासपुर बना विजेता

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला स्तरीय अंडर-19 प्रतियोगिता का मुकाबला जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुवेला में कांगड़ा और



बिलासपुर के बीच में हुआ। इसमें बिलासपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 205 रन बनाए। इसमें अपराजित शर्मा 98 रन बनाए, आदित्य कटारिया ने 61 रन बनाए, अखिलेश गौतम ने 11 रन बनाए बाकी कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सका।

कांगड़ा के गेंदबाज सादिक ने 4 खिलाड़ियों को आउट किया। अगम केहलो ने पांच खिलाड़ियों को आउट किया, देवांश ने एक खिलाड़ी को आउट किया। कांगड़ा की टीम ने अपनी पहली पारी में 198 रन बनाए।

इसमें अग्रिम 77 रन, सयोम ने 60 रन बनाए। बिलासपुर के सक्षम दत्ता ने 3 खिलाड़ियों को आउट किया, सक्षम शर्मा ने 4 खिलाड़ियों को आउट किया। मन्नत भारद्वाज ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, अपराजित शर्मा ने एक खिलाड़ी को आउट किया। बिलासपुर की टीम ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट पर 133 रन बनाए जिसमें अपराजिता शर्मा ने 33 रन, आदित्य कटारिया ने 29, सक्षम दत्त ने नाबाद 18 रन बनाए, अनुभव शर्मा ने नाबाद 10 रन बनाए। कांगड़ा के अभिषेक ने चार विकेट प्राप्त किए और सादिक ने दो विकेट प्राप्त किया। पहली पारी की बढ़त के आधार पर बिलासपुर विजेता घोषित किया गया।

### हमीरपुर ने किन्नौर को 216 रन से हराया

**ऊना।** अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में हमीरपुर और किन्नौर के बीच तीन दिवसीय मैच में हमीरपुर ने जीत हासिल की। हमीरपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 298 रन बनाए। वास्तव गर्ग ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 98 रन बनाए, जबकि सात्विक ने 22, अंशुल शर्मा ने 24, मयंक ने 61 रन, पीयूष ने 33 और शिवांश कश्यप ने 40 रन बनाए। अनीश ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि हर्ष चौहान और अंशु नेगी ने 2-2 खिलाड़ियों को आउट किया। आलोक और राजवर्धन अभिषेक ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया।

किन्नौर की टीम ने अपनी पहली पारी में 181 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इसमें अनीश ने 88 रन, राजवीर बंसल ने 23 रन, अभिषेक ने 16 रन बनाए। हमीरपुर के सात्विक और अनिकेत ठाकुर ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि पीयूष ने दो खिलाड़ियों को और पारस ने एक खिलाड़ी को आउट किया। हमीरपुर ने अपनी दूसरी पारी में चार विकेट खोकर 238 रन बनाए और अपनी पारी को समाप्त घोषित कर दिया। अनिकेत ठाकुर ने 50, आर्यन शर्मा ने 55, अभय कुमार ने नाबाद 36 और सात्विक ने नाबाद 53 रने बनाए। किन्नौर के अंशु नेगी ने दो खिलाड़ियों का आउट किया, अनीश और आलोक ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। किन्नौर की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 10 विकेट पर 139 रन ही बना पाई। हर्ष चौहान ने 56 रन बनाए, बाकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा। हमीरपुर के शिवांश कश्यप ने पांच खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि पारस ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, अशिमत ठाकुर और पीयूष ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया।

# बसदेहड़ा स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को बांटीं नोटबुक्स



जरूरतमंद बच्चों को नोटबुक्स वितरित करते अश्वनी जैन व अन्य।

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसदेहड़ा में समाजसेव अश्विनी जैन व राजपाल रतन की ओर से जरूरतमंद बच्चों को स्कूल में नोटबुक्स वितरित की।

इस मौके पर अश्विनी जैन और समाजसेवी राजपाल रतन ने कहा कि हम जरूरतमंद विद्यार्थियों को समय-समय पर प्रोत्साहित करते रहते हैं, ताकि उनकी पढ़ाई में किसी भी तरह से प्रभावित न हो पाए। उनका यह हमेशा उद्देश्य रहता है कि शिक्षा के क्षेत्र में हर विद्यार्थी अपने उज्ज्वल भविष्य को बनाने के लिए शिक्षा से वंचित न रह जाए।

इस मौके पर कार्यकारी प्रधानाचार्य कामना, अजय शास्त्री,शमशेर सिंह, कमल परमार, अनिल कुमार व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# चुनावों को लेकर अंतर-विभागीय बैठक आज

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप चुनावों के दृष्टिगत 1 मई, 2024 को जिला परिषद हॉल ऊना में अंतर-विभागीय बैठक आयोजित की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चुनावों को पूर्ण स्वच्छ, निष्ठा एवं शांतिपूर्ण ढंग से सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए जिला के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

बैठक में एसपी ऊना, एडीसी ऊना, सहायक आयुक्त, समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी, एएसपी ऊना, समस्त तहसीलदार व आरएम एचआरटीसी शामिल होंगे। इससे पहले यह बैठक सतलुज सदन, बीबीएमबी कॉलोनी नंगल में 2 मई को होनी निश्चित हुई थी।

## बंगाणा महाविद्यालय में बौद्धिक संपदा विकास को लेकर संगोष्ठी आयोजित

# बौद्धिक संपदा सबसे मूल्यवान संपत्ति : डॉ. सतिंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में मगंलवार को आईक्यूएससी, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की ओर से बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एकदिवसीय इंटर कॉलेज संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. सतिंदर कुमार शर्मा थे।



राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में संगोष्ठी में शामिल प्रमुख वक्ता तथा छात्र।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने की। इस सेमिनार में महाविद्यालय के प्राध्यापक और महाविद्यालय के छात्रों ने संगोष्ठी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. सतिंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि आधुनिक युग में बौद्धिक संपदा सबसे मूल्यवान संपत्ति है, क्योंकि यह मानवीय विकास को गति देने वाले तकनीकी नवाचार को पुरस्कृत करती है। यह वैश्विक कला परिदृश्य की उन्नति में सहायक है। बौद्धिक संपदा अधिकार, मानसिक रचनाएं, कलात्मक और वाणिज्यिक, दोनों के संदर्भ में विशेष अधिकारों के समूह हैं।

प्रथम अधिकार कॉपीराइट क़ानूनों से आवृत हैं, जो रचनात्मक कार्यों, जैसे पुस्तकें, फिल्में, संगीत, पेंटिंग, छाया चित्र और सॉफ्टवेयर को संरक्षण प्रदान करता है और कॉपीराइट अधिकार-धारक को एक निश्चित अवधि के लिए पुनरुत्पादन पर या उसके रूपांतरण पर नियंत्रण का विशेष अधिकार देता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर, उपप्राचार्य प्रोफेसर रेखा शर्मा, आईक्यूएससी के को-ऑर्डिनेटर प्रोफेसर अनिल शर्मा, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी प्रोफेसर सिकंदर नेगी, प्रोफेसर सिकंदर नेगी, प्रोफेसर अणु लखनपाल, डॉ. विनोद कुमार, प्रोफेसर कृष्ण चंद प्रोफेसर कमलेश प्रोफेसर संजय शर्मा, और महाविद्यालय के समस्त टीचिंग स्टाफ मौजूद रहा।

# आधी टिकट पर भी वैकल्पिक बीमा लाभ दे रेलवे : लाल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारतीय रेल में आधी टिकट की यात्रा पर वैकल्पिक बीमा लाभ दिया जाए। यह मांग अखिल भारतीय हिमाचल सामाजिक संस्था संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष केएम लाल ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन के समक्ष उठाई है।

केएम लाल ने कहा कि भारतीय रेल द्वारा पहले आधी टिकट पर बीमा लाभ दिया जाता था, लेकिन कोरोना काल के बाद से रेलवे ने इसे बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि आधी टिकट पर सफर करने वालों बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बीमा लाभ देना सुनिश्चित किया जाए। प्रति यात्री बीमा प्रीमियम भी वर्तमान में 35 पैसे बढ़ाकर 45 पैसे कर दिए गए है। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में दी जाने 50 व 40 प्रतिशत यात्रा किराया छूट भी कुछ वर्षों से बंद कर दी गई है। वरिष्ठ नागरिकों को किराये में पहले की तरह छूट दी जाए। उन्होंने कहा कि रेल यात्रियों पर प्रीमियम का अतिरिक्त बोझ न डाला जाए।

केएम लाल ने कहा कि भारतीय रेल सेवा यात्रियों को बढ़िया सेवाएं प्रदान करती रही है, लेकिन पिछले कुछ समय से लाभकारी तंत्र की तरह चलाने की कोशिश की जा रही है। यात्रियों को लाभ से वंचित करने के साथ-साथ आर्थिक बोझ डाला जा रहा है।

अखिल भारतीय सामाजिक संस्था संघ हिमाचली सामाजिक संगठनों की एक सर्वोच्च संस्था है। संस्था द्वारा देश के विभिन्न शहरों में जनकल्याण के लिए काम किया जा रहा है। वर्तमान में संस्था 45 संस्थाओं का नेतृत्व कर रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे विभाग उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई कर लोगों को राहत प्रदान करे।

# गुरुकुल पब्लिक स्कूल पक्का परोह का वार्षिक परिणाम रहा सराहनीय

**अनंत ज्ञान, अंब**

मास्टर ध्रुव ने पूरे हिमाचल में विज्ञान संकाय में पांचवां स्थान प्राप्त कर स्कूल, माता-पिता और शहर का नाम रोशन किया। गुरुकुल पब्लिक स्कूल पक्का परोह ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अच्छी तरह से निर्देशित प्रयास फलदायी परिणाम दे सकते हैं। हिमाचल प्रदेश बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन की ओर से घोषित 12वीं कक्षा के परिणाम में स्कूल के ध्रुव शर्मा (साइंस स्ट्रीम) ने हिमाचल प्रदेश के शीर्ष दस छात्रों की मेरिट सूची में पांचवां स्थान हासिल किया।



बोर्ड परीक्षा परिणाम मैं उत्तीर्ण बच्चों के साथ प्रधानाचार्य व स्कूल स्टाफ।

ध्रुव ने 97.08 फीसद अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए सिमरन ढिल्लों ने 500 से 478, मोहम्मद अरन ने 476, प्राची ने 472, तनुषा ने 472, दीक्षा शारदा ने 466, अनिका ने 464 अमीना ने 460,द पलक ने 460, मन्नत ने 459, खुशी ने 455, राधिका ने 454, निखिल ने 453, आइना ने 453, आदित्य ने 452,योगेश ने 452, अर्शिता ने 452, इशांत ने 451 ,अनंता ने 451, वंश ठाकुर ने 450, ताक्षी ने 450 अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया।

इस वर्ष भी स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। 20 विद्यार्थियों ने 90 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किए तथा 39 विद्यार्थियों ने 85 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किए। सभी विद्यार्थी 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। इस वर्ष पांच छात्रों ने जेईई मेंस की परीक्षा व एक छात्रा ने एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस उपलक्ष पर स्कूल के प्रबंधक राजेश गौतम ने बच्चों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।

स्कूल की निर्देशिका ज्योति गौतम ने बच्चों को मिठाई खिलाई और भविष्य में और ऊंचा उठने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या शिवानी गुलेरिया, डीन प्रियंका शर्मा, अकादमिक प्रिंसिपल शिखा लठ व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# दौलतपुर चौक के मेधावी छात्राओं ने चमकाया विद्यालय का नाम

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

घनारी तहसील के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौलतपुर चौक की छात्राओं ने एक बार फिर जमा दो की परीक्षा में अपना परचम लहराया है। इसमें विज्ञान संकाय में शगुन राणा ने 481 अंक लेकर प्रथम, कृतिका ने 473 अंक लेकर द्वितीय, सान्वी शर्मा ने 472 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया है।

कला संकाय में दृष्टी भारद्वाज ने 443 अंक लेकर प्रथम, शिवांगी ने 435 अंक लेकर द्वितीय तथा जैसमीन गुलेरिया ने 417 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में कृतिका शर्मा ने 450 अंक लेकर प्रथम, प्रियांशु अत्तरी ने 443 अंक के साथ द्वितीय व पूनम देवी ने 438 अंक के साथ तृतीय स्थान पर बाजी मारी।

इसी कड़ी में कंप्यूटर साइंस विषय में 20 बच्चों ने शत-प्रतिशत अंक लेकर कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सनम ने सभी अव्वल रहे मेधावी छात्रों व अध्यापकों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।



जमा दो परीक्षा में मेरिट में रही छात्राओं के साथ अध्यापक।

# आपदा प्रबंधन नियमों का पालन करें सुनिश्चित : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने जिले में औद्योगिक इकाइयों में अग्नि सुरक्षा को लेकर सरकार के दिशा निर्देशों और आपदा प्रबंधन नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित बनाने को कहा है। उन्होंने जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों और परिसरों को अग्निरोधी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने उद्योग संचालकों को उनकी इकाइयों को इस प्रकार डिजाइन करने को कहा कि वे अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से सबके लिए सुरक्षित हों।



आपदा प्रबंधन योजना पर आयोजित कार्यशाला में मौजूद डीसी और उद्यमी।

उपायुक्त जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा हरोली औद्योगिक एसोसिएशन के सहयोग से राजीव गांधी सुविधा केंद्र बाथू के सभागार में अग्नि सुरक्षा, औद्योगिक खतरे तथा आपदा प्रबंधन योजना पर जागरूकता के लिए आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में बोल रहे थे। जतिन लाल ने कहा कि ऊना में औद्योगिक इकाइयों में आग लगने की कई दुखद दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें जानमाल के नुकसान का बड़ा खतरा उत्पन्न हुआ। ऐसे हादसों को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि उद्योग संचालकों और संबंधित विभागों में अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से जागरूकता हो। ज्वलनशील पदार्थों को विशेष एहतियात से रखा जाए। सभी को अपने दायित्वों की जानकारी हो और अपनी जिम्मेदारियों का ध्यान रहे। जिससे यह सुनिश्चित बने कि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और जान माल के नुकसान को टालने के साथ सबकी सुरक्षा तय बने।

### आगे भी लगती रहेंगी जागरूकता कार्यशालाएं

**उपायुक्त** ने कहा कि अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता लाने में इस प्रकार की कार्यशालाएं उपयोगी हैं। प्रशासन की ओर से औद्योगिक क्षेत्रों में आगे भी ऐसी कार्यशालाएं कराई जाएंगी ताकि इंडस्ट्रीज में कार्य करने वाले लोग जागरूक हो सकें और आग सुरक्षा की गाइडलाइन को मद्देनजर रखते हुए अपने औद्योगिक कैंपस को आग लगने के हादसों से सुरक्षित बना सकें। उन्होंने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए एसडीएम हरोली, उद्योग विभाग व हरोली औद्योगिक संघ के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ऊना जिले को औद्योगिक हब बनाने तथा वैश्विक पहचान दिलाने में उद्योग संचालकों के योगदान की प्रशंसा की।

# कुटलैहड़ में चुनाव प्रचार के लिए घर-घर जा रही भाजपा की टीमें



भाजपा की टीम लोगों को प्रचार के दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो के प्रचार के लिए भाजपा की अलग-अलग टीमें घर घर जाकर प्रचार करने में डटी हुई हैं। वहीं, कुटलैहड़ भाजपा मंडल के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने प्रचार की बागडोर संभाली है।

कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो खुद घर-घर जाकर जन संपर्क अभियान के तहत जनता से समर्थन मांग रहे हैं और केंद्र सरकार की जन कल्याण नीतियों को जनता के बीच रख रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि जब से राज्य में सुक्खू सरकार जनता को केवल झूठी गारंटियों को दिखाकर सत्ता हथियाने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के 16 माह के कार्यकाल में नई योजना तो क्या, बल्कि पूर्व भाजपा सरकार की योजनाओं को बंद कर दिया है। हिमाचल में ही नहीं बल्कि देश में ही कांग्रेस को लोकसभा लड़वाने के लिए प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं।

**जागरूकता** 6 सीटों के उपचुनाव के समीकरण अब होने लगे दिलचस्प

# सीएम ने कुटलैहड़ के लिए किया बहुत कुछ : शर्मा

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

एक तरफ जहां देश में लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ राजनीतिक आपदा के बाद बने 6 सीटों के उपचुनाव के समीकरण अब दिलचस्प होते जा रहे हैं। जहां एक तरफ कांग्रेस के बागी विधायकों को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने भी अपने सिपाही तैयार कर दिए हैं।

इसी कड़ी में जिला उन्ना के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा ने भी अपने चुनाव प्रचार अभियान को धार दी है और तेजी से लोगों से संपर्क में जुटे हैं। आज उन्होंने क्षेत्र के बरनोह और डगेड़ा गांव में डोर टू डोर प्रचार किया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने लोगों के घर-द्वार जाकर कांग्रेस की नीतियों का बखान किया और सुख सरकार की उपलब्धियां को बताया। मीडिया से बात करते हुए



जन संपर्क अभियान के दौरान विवेक शर्मा अपनी चुनावी टीम के साथ।

विवेक शर्मा विक्कू ने कहा की पूर्व में बागी विधायक ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का शोषण किया।

पहले तो कांग्रेस का टिकट लेकर आए फिर कांग्रेस में अपनी ही एक टीम को खड़ा कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर दिया जो कि पिछले 30-35 सालों से जनता की सेवा में लगे थे। अब जब उन्होंने पार्टी के साथ धोखा किया। उन्होंने कहा की सरकार जांच कर रही है और जल्द ही इस बात का खुलासा भी होगा कि आपदा में मिली राहत राशि किन लोगों को बांटी। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने जनता की परवाह की होती तो आज जनता इतना गुस्सा नहीं होती ।

विवेक शर्मा विक्कू ने कहा कि 1 मई को पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन तय किया है जिसका स्थान ग्राम नारी के लक्ष्मी पैलेस में रखा गया है। इस अवसर पर समस्त कुटलैहड़ के कांग्रेस कार्यकर्ता सभी पदाधिकारी और विशेष कर आम जनमानस आमंत्रित हैं।उन्होंने कहा कि धर्म और अधर्म की लड़ाई में अपना साथ देने के लिए अपने बेटे का साथ दें।

उन्होंने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलवाता हूं कि माननीय सुखविंद्र सिंह ने पहले भी कूट लहर के लिए बहुत कुछ किया है और अब फिर उनके हाथ मजबूत कर उन्हें अपना बनाने में कोई कसर न छोड़ें और अपना आशीर्वाद मुझे और सरकार को दें।

# उपमंडल बंगाणा में पशुधन की सुरक्षा को लेकर लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा में पशुपालन विभाग जिला ऊना के उपनिदेशक डॉ. विनय शर्मा की अगुवाई में उपमंडल बंगाणा में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी बंगाणा डॉ. सतेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में पूरी टीम ने विश्व पशु चिकित्सा दिवस -2024 को अनोखे अंदाज में मनाने का संकल्प लिया।

पूरे एक सप्ताह चलने वाले इस कार्यक्रम में उपमंडल की गोशालाओं और गो अभयारण्य में गोवंश को कृमि मुक्त कर उनका कृमि जनित रोगों से बचाव कर उनकी जानमाल की रक्षा की जाएगी, दूसरी और उपमंडल में पशु औषधालय से लेकर पशु चिकित्सालय तक प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी पशुपालकों को अपने संस्थान पर या घर-द्वार पर जाकर मवेशियों में होने वाले अलग-अलग प्रकार के रोग उनकी रोकथाम, टीकाकरण का महत्व, मवेशियों का सही प्रबंधन,रखरखाव और संतुलित आहार बारे विस्तृत जानकारी के साथ-साथ उनको विभाग की स्वरोजगार ऊन्मुखी परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी एक मिशन मोड में देंगे।



उपमंडल बंगाणा में पशुओं को लेकर विशेष अभियान चलाया गया।

**जीवन** में हजारों लड़ाइयां जीतने से अच्छा है कि तुम स्वयं पर जीत प्राप्त कर लो। फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, इसे तुमसे कोई नहीं छीन सकता। -महात्मा बुद्ध



## संपादकीय

# आरक्षण का जिन्न

दो चरण का चुनाव हो चुका है तो वहीं, तीसरे चरण से पहले आरक्षण भी अब लोकसभा चुनाव का बड़ा मुद्दा बन गया है। आरक्षण को लेकर दो बड़े बयान आए। पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का हैदराबाद में दिया बयान सामने आया, जिसमें उन्होंने आरक्षण का समर्थन किया। बाद में यही बात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यूपी के एटा में चुनावी रैली में कही। ऐसा इसलिए, क्योंकि राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर आरक्षण को लेकर भाजपा पर निशाना साधा था। अब सवाल यह है कि चुनाव में आरक्षण का मुद्दा आया कैसे? कांग्रेस ने किस नेता के बहाने भाजपा पर निशाना साधा? तीसरे चरण की वोटिंग से पहले आरक्षण को लेकर गरमाई राजनीति के मायने क्या हैं? ऐसे में तीसरे चरण की वोटिंग से पहले आरक्षण का सिरा खोजना जरूर है।

दरअसल, मोदी ने कहा था कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। अमित शाह ने कहा था कि पिछड़ा वर्ग को आरक्षण कम करने का काम कांग्रेस ने किया है। वहीं, राहुल गांधी ने कहा था कि भाजपा आरक्षण के नाम पर संविधान को खत्म करना चाहती है, जो हम कभी होने नहीं देंगे। कुल मिलाकर चुनावी बेला में आरक्षण का जिन्न एक बार फिर बाहर निकल आया है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सफाई देते हुए कहा कि जब से आरक्षण आया है, तब से आरएसएस संविधान समत सारे आरक्षण को समर्थन देता रहा है। संघ प्रमुख ने बेशक अपनी सफाई दे दी हो, लेकिन मौका चुनाव का है। संघ प्रमुख के बयान पर राहुल गांधी ने भी पलटवार करने में देर नहीं की। आरएसएस प्रमुख का बयान आता है कि वह आरक्षण के खिलाफ नहीं है, लेकिन उन्होंने ही पहले बयान दिया था कि आरक्षण के खिलाफ हैं। इसका एकमात्र लक्ष्य यह है भाजपा अरबपतियों की मदद करना चाहती है। राहुल कह रहे हैं कि भाजपा के लोग आरक्षण खत्म करने की बात कर रहे हैं, लेकिन अब सवाल यह है कि भाजपा के किसी नेता ने ऐसा बयान दिया कब? इस सवाल का जवाब वो वायरल वीडियो है, जिसमें आचार्य प्रमोद कृष्णम कह रहे हैं कि भारतीय लोकतंत्र से जातिवाद को मिटाना चाहते हो तो अगले महाकुंभ में एक प्रस्ताव आना चाहिए। बाबा साहेब अंबेडकर ने संविधान में इसकी बकायदा व्यवस्था दी है।

विद्वानों को यह सोचना चाहिए कि जातियों के नाम पर आरक्षण भारत को विभाजित कर रहा है। आचार्य प्रमोद कृष्णम संत के साथ एक राजनेता भी हैं। लंबे समय तक कांग्रेस के बड़े नेता रहे हैं। उन्होंने 2014 में संभल से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा। 2019 में लखनऊ से लोकसभा का चुनाव लड़ा, लेकिन दोनों बार हार का सामना करना पड़ा। इसी साल फरवरी में कांग्रेस ने उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। इसके बाद 1990 में उन्होंने संभल में कल्कि फाउंडेशन की स्थापना की। 1996 में कल्कि धाम की स्थापना भी उन्होंने ही की। इसी धाम में पीएम मोदी ने 19 फरवरी को कल्कि मंदिर की आधारशिला रखी। वायरल वीडियो में उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ साजिश रचना कांग्रेस की पुरानी आदत है। आचार्य ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उनका भाषण सालभर पुराना है और वह भी तब का जब वे कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता हुआ करते थे। भाजपा को आरक्षण के नाम पर सफाई इसलिए देनी पड़ रही है, क्योंकि सात मई को होने वाली तीसरे चरण की वोटिंग में ज्यादातर सीटें ओबीसी बहुल की हैं, जो निर्णायक हैं। भाजपा को एससी/एसटी और ओबीसी के वोट बैंक का अंदाजा है। भाजपा को पिछले दो टर्म में इन्हीं वर्गों ने सत्ता तक पहुंचाया था। ऐसे में सभी दलों का फोकस ओबीसी वोट बैंक पर है। हर दल इस वर्ग को अपने पाले में करने की कोशिश कर रहा है। यही वजह है कि राहुल गांधी ने आरक्षण के जिन्न को चुनावी माहौल में बाहर निकाला तो वहीं, विपक्षी पार्टियों को भी भाजपा को घेरने का मुफीद मौका मिल गया। सियासत अपनी जगह है, लेकिन इतना जरूर है कि तीसरे चरण की वोटिंग से पहले राजनीति पूरी तरह से गरमा गई है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

**बलराज** साहनी हिंदी सिनेमा के वह नायब हीरा थे, जिन्हें अभिनय की पाठशाला कहा जाता था। बलराज ने अपने किरदारों से कई बार आम आदमी की तकलीफ और समस्याओं को उजागर किया था। बलराज साहनी हिंदी सिनेमा के लीजेंड थे। उन्होंने अपने दमदार अभिनय से हर दिल में जगह बनाई थी। हालांकि, बॉलीवुड के पहले नेचुरल एक्टर कहे जाने वाले बलराज साहनी की मौत काफी दर्दनाक हुई थी। बलराज साहनी का जन्म पाकिस्तान के रावलपिंडी में 1 मई, 1913 को हुआ था। बलराज का परिवार आर्य समाजी था। उनके पिता हरबंस लाल काफी बड़े व्यापारी थे। उनके पिता ने उनका नाम हिंदू देवमाल्या के अनुसार युधिष्ठिर रखा था, लेकिन जब परिवार के कई लोग उनका नाम का सही से उच्चारण नहीं कर पाए तो उनका नाम बलराज रख दिया था। बलराज बचपन से ही कुछ बागी स्वभाव के थे। उनके पिता ने उन्हें गुरुकुल में पढ़ाई करने के लिए भेजा था, लेकिन उन्हें धर्म आधारित पढ़ाई रास नहीं आई और उन्होंने गुरुकुल जाने से मना कर दिया था, बाद में उनके पिता ने उन्हें पढ़ने के लिए डीएवी भेज दिया। बलराज साहनी ने इसके बाद लाहौर यूनिवर्सिटी से एमए इन इंग्लिश किया और फिर उन्होंने कविताएं लिखनी शुरू कर दी थीं। वह नाटक में भी काम करने लगे थे, बाद में वे रावलपिंडी अपने परिवार का बिजनेस संभालने के लिए आ गए थे। 1953 में बलराज की फिल्म दो बीघा जमीन रिलीज हुई और ये बॉक्स ऑफिस पर सुपर-डुपर हिट रही। इसी के साथ बलराज रातों-रात स्टार बन गए। इसके बाद बलराज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और वह बॉलीवुड के टॉप एक्टर बन गए। बलराज साहनी बॉलीवुड के महान अभिनेता थे, लेकिन उनकी मौत दर्दनाक रही। दरअसल उनकी पत्नी दमयंती शूटिंग के दौरान हादसे का शिकार हो गई थीं और उनकी मौत हो गई थी। पत्नी के जाने के गम ने बलराज को अंदर तक तोड़कर रख दिया था। उनकी 13 अप्रैल, 1973 को मृत्यु हो गई। वह हिंदी सिनेमा में अपना नाम अमर कर गए।



बलराज साहनी
जन्म : 1 मई, 1913
मृत्यु : 13 अप्रैल, 1973

## अपनी बात

**मोबाइल** का उपयोग करने के जहां कई फायदे हैं, वहीं नुकसान भी हैं। मोबाइल के कारण मानव शरीर में बहुत सारी बीमारियां हो सकती हैं। मोबाइल फोन से निकलने वाले इलेक्ट्रोमेगनेटिक विकिरणों से डीएनए क्षतिग्रस्त हो सकता है। इसके अलावा मोबाइल का अधिक इस्तेमाल आपको मानसिक रोगी, कैंसर, ब्रेन ट्यूमर, डायबिटिज, हृदय रोग आदि कई बड़ी बीमारियां भी दे सकता है।

आजकल अधिकतर लोग मोबाइल फोन में अपनी गोपनीय जानकारियां सेव करके रखते हैं, जो कि गलत है। इसे मोबाइल हैकर्स आपकी गुप्त और जानकारियां चुराकर उसका गलत उपयोग कर सकते हैं। मोबाइल फोन को अपने शरीर से सटाकर नहीं रखना चाहिए, खासकर रात को सोते समय। मोबाइल फोन से निकलने वाले रेडिएशन से मानव शरीर को नुकसान हो सकता है। स्मार्ट मोबाइल फोन के इस युग में इंटरनेट होने से बच्चों को गलत जानकारियां भी मिल सकती हैं, जिससे वे अपना ध्यान पढ़ाई की ओर न लगाकर अन्य चीजों में लगा सकते हैं। मोबाइल फोन के कारण छात्रों की पढ़ाई-लिखाई बहुत कमजोर हो गई है।

रात-रात भर मोबाइल का इस्तेमाल लोगों के दिमाग को कमजोर बना देता है। जो लोग अंधेरे में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हैं, उनकी तो आंखों की रोशनी भी कम हो रही है। महंगाई के इस युग में मोबाइल फोन के कारण फिजूल खर्च बढ़ गया है। लोग अब अन्य चीजें छोड़ सकते हैं, लेकिन मोबाइल फोन नहीं।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# श्रमेव जयते! श्रम से असंभव भी संभव हो जाता है

**मजदूर दिवस पर विशेष**

भारत की सभ्यता प्राचीनकाल से कर्म-प्रधान रही है। कर्म से ही सृष्टि होती है। श्रम का विलोम होता है विश्राम। ऐतरेय ब्राह्मण में श्रम का बड़ा ही मनोरम चित्रण मिलता है। श्रम करने से न थकने वाले को ही श्री की प्राप्ति होती है 'नानाश्रांताय श्रीरस्ति'। श्रम से असंभव भी संभव हो जाता है। श्रम से ही आदमी संपत्ति, यश, सम्मान सब कुछ अर्जित करता है। तभी तो कहा गया कि कर्मठ पुरुष लक्ष्मी को प्राप्त करता है 'उदयोगिन: पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मी और आलस्य शरीर में बैठा हुआ सबसे बड़ा शत्रु है'। चूंकि जीवन अनंत नहीं है और कार्य अनेक हैं, इसलिए बिना समय गंवाए काम में जुट जाना चाहिए। महाभारत में शर-शय्या पर लेटे हुए भीष्म पितामह ने जो उपदेश दिए, उनमें यह भी था 'मृत्यु लोगों को पीट रही है और बुढ़ापे ने उनको घेर रखा है'।

ये दिन और रातें तेजी से बीतती जा रही हैं। तब, तुम क्यों नहीं जाग जाते? अब ऐसा काम करो जिससे तुम्हारा कल्याण हो और समय आगे न निकल जाए। कहीं ऐसा न हो कि तुम्हारे कार्य अधूरे रह जाएं और मृत्यु तुम्हें खींच कर ले जाए, इसलिए जिस काम को कल करना हो, उसे आज ही कर लिया जाए। जिसे दोपहर बाद करना हो, उसे दोपहर से पहले कर डालना चाहिए, क्योंकि मृत्यु इस बात की बाट नहीं देखती कि इस आदमी का काम पूरा हो गया या नहीं। जो कल्याणकारी कार्य हैं, उसे तुम आज ही कर डालो। यह महान काल कहीं तुम्हें लांघ न जाए।' ऐसे में यह अनायास नहीं था कि 'हिंद स्वराज' के रचयिता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने इस धरती को कर्म भूमि कहा था। जीवन के बड़े सत्य को सामने रख कर बापू ने जीवन-चर्या में कर्म की अनिवार्यता प्रतिपादित करते हुए यह सीख दी थी कि आदमी को कमा कर खाना चाहिए। एक-एक क्षण का सदुपयोग करते हुए इस सूत्र को बापू अपने वास्तविक जीवन में उतारते रहे। वस्तुत: श्रम (अर्थात मेहनत, मशक्कत, परिश्रम या प्रयास) ही जीवन को स्पंदित करता है, पर गौरतलब बात यह है कि यह श्रम नाशवान प्रकृति का है और यदि कार्य न किया जाए तो उस (बीत चुकी) अवधि का कार्य फिर वापस नहीं लौटाया जा सकता और सदा के लिए नष्ट हो जाता है।



लेखक : गिरीश्वर मिश्र
हिंदी विवि वर्धा के पूर्व कुलपति

इसलिए जीवन का हर क्षण अनमोल है और उसका समुचित निवेश किया जाना चाहिए।

यह विश्व कर्म प्रधान है और यह पुरानी कल्पना रही है कि श्रम से यह धरती स्वर्ग बन सकती है। दृढ़ लगन से कोई काम कठिन नहीं रह जाता और कर्महीन को कुछ भी नहीं मिलता। सिर्फ सपने देखने से नहीं, काम करने से ही मनोवांछित फल मिलता है। तुलसीदास जी के शब्दों में सकल पदार्थ एहि जग माही, करमहीन नर पावत नाहीं। वस्तुत: श्रम विकल्पहीन और अमूल्य है। जगत में कुछ भी स्वत: नहीं होता है सिद्धिर्भवति कर्मजा। कर्म ही वह रहस्य है, जिससे परमात्मा का स्मरण किया जाता है और मनुष्य सिद्धि प्राप्त करता है। इसलिए श्रीकृष्ण कहते हैं कि सभी जन नियत कर्म करें नियतं कुरु कर्म त्वं। कर्म किए बिना एक क्षण भी कोई रह नहीं सकता। श्रम का महत्व वैदिक काल में ही महसूस किया गया। प्राचीन आख्यानों में देवी-देवताओं द्वारा भी तप करने का वर्णन मिलता है। पुराणों में तप से सिद्धियां पाने के अनेक आख्यान हैं। उपनिषद की कथाओं में भी तपश्चर्या का महत्व प्रतिपादित किया गया है। आरंभ से ही शतायु और सक्रिय जीवन भारतीय संकल्पना के केंद्र में बना रहा है। कर्म की अनिवार्यता ही श्रीमद् भगवद गीता का मुख्य संदेश है। तिलक और गांधी जैसे राष्ट्रनेताओं ने कर्म, श्रम और सेवा की आपसी निकटता को सार्वजनिक जीवन में स्वर दिया।

जगत में जीवन-यापन के लिए क्रियायोग निजी और सामाजिक जीवन में यज्ञ उन्नति और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। कर्म पर सबकुछ टिका है। विद्वान भी वही है, जो अमूर्त ज्ञान को व्यवहार में रूपांतरित कर सके। बापू के आश्रम में श्रमदान और स्वावलंबन दैनिक जीवन का सामान्य अभ्यास था। उनके अनुगामी और मित्र संत विनोबा भावे भी इसी पथ पर चलते रहे। इन लोगों ने यह अनुभव किया कि हमारे शरीर की रचना और प्रकृति ही ऐसी है कि शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए सक्रियता जरूरी होती है। आज स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा स्वस्थ व्यक्ति की स्वास्थ्य-रक्षा और अस्वस्थ व्यक्ति को स्वस्थ बनाने के लिए शारीरिक व्यायाम के महत्व पर बल दिया जाता है। सोने जागने समेत हमारा सारा आचार-व्यवहार युक्त होना चाहिए अर्थात मन, वचन और कर्म सबके बीच सामंजस्य होना चाहिए। श्रम का आंतरिक रूप भी है और बाह्य भी। योग-शास्त्र में आसन, ध्यान तथा प्राणायाम की व्यवस्था की गई थी।

प्राणशक्ति अपान, उदान, व्यान, समान आदि विभिन्न रूपों में शरीर में व्याप्त होकर जीवनीय ऊर्जा का संचार करती है। श्रम करते हुए शरीर आंतरिक रूप से तो सुसज्जित होता ही है, बाहर की दुनिया में विभिन्न कार्यों में श्रम के विनियोग द्वारा नई सर्जना में भी जुटता है। यह मन और शरीर के एक समग्र इकाई के रूप में संयोजन से ही संभव होता है।

उल्लेखनीय है कि मन और शरीर को अलग सत्ता मानना पश्चिमी विचार है। मन और शरीर का द्वैत सोलहवीं सदी में पश्चिमी दार्शनिक रेने देकार्त द्वारा प्रतिपादित किया गया था। भारतीय चिंतकों ने मन को शरीर का ही हिस्सा माना था। वह अंत:करण है यानी एक आंतरिक इंद्रिय जो सुख-दुख का पता देता है और दूसरी सभी इंद्रियों को संचालन का आधार प्रदान करता है। आज जीवन को तकनीकी संचालित करने लगी है और कार्य और विश्राम के बीच की सीमा रेखा धूमिल हो रही है। इसी तरह यथार्थ और आभासी (वर्चुअल) दुनिया को निकट ले आती इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों से लैस होती जा रही हमारे कामकाज की दुनिया उलट-पलट हो रही है। अब बहुत सारे काम लैपटॉप या मोबाइल पर उंगली फिराने भर से पूरे हो जा रहे हैं। इसका असर कार्यों की प्रकृति और उसके आयोजन को प्रभावित पर पड़ रहा है। ऑफिस न जाकर घर से काम करने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। कार्यों के विभाजन और उसकी नियमितता को सुरक्षित रखते हुए गतिशीलता लाने की दिशा में कदम बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, परंतु मानवीय संबंधों और भावनाओं की दुनिया से दूर होती जा रही कार्य की दुनिया अधिकाधिक यांत्रिक हुई जा रही है।

शारीरिक श्रम में बढ़ती कटौती और काम करने में सुभीते के साथ अवकाश का समय बढ़ रहा है, पर बचे समय का सार्थक उपयोग करने की संस्कृति अभी विकसित नहीं हो सकी है। स्क्रीन टाइम बढ़ रहा है। सोशल मीडिया से जुड़ना, पर्यटन पर जाना, मादक द्रव्य व्यसन और किस्म-किस्म की पार्टी आयोजित करना बढ़ रहा है। इसमें अपराध और असामाजिक तत्वों की भागीदारी भी हो रही है। इन सब बदलावों के बीच श्रम का आकार-प्रकार नए रूप पा रहा है। हमें संतुलन बनाते हुए राह बनानी होगी क्योंकि श्रम हमारे अस्तित्व की अनिवार्य शर्त है, जिससे बचा नहीं जा सकता। रचनात्मकता भी तभी आ सकेगी जब हम श्रम को जीवन यात्रा के मध्य प्रतिष्ठित करेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# निजी क्षेत्रों की नौकरी से युवा तनावग्रस्त

वर्तमान समय में यदि देखा जाए तो भारत की कुल आबादी में सिर्फ 4.10 प्रतिशत को ही सरकारी नौकरी है और इसे हम संख्या में समझें तो 10000 लोगों में लगभग 410 लोगों को ही सरकारी नौकरी है, बाकी शेष या तो अपना निजी व्यवसाय करते हैं या खेतीबाड़ी करते हैं या फिर निजी क्षेत्रों में नौकरी करते हैं। इसके अलावा शेष बचे लोग या तो बेरोजगार हैं या फिर उनके अंदर कौशल की कमी हो सकती है।

यदि बात आत्महत्या की, की जाए तो कारण अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन निजी नौकरियों का यह एक कारण विशेष कहना गलत नहीं होगा। भारत में आत्महत्या का अनुपात भारत सरकार के आधिकारिक आंकड़ों ने एक ही वर्ष में 134,600 आत्महत्याओं का दावा किया है। इससे स्पष्ट होता है कि कहीं न कहीं लोग अवसाद के शिकार हो रहे हैं।



लेखक : हिमांशु ठाकुर
एबीवीपी

देखा जाता है कि निजी नौकरियों में कर्मचारी दिन-प्रतिदिन मात्र इस तनाव में रहते हैं कि उससे यदि कार्य ठीक से या समय से पहले नहीं हो पाया तो उसका मालिक उसे नौकरी से निकाल देगा।

इस तरह से उसकी सोच और ज्यादा गहराई में चली जाती है कि यदि उसे नौकरी से निकाल दिया गया तो उसका परिवार, बीवी-बच्चे भूखे मर जाएंगे। इसके चलते वे दिन-प्रतिदिन अपने मालिक की झाड़ सुनते हैं और तनाव भरी जिंदगी जीते हैं, बगै़र यह सोचे-समझे कि यह जीवन कितना कीमती है। इसे मात्र परेशानियों में ही क्यों जिया जाए।

बात यदि इस परेशानी से निकलने की, की जाए तो इसके बारे में केंद्र से लेकर समस्त भारतवर्ष की राज्य सरकारों को संज्ञान लेना चाहिए कि इस तरह की प्रवृत्ति पर किसी अच्छी तकनीक या अच्छे नियमों को पारित कर इस तरह की अनहोनियों पर रोक लगाने का प्रयास किया जाए ताकि भारत का भविष्य उज्ज्वल हो और इन परेशानियों से गुजर रहे सभी लोग अपनी जिंदगी अच्छे से जी पाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**कविता**



**किताबें**

वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

*__किताबें__ करती हैं बातें बीते जमाने की*
*अपने-बेगाने की, दुनिया के इतिहास की*
*हास-परिहास की, अमूल्य संस्कृति की*
*अनुपम प्रकृति की, विचित्र गाथाओं की*
*भटकी आत्माओं की, ज्ञान के अथाह सागर की*
*प्रेयसी प्रेम रूपी गागर की, वीरों के वैराग्य की*
*वीरांगना के त्याग की, शहीदों के बलिदान की*
*भारत माता के मान की, हां किताबें करती हैं बातें*
*इंसान के बीते लम्हात की, वर्तमान और कल की*
*हमारे बीते हर एक पल की।*

# बरसाती आपदा से बचाव के लिए अभी से सतर्कता जरूरी

पिछले वर्ष देवभूमि में आई प्राकृतिक त्रासदी को भला कौन भूल सकता है। आंसुओं के दर्द, अपनों को मलबे के भीतर से खोजने की आशा की नई उम्मीद। कई-कई दिनों तक जिंदा होने की उम्मीदें, पूरे के पूरे परिवारों के शव परिजनों को न मिलने का ताउम्र मलाल। इन सभी गहरे जख्मों ने समस्त हिमाचल की आवाम की अंतर आत्मा को अंदर तक झझकोर एवं हिलाकर रख दिया था। प्राकृतिक आपदा के ऊपर किसी का बस नहीं है। भले ही मानवीकृत आपदा इंसानों की भूल से घटित होती है , पर हम मानवीय भूल को जिम्मेदार ठहरा सकते हैं। इसके विपरीत प्राकृतिक प्रकोप के आवेग को पूर्ण रूप से रोका तो नहीं जा सकता, लेकिन उससे होने वाले नुकसानों को समय रहते कुछ हद तक अवश्य कम किया जा सकता है। इसके लिए सही समय पर तैयारी की रणनीति सही हो तो प्राकृतिक खतरों वाली विशेष जगह को चिन्हित कर, आने वाली मानसून से पहले खतरों को भांप कर, पिछले साल के नुकसान को ध्यान में रखते हुए आगामी खतरों को कम करने के ऊपर जमीनी अभ्यास करने की सख्त एवं चिंतन करने की आवश्यकता है।

हिमाचल प्रदेश क्योंकि एक पहाड़ी प्रदेश है, यहां सबसे ज्यादा नुकसान दरकती नाजुक पहाड़ियों के धंसने, भूस्खलन, भूकंप, सड़कों के उखड़ जाने, घरों के जमीदोंज होने से सबसे ज्यादा मानवीय संसाधनों की हानि होती है। चुनावी शोर में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इसके बाद बरसात नजदीक है। हमें देवभूमि को आने वाले आपदा संकट से बचाना है तो शासन, प्रशासन के साथ-साथ सभी सरकारी तंत्रों को एक साथ कदमताल करते हुए अभी से कमर कसनी होगी। जीवन तो बचेगा ही, सच्चे अर्थों में लोकतंत्र की पराकाष्ठा बरकरार रहेगी। लोग सुरक्षित हैं, भय से आशंकित नहीं हैं तो ही लोकतंत्र की मर्यादा है अर्थात इस शोर के साथ भी जीवन से जुड़े सरोकार भी हैं।



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

पिछले साल भारी बारिश से लगभग 500 से ज्यादा मानवीय जीवन काल के ग्रास में समा गए थे। सरकार को भी 12,000 करोड़ रुपए का भारी आर्थिक नुकसान हुआ था। इससे पशुधन भी हजारों की तादाद में हताहत हुए थे। चुनावी शंखनाद प्रचार के शोर-शराबे के भीतर एक-दूसरे के ऊपर आरोप-प्रत्यारोप लगाने की अमर्यादित भाषा के अंधेरे के भीतर से निकल कर दूसरा सबसे महत्वपूर्ण पक्ष सामने मात्र एक दो महीने का समय है। इसी अवधि को हम स्वर्ण अवधि या यूं कहे ईश्वर ने हमें एक और मौका दिया है। अपने बचाव के रास्ते दुरुस्त करने का। पिछले जख्मों एवं नुकसान से सीखने का अभी से ही आगे का बंदोबस्त कर लेने में ही भलाई है। दूरदराज पहाड़ी इलाकों, खतरे की संभावना वाले गांवों को खाली करवाने की प्रक्रिया, तैयारी कर उन्हें सुरक्षित स्थानों में अस्थायी रूप से विस्थापन करने से संबंधित गौर करना अति आवश्यक है। जब चुनाव समाप्त होंगे, उस के तुरंत बाद हिमाचल प्रदेश के आगे एक बहुत बड़ा संकट खड़ा होगा, वह है मानसून का। इस दौरान हिमाचल की चारों तरफ से क्षति होने की संभावना बनी रहेगी। पिछले साल इसी लगातार मानसून के चलते लोक निर्माण विभाग शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय राजमार्गों का ध्वंस, बिजली बोर्ड, जल शक्ति विभाग शामिल हैं, जिनका लाखों में नुकसान हुआ। दूरदराज के इलाकों मंडी के सराज, कुल्लू के बाहरी सराज इलाके, किन्नौर, शिमला, चंबा, सोलन में भूस्खलन से भारी तबाही हुई थी। ऊपरी इलाकों की सड़कों के अवरुद्ध होने से उन इलाकों में खाद्य सामग्री को पहुंचाने में वायु सेना के हेलिकॉप्टरों की मदद मांगी गई थी। हिमाचल में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की एक वाहिनी स्थापित है, जो कि संकटकालीन परिस्थितियों को कुछ हद तक काबू करने की क्षमता रखती है। लगभग एक हजार से कुछ ज्यादा कार्यबल पूरे हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों और मांगों के अनुकूल जीवन बचाने में पर्याप्त नहीं है।

मलबा और दूसरे किस्म की अवरुद्ध चीजों के बीच फंसी जिंदगियों को बचाने के लिए भारी मशीनों की आवश्यकता है, जो तत्काल लोगों को बचा सकें और शवों को निकाल सकें, जिससे उनके परिजनों को क्रिया कर्म, अंत्येष्टि संस्कार को पूर्ण रूप से कर यह प्रक्रिया संपन्न होने से उन्हें जीवन भर आंतरिक रूप से संतुष्ट करवाता है, बजाय शवों के न मिलने से। अत: पूर्व की इस त्रासदी से हमें आज से ही चुनावी शोर से आगे निकलकर सोचने की आज आवश्यकता है, अन्यथा हम उस वक्त सिर ढकने के लिए तिरपाल किसे मिला, नहीं मिला इसी मंथन में लड़ते रहेंगे। पूर्व के बुजुर्गों की कहावत को भी हमें आज नहीं भूलना चाहिए, जिसमें वे कहते थे कि जब बरसात पड़ रही हो, उस वक्त खेतों में नालियां बनाने से फसल को नुकसान से नहीं बचाया जा सकता अर्थात उनके कहने का तात्पर्य यही होता है कि अगर फसल को बचाना है तो हमें बरसात आने से पूर्व खेतों से अतिरिक्त पानी की निकासी के लिए समय पूर्व बेहतर प्रबंधन के साथ पहले ही नालियां खोदनी होंगी, ताकि पानी का निस्तारण हो सके। हिमाचल में पर्यटक उद्योग यहां के जीवन की आधारशिला है। इस तरह के प्राकृतिक प्रकोप से पर्यटन पूर्ण रूप से प्रभावित होता है, जिसका सीधा असर राज्य की आर्थिकी में पड़ता है।

पिछले साल बरसात में बहुत से बाहरी राज्यों के पर्यटक सड़क मार्ग अवरुद्ध होने के कारण कई-कई दिनों तक परिवारों संग होटलों में फंसे रहे। इसका सीधा नतीजा यह रहा की सीमित,मजबूर पर्यटकों का फायदा पट्टे पर दिए गए बाहरी होटल मालिकों द्वारा मनमाने दाम वसूल कर देवभूमि की मर्यादा को बाहरी राज्यों के इन मेहमानों के मन के भीतर बिठा दिया कि यहां के लोग भी लूटने वालों से कम नहीं,यही लांछन लगा कर यहां से वे सब विदा हुए। इस पर भी प्रशासन को कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती उत्पादों की मांग

भारत में आज भी लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है एवं अपने जीवन यापन के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही आश्रित रहती है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किए जा रहे विकास कार्यों के चलते इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली राशि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं।

हाल ही में जारी किए गए कुछ सर्वे प्रतिवेदनों के अनुसार भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की एक नई कहानी लिखी जा रही है, क्योंकि अब विभिन्न उत्पादों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। उपभोक्ता वस्तुओं एवं ऑटो निर्माता कंपनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के समय में उपभोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों (ट्रैक्टर सहित) की मांग में तेजी दिखाई दे रही है, जो कि वर्ष 2023 में लगातार कम बनी रही थी। यह संभवत: रबी फसल के सफल होने के चलते भी संभव हो रहा है।



लेखक : प्रहलाद सबनानी
आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ

उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल ही में संपन्न अपनी द्विमासिक मोनेटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है, ताकि बाजार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में, उत्पादों की मांग विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, ताकि इससे अंतत: वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के आर्थिक विकास की दर भी अच्छी बनी रहे।

भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है, परंतु वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है एवं अब ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई देने लगी है। यह तथ्य विकास के कुछ अन्य सूचकांकों से भी उभरकर सामने आ रहा है। जनवरी-फरवरी 2024 माह में दोपहिया वाहनों की बिक्री में पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान की बिक्री की तुलना में 30.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है, जो हाल ही के कुछ वर्षों में अधिकतम वृद्धि दर मानी जा रही है।

दोपहिया वाहनों की बिक्री ग्रामीण इलाकों (लगभग 10 प्रतिशत) में शहरी इलाकों (लगभग 7 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले रोजगार के अवसरों की मांग में भी फरवरी-मार्च 2024 माह के दौरान 9.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हो रहे हैं। इसी प्रकार, ट्रैक्टर की बिक्री में भी जनवरी-फरवरी 2024 माह के दौरान 16.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। भारत के मौसम विभाग द्वारा जारी की गई भविष्यवाणी के अनुसार, वर्ष 2024 के मानसून मौसम के दौरान भारत में मानसून की बारिश के सामान्य से अधिक रहने की प्रबल संभावना है। इससे भारत के किसानों में हर्ष व्याप्त है, क्योंकि मानसून के अच्छे होने से खरीफ की फसल के भी बहुत अच्छे रहने की संभावना बढ़ गई है। भारतीय किसान अब तिलहन, दलहन एवं बागवानी की फसलों की ओर भी आकर्षित होने लगे हैं।

दालों, वनस्पति, फलों एवं सब्जियों के अधिक उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि दृष्टिगोचर है। केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न खाद्य उत्पादों की बिक्री के लिए ई-पोर्टल के बनाए जाने के बाद से तो भारतीय किसान अपनी फसलों को वैश्विक स्तर पर सीधे ही बेच रहे हैं और अपने मुनाफे में वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। भारतीय खाद्य पदार्थों की मांग अब वैश्विक स्तर पर भी होने लगी है एवं खाद्य पदार्थों के निर्यात में भी नित नए रिकार्ड बनाए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग सामान्यत: अच्छे मानसून के पश्चात अच्छी फसल एवं विभिन्न सरकारों, केंद्र एवं राज्य सरकारों, द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर किए जा रहे खर्चों में बढ़ोतरी के चलते ही संभव होती है। केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लागू की गई विकास की विभिन्न योजनाओं पर व्यय में लगातार वर्ष दर वर्ष वृद्धि की जा रही है एवं इसके लिए केंद्रीय बजट में भी बढ़े हुए व्यय का प्रावधान प्रति वर्ष किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं एवं इन इलाकों में विभिन्न उत्पादों की मांग भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# भरमौर-पठानकोट हाईवे पर भूस्खलन

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर-पठानकोट हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थमने से नौकरी पेशा लोगों, स्कूली बच्चों और दिहाड़ी लगाने के लिए जिला मुख्यालय का रुख करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मूसलाधार बारिश से भरमौर पठानकोट हाईवे रजेरा, करियां, चनेड के समीप भारी भूस्खलन से आज सुबह बीच-बीच में बंद होता रहा। हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थमने से नौकरी पेशा लोगों स्कूली बच्चों और दिहाड़ी लगाने के लिए जिला मुख्यालय का रुख करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।


मलबे के कारण बंद सड़क।

ग्राम पंचायत पियूरा सड़क बंद होने के कारण बच्चे भी समय से स्कूल नहीं पहुंच पाए इसकी पुष्टि पूर्व बीडीसी सदस्य शिवकुमार सिंघानिया ने की।

# चुराह के मंगली में मलबे की चपेट में आई महिला लापता

**आजम डार, तीसा**

चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मंगली पंचायत के पति और पत्नी सुबह के समय घर से जंगल की तरफ जंगली गुच्छी ढूंढने निकले थे लेकिन अत्यधिक बारिश होने की वजह से नालों का जलस्तर बढ़ गया, जिसके चलते जैसे ही दंपति ने गबनेड नाला पार करने की कोशिश की तो नाले में अचानक पानी के संग भारी मात्रा में मलवा आ गया जिसकी चपेट में दोनों आ गए।

वहीं पानी एवं मलवे का बहाव ज्यादा होने की वजह से महिला का पता नहीं चल पाया। जबकि पति ने जैसे तैसे अपनी जान बचाने में तो कामयाब रहा, लेकिन मलवे में उसके संग बही अपनी पत्नि को नहीं बचा पाया। नाले के मनवे में बही महिला की पहचान जेवन्ति पति हेम राज गांव व डाकघर मंगली के रूप में हुई है।


नाले में लापता महिला को खोजते हुए उपमंडल चुराह अधिकारी व अन्य।

वहीं अपने साथ बीती इस घटना की सूचना पीड़ित हेमराज ने प्रधान और प्रशासन को दी। उधर, सूचना मिलते ही चुराह प्रशासन भी मौके पर पहुंचकर सर्च अभियान में जुट गया, परंतु महिला का कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। जबकि उपमंडल चुराह प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को पांच हजार की फोरी राहत दी गई है।

एसडीएम चुराह शशि पाल शर्मा ने बताया कि मंगली पंचायत में नाले में पानी एवं मलवे के बहाव में एक दंपति के बहने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसमें दंपत्ति में पति हेमराज अपनी जान बचाने में सफल रहा लेकिन वह पत्नि को नहीं बचा पाया, जिसकी खोज में सर्च अभियान आरंभ किया है।

# सिविल अस्पताल तीसा में बिजली की आंख मिचौनी से मरीज परेशान

**तीसा ।** चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिविल अस्पताल तीसा में दो दिनों से बिजली की आंख मिचौली से मरीज और तीमरदारों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गत रोज से बिलजी की आंख मिचौनी से सिविल अस्पताल में न तो टाइम से एक्स-रे हो पा रहे और न ही टेस्ट हो रहे है।

वहीं इलाज करवाने आए लतीफ, हरी सिंह, मान सिंह, शकुंतला, बिबो, संदीप, हेम राज, वासु देव हिरा लाल का कहना है किपहाड़ी क्षेत्र होने की वजह से काफी दूर दूर से लोग यंहा इलाज करवाने आते, लेकिन बिजली की आंख मिचौली से घंटों इंतजार करना पड़ा। मरीजों का कहना है की बिजली कभी आ रही कभी जा रही लोगों ने प्रशासन से हॉस्पिटल में अलग से ट्रांसफार्मर लगाने की बात की है।

उधर एसडीएम चुराह शशि पाल शर्मा ने कहा मामला ध्यान में आया है बीएमओ तीसा और बिजली बोर्ड कर्मचारियों से इस मामले की रिपोर्ट मांगी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### थल्ली सियुका स्कूल में बच्चों को बांटी टाई और बैल्ट

**भरमौर ।** ग्राम पंचायत रूणुहकोठी के उप प्रधान व पूर्व एसएमसी अध्यक्ष देवो राम ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय थल्ली सियुका प्रारंभिक शिक्षा खंड गरोला में शिक्षा ग्रहण कर रहे 35 बच्चों को अपनी तरफ से टाई व बैल्ट बांटी। जिसके लिए पाठशाला प्रभारी श्री नेक राज व पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री राणा राम ने उप प्रधान श्री देवो राम का आभार व्यक्त किया।

### ईंटों से भरा ट्रक पलटा, आवाजाही रही बंद



**तीसा ।** नकरोड़-चांजू मार्ग पर बघेईगढ़ के समीप मार्ग के बीचों-बीच ईंटों से लदा ट्रक पलटने से वाहनों की आवाजाही बंद पड़ गई। मार्ग पर वाहनों की रफ्तार थमने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मार्ग बंद होने से नकरोड़ और चांजू की ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने के बाद दो जेसीबी की मदद के जरिए ट्रक को सीधा किया गया। जिसके बाद ही मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल हो पाया।

### सरकार से मनवाएंगे लंबित मांगें : राम शर्मा

**सुंदरनगर।** हिमाचल पेंशनर फेडरेशन जिला इकाई की बैठक प्रभु राम जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में सुंदरनगर स्थित आनंद धाम में आयोजित की गई, इसमें प्रदेश अध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच का संचालन जिला महासचिव दलीप ठाकुर द्वारा किया गया। उन्होंने बैठक में मीटिंग का एजेंडा प्रस्तुत कर सभी पधारे सदस्यों का स्वागत किया। वक्ताओं द्वारा बैठक के एजेंडे पर अपने अलग अलग विचार पेश किए और मुद्दों पर प्रकाश डाला। सदस्यों ने सामूहिक तौर पर संगठन की मजबूती के लिए जोर डाला। बैठक में इस मुद्दे पर उनका कहना था कि संगठन ही हमारी ताकत है और इसके बलबूते पर हम सरकार से अपनी लंबित मांगों को मनवा सकते हैं। जिला इकाई ने प्रदेश स्तर के चुनाव जल्द कराने का आग्रह किया, ताकि संगठन में समन्वय की स्थित बनी रहे। इसके जवाब में प्रदेश अध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा ने सदस्यों को अवगत कराया कि जून के प्रथम सप्ताह में चुनाव अवश्यमेव करा दिए जाएंगे।

## लोग कूड़ा फैलाने और पर्यावरण को प्रदूषित करने से नहीं हट रहे पीछे

# पंचायतों में लग रहे कूड़े के अंबार

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

जिला चंबा की लगभग सवा तीन सौ पंचायतें साफ-सफाई एवं कूड़ा कर्कट की समस्या से जूझ रही हैं, इसके लिए जिला प्रशासन ने भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जहां पंचायत के हर गांव गली मोहल्लों में समय-समय पर स्वच्छता को लेकर के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, तो वहीं पंचायत स्तर पर सफाई को लेकर कई तरह की शक्तियां ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को दी गई हैं, लेकिन मौजूदा समय के हालात चिंता जनक होते जा रहे हैं। इसको लेकर अगर जिला प्रशासन एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए गए तो हो सकता है इसका खामियाजा हमारे आने वाली पीढ़ियां को उठाना पड़े।

जिला की ऐसी कोई भी पंचायत नहीं है जो इस साफ-सफाई एवं कूड़ा-कर्कट की समस्या से न जूझ रही हो, हालांकि जिला की कई


नालों में फेंका हुआ कूड़ा।

पंचायत ने तो कूड़ा-कर्कट फैलाने वालों पर भारी जुर्माना एवं सजा का भी प्रावधान रखा है, बावजूद इसके भी लोग कूड़ा-कर्कट फैलाने एवं पर्यावरण को प्रदूषित करने से पीछे नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

### समस्या का जल्द हो समाधान : गांववासी

**स्थानीय** ग्रामवासी मोनिका, अनीता, सुनीता, राजेंद्र, राकेश, विकास, सुरजीत, मनीष, विजय, अजय एवं सुमित ने बताया कि डलहौजी एवं इसके आसपास के क्षेत्र में होटल की संख्या में एकदम से इजाफा हो गया है तथा होटल का कूड़ा-कर्कट भी चोरी चुपके क्षेत्र के आसपास की जगह पर फैला दिया जाता है जो की चिंता का विषय है, इस विकराल समस्या का जल्द से जल्द उपाय करें ताकि इस समस्या से छुटकारा मिल सके।

### जल्द होगा समस्या का समाधान : मनीष

वहीं विकास खंड अधिकारी भटियात मनीष कुमार ने बताया कि साफ-सफाई कूड़ा-कर्कट एवं प्रदूषण की समस्या यह मात्र पंचायत स्तर की समस्या ही नहीं अपितु विश्व स्तरीय समस्या है जिससे पूरा विश्व जूझ रहा है, लेकिन विकासखंड भटियात के अंतर्गत आने वाली 70 पंचायतों के विभिन्न गांवों को चिन्हित किया गया है जहां कूड़े के निपटान के लिए संयंत्र लगाए जाने हैं, जिसके लिए कागजी कार्रवाई जो है वह अमल में लाई जा रही है। जैसे ही कागजी कार्रवाई मुकम्मल हो जाएगी वैसे ही इस प्रक्रिया को अमली जामा पहना दिया जाएगा। वहीं डलहौजी क्षेत्र के अंतर्गत बनीखेत में जगह को सुनिश्चित किया गया है और जल्द ही बनीखेत, पुखरी, ढलोग बगढार पंचायतों के तहत गांव को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

# सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक वोट कीमती : डीसी


मतदान जागरूकता कैंप के दौरान मौजूद डीसी व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय चंबा के सभागार में 'स्वीप' के तहत महिला मतदाताओं के लिए विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा मुकेश रेपसपाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मजबूत लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में ललिता वकील विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# पुलिस ने हेरोइन सहित पंजाब का युवक किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत एएनटीएफ दल कांगड़ा एवं पुलिस थाना डलहौजी के दल द्वारा सांझा कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक नशा तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी अनुसार पुलिस दल को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी की एक नौजवान डलहौजी छावनी की वर्षाशालिका में नशे की खेप को ठिकाने लगाने की फिराक में है। इसी सूचना के आधार पर एएनटीएफ दल कांगड़ा एवं पुलिस डलहौजी द्वारा सांझा अभियान को अंजाम देते हुए मौके पर पहुंचे और युवक से पूछताछ की तो युवक बुरी तरह से घबरा गया और जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से कुल 13.06 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद करने में सफलता हासिल की, आरोपी की पहचान विशाल सिंह पुत्र रशपाल सिंह गांव व डाकघर गुडवाली तहसील तरनतारन जिला अमृतसर पंजाब के रूप में हुई है।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इसकी पुष्टि सहायक पुलिस अधीक्षक एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कांगड़ा राजेंद्र जसवाल द्वारा की गई है।

# 2 मई को बिजली बंद रहेगी

**डलहौजी ।** डलहौजी के अंतर्गत 2 मई को केवी सब-स्टेशन बाथरी के तहत 11केवी बाथरी लोकल फीडर की एचटी/एलटी लाइनों की आवश्यक मरम्मत एवं रख-रखाव हेतु सुबह 9 बजे से शाम के 5 बजे अथवा कार्य समाप्ति तक बाथरी बाजार, देवी देहरा, गोली, शेरपुर, बोंखरीमोड, उग्राल, सुकडांईबाई, एलन नाली, भडेटा, चकरा, तलाई, कोठा बदरोटू, चोहड़ा, गंढीयार एवं इसके आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल डलहौजी इंद्रजीत सिंह ने दी।

# मौरी ढांक में सड़क मलबे में दफन

**भरमौर ।** जनजातीय उपमंडल भरमौर में होली न्याग्रां मार्ग पर मौरी ढांक में बड़ा पहाड़ दरक गया। इसकी जद में आकर सड़क मलबे में दफन हो गई है, वहीं सड़क किनारे बनाया गया एक मंदिर भी तहस नहस हो गया है। सड़क बंद होने से क्षेत्र की ग्राम पंचायत न्याग्रां, बजोल तथा ग्रोंडा का संपर्क भी होली तहसील मुख्यालय से कट गया है। उधर, ग्राम पंचायत न्याग्रां कै प्रधान अशोक ठाकुर ने कहा कि व्याख्यान मार्ग पर कुलेठ घार परेशानी का सवब बनी हुई है।

# सीएम का भरमौर पहुंचने पर होगा भव्य स्वागत : ठाकुर सिंह

**ओपी शर्मा, भरमौर**



लोकसभा चुनाव के तहत मंडी संसदीय क्षेत्र अधीन जनजातीय क्षेत्र भरमौर में दो मई को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह का स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा। पूर्व कैबिनेट मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू व प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने तमाम तैयारियां पूर्ण कर है।

मुख्यमंत्री सुक्खू व प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह दो मई भरमौर हेलीपैड में सुबह 11 बजे पहुंच जाएंगे, जहां उनका कांग्रेस कमेटी भरमौर द्वारा सर्वप्रथम स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके बाद मुख्यमंत्री विक्रमादित्य विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व लोकसभा उपचुनाव की भांति भरमौर-पांगी की जनता उनके पुत्र मंडी संसदीय क्षेत्र सीट प्रत्याशी विक्रमादित्य के समर्थन में खुलकर मतदान करेंगे और एक रिकार्ड मतों से वह विजय प्रथम लहराएंगे।

मुख्यमंत्री व विक्रमादित्य तीन मई को पांगी क्षेत्र का दौरा करेंगे। उन्होंने भरमौर व पांगी क्षेत्र के कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों, सदस्यों व जनता से आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं।

# पठानिया का दावा-दोनों चुनाव जीतेगी कांग्रेस

**एमएम डैनियल, चंबा**

प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी जीत का परचम लहराएगी। साथ ही विधानसभा के उपचुनाव मे भी सभी सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी भारी बहुमत से जीतेंगे। यह बात चंबा में अपने अनौपचारिक दौरे के दौरान प्रदेश के मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंबा के कार्यालय में कही।

गौर हो कि प्रदेश के मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया परिवार सहित भरमौर उपमंडल स्थित शिवशक्ति माता मंदिर छतराड़ी में भगवती जागरण के लिए गए थे। वापसी पर लौटते समय वे कुछ देर विश्राम के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंबा के कार्यालय मे रुके । इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों को जी जान से चुनावों मे जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों के कार्यकाल मे एनडीए सरकार ने देश का भरपूर आर्थिक शोषण किया है। बेरोजगारी अपने चरम पर है साथ ही मंहगाई आसमान छू रही है। लेकिन प्रधानमंत्री राजनीतिक लाभ के लिए देश को धर्म के नाम पर बांट रहे है।


केवल सिंह पठानिया प्रदेश के मुख्य सचेतक।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा व न्याय यात्रा ने उनकी रातों की नींद छीन ली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का चुनावी घोषणापत्र सराहनीय है क्योंकि इसमे युवाओं के लिए रोजगार व समाज के हर वर्ग के आर्थिक उत्थान का जिक्र किया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व मे कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र की पांच गारंटियां पूर्ण की है। वहीं उन्होंने पिछले वर्ष प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से बाखूबी निपटने के साथ-साथ प्रदेश के आर्थिक विकास की नई इबारत लिखी है ।

इससे पूर्व इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंबा के अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर व अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव महमूद अहमद, जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरदीप सिंह भटियानी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंबा के महासचिव दीपक कुमार, मत्स्य रिस्क फंड कमेटी के गैर सरकारी सदस्य जितेंद्र मैहरा, कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा उर्फ राजू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चम्बा के सचिव देवराज शर्मा, सचिव अनिल मैहरा, सचिव राकेश महाजन, सचिव बलदेव राज धीमान, पूर्व प्रधान कमल किशोर, सचिव प्रवीण कुमार, सचिव पवन कुमार, संजय सलारिया, कुलदीप कुमार सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।(अनंत ज्ञान)

# गैस सिलेंडर की लीकेज से दंपती बेहोश, अस्पताल में उपचाराधीन

**अनंत ज्ञान, तीसा**

चुराह उपमंडल के तहत ग्राम पंचायत चरड़ा के गांव भराडवी में घरेलू गैस सिलेंडर की पाइप लीक होने की वजह से एक दंपति अचेत हो गया। मंगलवार सुबह जब दंपति समय पर नहीं उठा तो परिवार के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा खटखटाया लेकिन, अंदर से दरवाजा न खुलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़कर कमरे के भीतर देखा तो वे दंग रह गए।

कमरे में गैस की गंध फैली हुई थी जबकि, पति और पत्नी बेसुध हालत में बिस्तर पर पड़े हुए थे।

ग्राम पंचायत चरड़ा के उपप्रधान फकरदीन ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि चरड़ा पंचायत के भराड़वी निवासी टेक चंद और उनकी पत्नी सुषमा देवी रोजमर्रा की तरह सोमवार रात को खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए लेकिन, रसोई गैस का पाइप लीक होने के बाद गैस की गंध फैलने से दोनों अचेत हो गए।

आज सुबह जब दोनों समयानुसार नहीं उठे तो परिजनों ने उनका दरवाजा खटखटाया और आवाजें लगाई लेकिन अंदर से कोई भी आवाज न आने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो वे दोनों बेसुध पड़े मिले। आखिरकार परिवार के सदस्यों ने दोनों को मेडिकल कॉलेज चंबा पहुंचाया जहां पर दोनों की हालत में अब सुधार बताया जा रहा है

## सूडोकु 0049

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0048 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# पांगी में बारिश से मकान क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, पांगी**

जिला चंबा के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी के दायरे में आने वाले ग्राम पंचायत करयूनी के बखांऊ गांव में बारिश के कारण एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। हालांकि इस घटना में कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। उधर पांगी प्रशासन द्वारा सूचना मिलते ही तहसीलदार पांगी को मौके का जायजा लेकर पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता मुहैया करवाने के आदेश जारी कर दिए है।

वहीं भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र विधायक डॉ. जनक राज द्वारा पीड़ित परिवार को 10 हजार रुपए की राहत राशि प्रदान की है।

जानकारी के अनुसार मदनलाल पुत्र भगवान चंद निवासी बखांऊ पंचायत करयूनी के पुश्तैनी मकान की दूसरी मंजिल की छत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर टूट गई है। इस घटना में पीड़ित परिवार का तकरीबन तीन लाख के करीब का नुकसान हुआ है । इस संदर्भ में पुष्टि करते हुए उप मंडल दंडाधिकारी पांगी रमन घरसंघी ने बताया कि तहसीलदार पांगी को पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता प्रदान करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

# 12वीं में मोनिका ने हासिल की पोजिशन

**आरके रांगड़ा, चंबा**

छात्रा मोनिका ने परिवार में तमाम अभावों के बावजूद कड़े परिश्रम करके प्रदेश में जमा दो कक्षा में अभिभावकों सहित शिक्षकों का नाम रोश किया है।

जिसके चलते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बकाणी में विद्यालय प्रशासन और प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था ने मिलकर एक सम्मान समारोह आयोजित किया जिसमें विद्यालय परिवार व प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के संस्थापक श्री दीपक भाटिया जी उपस्थित रहे । गौर हो कि छात्रा मोनिका के पिता केवल कुमार मिस्त्री का कार्य करते हैं और माता सीमा देवी गृहिणी हैं।


प्रशासन व प्रेरणा संस्था के सदस्य छात्रा मोनिका को सम्मानित करते।

छात्रा मोनिका ने हिमाचल प्रदेश 10+2 बोर्ड में 500/476 नंबर लेने में सफल रही। छात्रा मोनिका ने सिद्ध कर दिखाया कि मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है। प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के अध्यक्ष दीपक भाटिया ने बताया मोनिका पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणास्रोत है।

## अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

1 मई, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** वैसाख, **तिथि** सप्तमी: (5:48) : **नक्षत्र :** श्रवण (03:11), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** शुभ (8:00) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:18 - 1:57)।

**विशेष दिन**

- 1 मई, 2024 : बूढ़ा बासोड़ा आज।
- 1 मई, 2024 : कालाष्टमी आज।

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** यात्रा को यथासंभव टालें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। किसी व्यक्ति से अकारण विवाद हो सकता है।

**वृषभ:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यर्थ खर्च होंगे। जीवनसाथी के बारे में चिंता रहेगी।

**मिथुन:** राज्य से लाभ होगा। नई योजना बनेगी। सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। नए कार्य प्रारंभ हो सकते हैं।

**कर्क :** शत्रुओं से सावधान रहें। नए मित्र बनेंगे। सुख के साधनों पर व्यय होगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। धनलाभ सुगम होगा।

**सिंह :** व्यापार से बड़ा लाभ हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही से शारीरिक हानि हो सकती है।

**कन्या :** कोई बुरी खबर मिल सकती है। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**तुला:** वाणी पर नियंत्रण रखें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। भूमि व भवन इत्यादि के कार्य लाभप्रद रहेंगे।

**वृश्चिक:** शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। विरोध हो सकता है। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**धनु :** आशंका-कुशंका के चलते कार्यप्रणाली प्रभावित हो सकती है। समय पर काम नहीं होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई बुरी सूचना मिल सकती है।

**मकर:** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कार्य के प्रति चिंता रहेगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**कुंभ :** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। व्यस्तता रहेगी। परिवार के वरिष्ठ जनों को लेकर चिंता रहेगी।

**मीन:** जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य हो सकता है।

**मांग** | स्कूल प्रवक्ता संघ ने विभिन्न मामलों पर शिक्षा विभाग समक्ष उठाए मुद्दे

# पदोन्नति वेतन वृद्धि में अविलंब निपटारा किया जाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला चंबा जिला संचालन समिति की बैठक जिला मुख्यालय पर जिला प्रधान दीप सिंह खन्ना के अध्यक्षता में हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ जिला प्रधान दीप सिंह खन्ना ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें अनुबंध पर नियुक्त प्रवक्ताओं के शीघ्र नियमितीकरण के लिए शिक्षा विभाग से मांग की है। स्कूल प्रवक्ता संघ का मानना है कि चुनाव आचार संहिता के कारण नियमितीकरण समयानुसार नहीं हो रहा है, जिससे प्रवक्ताओं को काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है।


हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला चंबा व राज्य पदाधिकारी व सदस्य।

प्रवक्ता संघ ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि राज्य चुनाव आयोग से अनुमति लेकर अविलंब नियमितीकरण की राह दुरुस्त करके अनुबंध पर नियुक्त प्रवक्ताओं को राहत प्रदान की जाए।

उन्होंने प्रवक्ताओं की वरिष्ठता सूची को अंतिम रूप देने संबंधी विभागीय कार्यों का निपटारा भी शीघ्र किया जाए, ताकि प्रवक्ताओं को इसका लाभ मिल सके, जबकि शिक्षा निदेशालय में दीर्घकाल से लंबित प्रवक्ताओं के पदोन्नति वेतन वृद्धि के मामलों को भी अविलंब निपटारा किया जाए।

वहीं हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ चंबा से राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, महासचिव राजेश ठाकुर, जिला संचालन समिति के चेयरमैन शौकत अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश बसंत, वित्त सचिव संजीव ठाकुर, मुख्य प्रैस सचिव जगजीत जरयाल, मुख्य संगठन सचिव उधम सिंह जम्वाल, राज्य संचालन समिति के सदस्य सूरज वाली, राजदीन, ज्ञान भारद्वाज राज्य कार्यकारिणी के सदस्य संजय शर्मा, राजीव ठाकुर, राजकुमार, बालक राम शर्मा, हेम राज, हरविंद्र सिंह, राकेश राणा, जिला सह सचिव प्रताप नेगी, धीरज ठाकुर, आशीष ठाकुर , भुवनेश्वर, ओम प्रकाश शर्मा, सुनील मांडला ने प्रदेश सरकार से अविलंब नियमितीकरण की मांग की है।

# धीरे-धीरे बदल रहा पीपल जातर मेले का स्वरूप

## आधुनिक व्यापार-सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक सिमटा मेला, 15वीं शताब्दी से मनाया जा रहा मेला

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

ऐतिहासिकता को समेटे हुए पीपल जातर (बसंतोत्सव) मेले का समय के साथ धीरे-धीरे स्वरूप बदलता जा रहा है।

मेले में अब पहले की तरह व्यापार नहीं होता है। पहले जहां तिब्बत, चीन, लाहौल, किन्नौर और कुल्लू के लोगों में हाथों से बनी वस्तुओं की अदला-बदली का व्यापार होता था, वहीं अब बाहरी राज्यों के व्यापारी अपना सामान बेचने के लिए मेले में पहुंचते हैं। प्राचीन समय में तिब्बत के व्यापारी ऊन लाते थे और यहां से ऊन के बदले गुड़ और नमक ले जाते थे। एक दौर था जब लोग गाय, बछड़ों सहित खेतों में हल चलाने के लिए बैलों की जोड़ियां भी इस मेले से खरीदते थे, लेकिन आज पशु व्यापार भी नहीं होता और पशु मैदान भी अब पार्किंग स्थल व एक और मैदान में बैडमिंटन भवन बना दिया गया है। पहले मेले के दौरान प्राचीन लालड़ी नृत्य भी होता था, अब धीरे-धीरे यह सब चीजें खत्म होती जा रही हैं। कभी जहां कुल्लू के ढालपुर मैदान में पीपल के पेड़ की छांव में राज दरबार सजता था और राजा कुल्लू जनपद की जनता की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करते थे, वक्त के साथ-साथ राज शासन खत्म होने के बाद राज दरबार मेले में तबदील हो गया और पीपल जातर मेला राय री जाच (राजा का मेला) के नाम से जाना जाने लगा। वह पीपल का पेड़ भी अपनी जिंदगी का पड़ाव पूरा कर अपना अस्तित्व खो गया, अब न ही तो राज दरबार सजता है, न ही प्रजा अपना दुखड़ा सुनाती है, लेकिन राज दरबार की याद में यहां पीपल जातर मेला आज भी मनाया जा रहा है। बसंत के बाद मनाए जाने वाले इस मेले को बसंतोत्सव के नाम से भी जाना जाता है।


पीपल जातर मेले में लगी दुकानें।

बेशक हर साल 28 से 30 अप्रैल तक पीपल जातर मेला मनाया जाता है, लेकिन अब यह मेला आधुनिकता के रंग में रंग गया है, मेले में अब आधुनिक सामान ही मिलता है। लिहाजा, अब पीपल जातर मेला सिर्फ आधुनिक व्यापार और सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक ही सिमटकर रह गया है। (अनंत ज्ञान)

### दशहरे से भी पुराना है मेले का इतिहास

पीपल जातर मेले का इतिहास दशहरा से भी पहले का है, पीपल मेला 15वीं शताब्दी से हो रहा है, जबकि अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव का शुभारंभ 16वीं शताब्दी से शुरू हुआ है। राजा महाराजाओं के समय से शुरू हुई पीपल जातर मेले की बागड़ोर अब नगर परिषद कुल्लू के हाथ में है और नप कुल्लू की ओर से हर साल धूमधाम से मेला आयोजित किया जाता है।



> अब पीपल जातर मेले में न तो पशु व्यापार होता है, न ही पहले की तरह व्यापार, अब यह मेला सिर्फ आधुनिक व्यापार और सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक ही सिमट कर रह गया है।
>
> **डॉ. सूरत ठाकुर, साहित्यकार कुल्लू।**

# गोपाल व राजेंद्र की जोड़ी ने मचाया धमाल

## स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता बनी आकर्षण का केंद्र, रैंप पर जलबे बिखेर रहीं प्रतिभागी



पीपल जातर की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार (दाएं) रैंप पर जलवा बिखेरती हुई स्प्रिंग क्वीन की प्रतिभागी।

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

पीपल जातर (बसंतोसव) 2024 की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में उझी रा खापरा एवं पहाड़ी फोक शेक फेम के गोपाल शर्मा और राजेंद्र आचार्य उर्फ जॉनी के नाम रहा। दिन भर हुई भारी बारिश और ठंड के चलते दूसरी सांस्कृतिक संध्या में हालंकि शुरुआत में दर्शकों का अभाव देखा गया, लेकिन शाम को कलाकेंद्र में ठंड के बावजूद अपनी उपस्थिति दर्ज की।

इसके बाद सांस्कृतिक संध्या में कुल्लू के स्थानीय कलाकारों ने बारी-बारी अपने गानों और नृत्य के माध्यम से सांस्कृतिक संध्या में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश की। पीपल जातर की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुल्लू संजीव चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी उपस्थित रहे। इसके बाद नगर परिषद कुल्लू के ईओ अनुभव शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि और अन्य मेहमानों का कुल्लवी परंपरा अनुसार टोपी ओर शॉल पहना कर स्वागत किया साथ मेले की स्मृति को ताजा बनाए रखने के लिए काष्ठकुणी शैली में बनी खूबसूरत स्मृति चिन्ह भेंट की। इसके बाद मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में पीपल जातर के आयोजन के लिए सभी को अपनी शुभकामनाएं भेंट की। इस अवसर पर स्प्रिंग क्वीन 2024 के प्रतिभागियों ने खूबसूरत परिधान में सुसज्जित होकर प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में स्टेज पर रैंप वॉक कर अपनी मौजूदगी को दर्शाया, जिसपर दर्शकों ने भी सीटियों और तालियों से हौंसला अफजाई की। सांस्कृतिक संध्या में सिंहमल सांस्कृतिक कला संगम गाहर, नारायण महिला मंडल, पुष्पा अखाड़ा बाजार, सोनू जसवाल कुल्लू, शिवांगी द्वारा डांस, अन्वेषा द्वारा डांस, शीर्षा ठाकुर ने डांस की प्रस्तुति दी, जिस कर दर्शकों ने ताली बजा कर खूब सराहा। इसके बाद आईटीईएस के द्वारा फैशन शो का आयोजन किया गया और इनके बाद ऋषिता द्वारा विभिन्न प्रकार के क्लासिकल नृत्य को पेश किया और इसके बाद आदित्य वर्धन ने सेमी क्लासिकल नृत्य एकल दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

# मेले में अगले साल फिर आने का वादा कर वापस लौटे गौहरी देवता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू में तीन दिवसीय पीपल जातर मेले का मंगलवार को गौहरी देवता के वापस लौटते ही मेले का समापन हो गया। इस मौके पर देवता के अस्थायी शिविर में माहौल देवमयी हो गया और सैकड़ों लोग यहां उपस्थित रहे और देवविधि के साथ पीपल मेला संपन्न हो गया।

देवता वीरनाथ गौहरी के कारदार राजकुमार महंत ने बताया कि पिछले करीब 16 वर्षों से गौहरी देवता पीपल जातर मेले का आगाज करते हैं और उनकी वापसी के साथ ही मेले का समापन भी होता है। तीन दिनों तक अपने अस्थायी शिविर में रहने के बाद मंगलवार को देवता अपने देवालय वापस लौट गए। तीन दिनों तक गौहरी देवता के कारकून ढालपुर स्थित देवता के अस्थायी शिविर में देव तपस्या में लीन रहे। तीन दिनों तक देवता के दर्शन के लिए अस्थायी शिविर में दिनभर व शाम के समय श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। लिहाजा, गौहरी देवता श्रद्धालुओं से अगले साल फिर मिलने का वादा करके अपने कारकूनों के साथ वापस अपने देवालय लौट गए। इस अवसर पर नगर परिषद कुल्लू के उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत सहित अन्य पार्षद भी उपस्थित रहे।


गौहरी देवता का आशीर्वाद लेते श्रदालु।

# कुल्लू में निजी डायलिसिस केयर सेंटर पर लापरवाही का आरोप

## गुरजीत सिंह ने लगाया टेक्नीशियन पर आरोप, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और एसपी को सौंपा शिकायत पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित एक निजी अस्पताल में एक महिला मरीज के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

महिला मरीज के पति ने कुल्लू के इस निजी अस्पताल में डायलिसिस केयर सेंटर के खिलाफ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू और एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन को शिकायत की है। शिकायत पत्र में गांधीनगर निवासी गुरजीत सिंह ने अपनी पत्नी जगजीत कौर के डायलिसिस में कोताही बरतने का आरोप लगाया है। गुरजीत सिंह ने बताया कि वह कुल्लू के

**चार की जगह सिर्फ दो घंटे ही करवाया डायलिसिस**

लाइफ लाइन केयर हॉस्पिटल में चल रहे डायलिसिस केयर सेंटर में पिछले दो साल से अपनी पत्नी का डायलिसिस करवा रहे हैं। इसी कड़ी में जब पांच अप्रैल को डायलिसिस केयर सेंटर में उनकी पत्नी का डायलिसिस करवाया जा रहा था, तो यहां स्थायी टेक्नीशियन की जगह एक अन्य युवक जिसका नाम पवन बताया जा रहा है डायलिसिस करवाने के लिए उपलब्ध था। जिसने मेरी पत्नी के डायलिसिस में कोताही बरती। नीडल ठीक नहीं लगने के कारण पत्नी के शरीर से खून बाहर

**7 यूनिट खून से 4 यूनिट खून ही रह गया था**

निकल गया और वह बेहोश हो गई। इस दौरान चार घंटे की जगह सिर्फ दो घंटे ही डायलिसिस करवाया। इस कोताही के कारण पत्नी का स्वास्थ्य खराब हुआ। ऐसे में छह अप्रैल को उनकी पत्नी को अस्पताल कुल्लू में एडमिट करवाना पड़ा। 8 को 2 यूनिट खून चढ़ाना पड़ा। डायलिसिस के दौरान कोताही के कारण 7 यूनिट खून से 4 यूनिट खून ही रह गया था। ऐसे में जब 13 अप्रैल को फिर डायलिसिस करवाने गए, तो उन्होंने डायलिसिस करवाने से मना किया और आपातकाल में नेरचौक जाकर डायलिसिस करवाना पड़ा। उसके बाद वहां से स्थिति गंभीर होने पर पीजीआई चंडीगढ़ भी जाना पड़ा। डायलिसिस केयर सेंटर की लापरवाही के चलते हमें मानसिक परेशानी और आर्थिक नुकसान झेलनी पड़ रही है। ऐसे में उन्होंने इस डायलिसिस सेंटर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### जांच की जाएगी

उधर, सीएमओ कुल्लू नागराज पवार ने बताया कि इस बारे में उन्हें शिकायत मिली है, जिसकी जांच की जाएगी और जो भी पहलू सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 432 अग्निवीर को भेजा अलग-अलग प्रशिक्षण केंद्रों पर

**कुल्लू।** सेना भर्ती कार्यालय मंडी स्थित भर्ती निदेशक कर्नल डीएम सामंत ने बताया कि अग्निपथ योजना के अंतर्गत एआर ओ मंडी ने 432 भिन्न-भिन्न श्रेणी के अग्रिवीर को भारतीय थल सेना के अलग-अलग प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। अग्निवीर में चयन के उपरांत अग्निवरों को प्रशिक्षण के लिए भेजने के दौरान उनमें भारी उत्साह देखने को मिला। भर्ती निदेशक एआरओ मंडी ने चयनित युवाओं व अन्य सभी से आह्वान किया कि वे अन्य युवाओं को भी भारतीय सेना में आने के लिए प्रेरित करें।

# रवि ठाकुर का बढ़ रहा कुनबा, कांग्रेस प्रत्याशी के चयन में उलझी

**अनंत ज्ञान, काजा**

एक और जहां लाहौल-स्पीति में कांग्रेस अभी तक प्रत्याशी के चयन को लेकर उलझी हुई है। वहीं, दूसरी और भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर का स्पीति में लगातार कुनबा बढ़ रहा है। लाहौल में जनसंपर्क अभियान चलाने के बाद अब रवि ठाकुर ने जोरों से अभियान चलाया हुआ है।

स्पीति की समस्त घाटी में लोग उनका स्वागत कर रहे हैं। खराब मौसम व बर्फ के फाहों के बीच वह लोगों के बीच में पहुंच रहे हैं। रवि करीब एक सप्ताह से स्पीति में कार्यकर्ताओं के साथ डटे हुए हैं। इसी कड़ी में रवि ने लोसर से काजा तक चुनाव प्रचार अभियान चलाया है। मंगलवार को उन्होंने शेगो व लिंगती में प्रचार किया। लाहौल की अपेक्षा स्पीति में रवि ठाकुर को भाजपा संगठन का साथ अधिक मिल रहा है। भाजपा के लोग तो रवि को समर्थन दे ही रहे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी में उनके समर्थक रहे कांग्रेस कार्यकर्ता भी खुलकर उनका साथ दे रहे हैं। स्पीति के लोगों का रवि को समर्थन मिल रहा है। उधर, रवि ने बताया कि स्पीति में उन्हें लोगों का समर्थन मिल रहा है। स्पीति में लोगों के घरद्वार व वृद्धाश्रम में जाकर वह बड़े-बुजुर्गों का कुशलक्षेम जानने के साथ ही लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। इस दौरान उनके साथ लाहौल-स्पीति भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र, स्पीति मंडल अध्यक्ष राकेश, मंडल महामंत्री डेमडुल, भाजपा परिवार के वरिष्ठ नेता चंपा शेरिंग, युवा मोर्चा अध्यक्ष टाकपा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रिगजिन हायरपा, पूर्व बीडीसी अध्यक्ष संजीव सहित भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।


भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर स्पीति में कार्यकर्ताओं के साथ।

दूसरी और कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी के चयन में उलझी हुई है। प्रत्याशी का चयन न होने से सभी कार्यकर्ता असमंजस में हैं। हालांकि स्पीति की जनता ने यह साफ कर दिया है कि आने वाले उपचुनाव में स्पीति की जनता मुख्यमंत्री के साथ मजबूत इरादों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है, लेकिन प्रत्याशी का चयन न होने से असमंजस की स्थिति है।

# लाखों का सामान उड़ाने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

## कुल्लू के अखाड़ा बाजार से उड़ाया था सामान, पुलिस ने दो दिनों में सुलझाया मामला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिले के अखाड़ा बाजार में एक दुकान से लाखों रुपए का सामान चोरी करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना कुल्लू में रमन आनंद निवासी ब्यासा कुल्लू ने थाने में शिकायत की उनकी दुकान से किसी अज्ञात व्यक्ति ने लाखों का सामान किया है, जिसके चलते पुलिस ने छानबीन करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 457, 380 के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है।



एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि अखाड़ा बाजार कुल्लू में उनकी राम सरन व संज के नाम से दुकान है, जिसमें यह बीड़ी, सिगरेट, मसाले आदि थोक में बचने का काम करते हैं। 26 और 27 अप्रैल की मध्यरात्रि को अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान से सिगरेट तथा बीडी के पैकेट चोरी कर ले गया, जिसकी कीमत 2,30,280 रुपए है। उपरोक्त शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान अश्वनी कुमार (42 वर्ष) पुत्र ध्यान सिंह निवासी गांव सुद्धवाण डाकघर सुद्धयाल तहसील नादौन जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले को दो दिनों के भीतर सुलझा लिया है। अब गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# एके 47 खुन्न ने फ्रेंड्स इलवन को पछाड़कर जीता विजेता का खिताब

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी के टिप्पर पोखर क्षेत्र में लगभग आठ हजार फुट की ऊंचाई पर देवता झाकड़ू नाग की तलहटी में स्थित खूबसूरत स्थल नागार्धा में जेएनजे स्पोर्ट्स एवं कल्चरल क्लब नागार्धा द्वारा गत 13 अप्रैल से आयोजित जागरा उत्सव एवं जेएनजे कप का मंगलवार को समापन हो गया। क्लब के प्रधान बिहारी लाल ने बताया कि इस क्रिकेट खेल प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से 48 टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को फ्रेंड्स इलवन मुहान और एके 47 खुन्न के मध्य खेला गया, जिसमें एके 47 टीम खुन्न ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय लिया। मैच में फ्रेंड्स इलवन टीम मुहान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में 4 विकेट गंवाकर 81 रनों का स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में एके 47 खुन्न टीम के बल्लेबाजों ने शुरुआत में ही धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए चौके छक्के जमाकर मात्र पांच ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर विजेता का खिताब हासिल किया। टीम में विजेता रही एके 47 टीम को क्लब की ओर से मुख्यातिथि समाजसेवी घनशायम शर्मा ने एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार और नागार्धा कप इनाम में दिया।


क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता टीम ट्रॉफी के साथ।

# मई माह ने दी दस्तक, लाहौल-स्पीति अभी भी कूल-कूल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली/काजा**

मई महीने की दस्तक पर भी लाहौल में सर्दी की तरह बर्फबारी हो रही है। ऐसे में घाटी में हिमस्खलन का भी खतरा बढ़ गया है। मनाली-अटल टनल रोहतांग-कोकसर मार्ग हिमस्खलन से बंद हो गया है। वहीं, पुमड़नाला में पहाड़ी से हिमस्खलन हुआ है।

मंगलवार को मौसम खुलने के बाद बर्फ से लकदक पूरी घाटी चांदी की तरह चमकी। उधर, बर्फबारी से लोगों की दुश्वारियां कम नहीं हो रहीं। चंद्राघाटी में सड़कों के साथ दूरसंचार सेवाएं पूरी तरह से ठप हो गई हैं। ताजा बर्फबारी से ग्रांफू-काजा, रोहतांग दर्रा व मनाली-लेह मार्ग को खोलने का काम भी प्रभावित हो गया है। उधर, अटल मनाली-केलांग मार्ग भी फोर बाई फोर को छोड़कर अन्य वाहनों के लिए अवरूद्ध हो गया है। अधिकतर पर्यटकों ने धुंधी व टनल के साउथ पोर्टल में ही बर्फ का आनंद लिया। तीन सौ से अधिक फोर बाय फोर वाहन लाहौल की ओर नार्थ पोर्टल पहुंचे। गत सोमवार को दिन भर बर्फबारी का क्रम जारी रहा। बर्फबारी के कारण डेढ़ हजार पर्यटक वाहन फंस गए थे, जिन्हें पुलिस ने देर रात तक रेस्कयू कर मनाली पहुंचाया। अप्रैल महीने की विदाई बर्फ के फाहों से होने के चलते पर्यटक व पर्यटन कारोबारी खुश हैं। लगातार हो रहे बर्फबारी से पहाड़ बर्फ से ढक गए हैं। हालांकि मंगलवार को सिर्फ फोर बाई फोर वाहन ही अटल टनल की और गए, लेकिन बर्फबारी न होने की सूरत में बुधवार को सभी वाहन टनल के उस पार जा सकेंगे। पर्यटन कारोबारी दोरजे व पलजोर ने बताया कि इस बार बर्फबारी बेहतर होने से पहाड़ों में बर्फ के ढेर लग गए हैं। जून महीने में सैलानी रोहतांग दर्रे में आसानी से बर्फ का दीदार कर सकेंगे। बर्फ से ढके पहाड़ समर सीजन में भारी संख्या में पर्यटकों को अपनी और आकर्षित करेंगे। आज फोर बाय फोर वाहन ही लाहुल आए, जिस कारण रौनक कम रही। धुंधी के पर्यटन कारोबारी दिले राम व पूर्ण ने बताया कि धुंधी में पर्यटकों का मेला लग गया।


लाहौल-स्पीति के दारचा में बिछी बर्फ की सफेद चादर।

पर्यटकों ने दिन भर ताजी बर्फ का आनंद लिया। पर्यटन स्थल में साहसिक खेलों की धूम मची रही। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि हिमपात के चलते लाहौल से लेकर सोलंगनाला तक पर्यटक वाहन फंस गए थे, जिन्हें देर रात तक रेस्क्यू कर मनाली पहुंचाया। आज हालात को देखते हुए फोर बाय फोर वाहन ही टनल की और भेंजे।

### लाहौल-स्पीति पुलिस ने रेस्क्यू किए आठ पर्यटक

**भारी** बर्फबारी के कारण जिला लाहौल-स्पीति के पंगमों में आठ पर्यटक फंस गए थे, जिन्हें पुलिस टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि पंगमों में फंसे आठ व्यक्तियों के एक समूह के बारे में जानकारी मिलते ही तेजी से कार्य करते हुए एसआई एसएचओ चुंग राम नेगी के नेतृत्व में हमारी टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान बर्फ में फंसे राजस्थान और घुमारवीं, बिलासपुर के पर्यटकों सहित कुल सभी आठ व्यक्तियों को सुरक्षित बचाया गया और स्पीति होम स्टे लाया गया। (अनंत ज्ञान)

**मांग** | डीसी कुल्लू और एडीएम से मिला व्यापार मंडल कुल्लू का प्रतिनिधिमंडल समस्याओं से करवाया अवगत

# रामशिला-पिरडी क्षेत्र व सरवरी नदी का हो तटीकरण

**अनंत गया ब्यूरो, कुल्लू**

व्यापार मंडल कुल्लू के पदाधिकारियों ने उपायुक्त कुल्लू एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कुल्लू से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत करवाया।

मंगलवार को व्यापार मंडल कुल्लू का मंडल अध्यक्ष मदन लाल सूद व मुख्य संरक्षक दिनेश सेन की संयुक्त अध्यक्षता में डीसी कुल्लू तोरूल एस रविश, एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति विभाग कुल्लू विनोद ठाकुर एवं तहसीलदार हरि सिंह यादव से भेंट करते हुए कुल्लू शहर के अंतर्गत ब्यास नदी के तट पर रामशिला से लेकर पिरडी तक के क्षेत्र व सरवरी नदी के तटीकरण के बारे में चर्चा की। इसके साथ ही अखाड़ा बाजार में गत वर्ष बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुई सीवरेज लाइन के मरम्मत करने के साथ-साथ टापू पुल से लेकर भूतनाथ मंदिर तक जो क्षेत्र अभी तक सीवरेज व्यवस्था से वंचित हैं, गत वर्ष इसे जोड़ने के लिए विभाग ने कार्य भी किया था, किंतु बाढ़ के कारण वो काम भी अटका पड़ा है।



व्यापार मंडल कुल्लू के पदाधिकारी एडीएम अश्विनी कुमार से भेंट करते हुए।

उपरोक्त इन सभी समस्याओं के समाधान के बारे में शिष्ट मंडल द्वारा इन सभी अधिकारीयों से विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि गर्मियों में नदी के पानी का जलस्तर बढ़ने से पूर्व कम से कम सीवरेज की मरम्मत वाला काम संपूर्ण किया जाए। इसके बारे में उपरोक्त सभी अधिकारियों ने व्यापार मंडल कुल्लू को आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द इन सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### व्यापारियों का पंजीकरण कर करवाया जाएगा अवगत

**व्यापार** मंडल ने यह भी निर्णय लिया कि बहुत जल्द पूरे शहर में व्यापार मंडल के अंतर्गत सभी प्रकार के व्यापारियों का पंजीकरण करके व्यापार मंडल को पंजीकृत करवाया जाएगा और आने वाले समय में व्यापारियों की जो भी समस्याएं होंगी। उनके लिए व्यापार मंडल समय-समय पर मासिक बैठक करके उन समस्याओं का समाधान करेगा। इस शिष्ट मंडल में व्यापार मंडल के अध्यक्ष मदन लाल सूद सहित मुख्य संरक्षक दिनेश सेन, उपाध्यक्ष इंद्र चावला तथा महासचिव सुबोध सूद उपस्थित रहे।

# आज मनाई जाएगी निकोलस रोरिक की 150वीं जयंती

**पतलीकूहल।** कुल्लू के नग्गर स्थित रोरिक आर्ट गैलरी (मेमोरियल ट्रस्ट) में बुधवार को प्रसिद्ध चित्रकार निकोलस रोरिक की 150जयंती मनाई जाएगी। रोरिक ट्रस्ट नग्गर के भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार ने बताया कि एक मई से लेकर पांच मई तक रोरिक आर्ट गैलरी में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान चित्रकला के क्षेत्र में निकोलस रोरिक की ओर से किए गए कार्यों से प्रशिक्षु चित्रकारों और उपस्थित लोगों, पर्यटकों को अवगत करवाया जाएगा। सुरेश ने कहा कि चित्रकार निकोलस रोरिक की 150वीं जयंती पर चार दिन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# 5 से 12 मई तक वाहनों के लिए बंद रहेगा पतलीकूहल हलाण-दो रोड

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पतलीकूहल से हलाण-2 गांव को जोड़ने वाली सड़क कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसकी वजह से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसी के चलते लोक निर्माण विभाग की ओर से उपरोक्त सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू किया जा रहा है, जिसकी वजह से पांच से 12 मई तक इस सड़क मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी, ताकि सड़क के मरम्मत कार्य को समय पर पूरा किया जा सके। उपरोक्त सूचना देते हुए लोक निर्माण विभाग कटराईं डिवीजन के सहायक अभियंता केडी कश्यप ने बताया कि पतलीकूहल-हलाण दो सड़क मार्ग के मरम्मत का

**पतलीकूहल से शिल्हा गांव तथा तराशी की तरफ जा सकेंगे वाहन**

कार्य ठेकेदार को सौंप दिया गया है। आगामी कुछ ही महीनों में फलों और सब्जियों का सीजन शुरू होने जा रहा है, जिसके लिए समय रहते सड़कों का दुरुस्त होना जरूरी है। किसानों और बागवानों के सीजन को ध्यान में रखते हुए सड़क के मरम्मत का कार्य समय रहते पूरा किया जाना है, ताकि फल और सब्जी के सीजन शुरू होने पर किसानों और बागवानों को किसी प्रकार की परेशानी न झेलनी पड़े। इस दौरान शिल्हा गांव से आगे वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक लगी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### लेवानदोवस्की की हैट्रिक से बार्सीलोना ने वेलेंसिया को हराया

**बार्सीलोना।** बार्सीलोना ने दूसरे हाफ में रॉबर्ट लेवानदोवस्की की हैट्रिक की बदौलत पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ला लीग फुटबाल टूर्नामेंट में वेलेंसिया को 4-2 से हराया। पहले हाफ में रक्षापंक्ति की दो गलतियों के कारण मध्यांतर के समय 1-2 से पीछे थी। फेर्मिन लोपेज ने 22वें मिनट में हेडर से गोल दागकर बार्सीलोना को बढ़त दिलाई लेकिन पांच मिनट बाद ह्यूगो ड्यूरो ने स्कोर 1-1 कर दिया।

### फुटबाल कपः उज्बेकिस्तान जापान ने किया क्वालीफाई

**दोहा।** उज्बेकिस्तान ने कई बार चूकने के बाद अंडर-23 एशियाई कप फाइनल में पहुंचकर पुरुष ओलंपिक फुटबाल के लिए क्वालीफाई किया। उज्बेकिस्तान ने दोहा में इंडोनेशिया को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अइब शुक्रवार को उसकी भिड़ंत जापान से होगी। जापान ने सेमीफाइनल में इराक पर 2-0 से जीत के साथ लगातार आठवीं बार ओलंपिक में जगह बनाई। तीसरे स्थान का फैसला वीरवार को इराक और इंडोनेशिया के बीच प्ले ऑफ मुकाबले से होगा।

### विश्व कप की मेजबानी से पीछे हटे अमेरिका और मैक्सिको



**न्यूयार्क।** अमेरिकी सॉकर महासंघ और मैक्सिको का महासंघ 2027 महिला फुटबाल विश्व कप की मेजबानी के लिए अपनी संयुक्त बोली से पीछे हट गए हैं और उन्होंने कहा कि वे इसके बजाय 2031 टूर्नामेंट की मेजबानी की कोशिश पर ध्यान केंद्रित करेंगे। अमेरिका और मैक्सिको के इस फैसले के बाद 2027 विश्व कप की मेजबानी की दौड़ में ब्राजील और जर्मनी-नीदरलैंड-बेल्जियम की संयुक्त दावेदारी है।

### चीन ने उबेर कप में भारतीय महिला टीम को 5-0 से हराया



**चेंगदू।** भारत की महिला टीम को उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में चीन ने 5-0 से रौंद दिया। कनाडा और सिंगापुर के खिलाफ लगातार मुकाबलों में जीत के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके भारत ने अश्मिता चालिहा को 15 बार की चैंपियन टीम के खिलाफ मुकाबले में नहीं उतारा।

### उत्तराखंडः सीएम धामी ने 15 झोपड़ियों में आग लगने का लिया संज्ञान



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोविंदगढ़ स्थित बस्ती में 15 झोपड़ियों में आग लगने से नुकसान होने के मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी देहरादून को पीड़ितों की यथासंभव सहायता के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलाधिकारी ने मौके पर 40 राशन के बैग भेजे हैं। साथ ही जो भी अन्य सहायता अपेक्षित होगी जिला प्रशासन के स्तर से की जाएगी।

### चाचा नेहरू अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

**दिल्ली।** गीता कॉलोनी स्थित चाचा नेहरू अस्पताल को बम की धमकी भरा ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने अस्पताल को खाली करवा दिया है। सूचना पर बम निरोधक दस्ता चाचा नेहरू अस्पताल पहुंचा है। अस्पताल परिसर में बम की धमकी को लेकर जांच की जा रही है। अस्पताल में अभी तक कुछ नहीं मिला है। इसके बाद अब मरीजों को अस्पताल के अंदर भेजा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, बम की धमकी भरा यह ई-मेल स्टाफ को आया है, जिसमें अस्पताल को बम से उड़ाने बात लिखी है।

### मस्जिद में बंदूक लेकर घुसे शख्स ने छह नमाजियों को मारी गोली

**इस्लामाबाद।** पश्चिमी अफगानिस्तान में एक बंदूकधारी ने एक मस्जिद में घुसकर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे वहां नमाज पढ़ रहे छह लोगों की मौत हो गई। तालिबान के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने खबर दी है और अफगानिस्तान के एक पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि इस मस्जिद को इसलिए निशाना बनाया गया, क्योंकि यह अल्पसंख्यक शिया समुदाय की है। तालिबान शासित गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि यह हमला हेरात प्रांत के गुज़रा जिले में हुआ है।

### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में किसानों पर लाठीचार्ज, 200 गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान में पंजाब पुलिस ने गेहूं खरीद संकट के बीच सोमवार को प्रदर्शनकारी किसानों पर लाठीचार्ज किया और लाहौर में 200 से अधिक किसानों को गिरफ्तार कर लिया। पंजाब प्रांत में गेहूं की बंपर पैदावार के बाद, किसान शिकायत कर रहे हैं कि सूबे की मरियम नवाज सरकार गेहूं नहीं खरीद रही है और आटा मिलें उनकी फसलों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य से कम दरों की पेशकश कर रही हैं। गिरफ्तार किसानों में किसान बोर्ड पंजाब (केबीपी) के अध्यक्ष मियां अब्द-उर-रशीद भी शामिल हैं।

### पन्नू साजिश मामले पर अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट को भारत ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** अमेरिका में एक मीडिया आउटलेट द्वारा खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू से जुड़ी एक रिपोर्ट को भारत ने पूटी तरह से खारिज किया है। इस रिपोर्ट में पन्नू को मारने की कथित साजिश से जुड़े गंभीर मामले पर अनुचित और निराधार आरोप लगाए गए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह रिपोर्ट एक गंभीर मामले पर अनुचित और निराधार आरोप लगाती है। उन्होंने कहा कि इस पर अटकल और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियां मददगार नहीं होंगी।

# टी-20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान, पंत-सैमसन को मिली जगह

## रोहित शर्मा कप्तान और हार्दिक पंड्या को बनाया उपकप्तान, केएल राहुल बाहर



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की चयन समिति ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है। रोहित शर्मा को एक बार फिर टीम का कप्तान बनाया गया है। वहीं, हार्दिक पंड्या उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। ऋषभ पंत की वापसी हुई है।

वहीं, केएल राहुल को टीम में जगह नहीं मिली है। सैमसन और पंत आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। पंत की लंबे समय के बाद टीम इंडिया में वापसी हुई है। वे वह कार एक्सीडेंट के बाद से ही मैदान से दूर थे, लेकिन आईपीएल के जरिए मैदान पर वापसी की और अपनी फॉर्म को भी साबित किया, उन्हें इसका फायदा मिला। सैमसन आईपीएल 2024 में 9 मैच खेले हैं और 385 रन बनाए हैं और 4 अर्धशतक लगाए हैं।

### रिजर्व प्लेयर्स : शुभमन गिल, रिंकू सिंह खलील अहमद और अवेश खान

शुभमन गिल की जगह को लेकर काफी संशय चल रहा था। हालांकि बोर्ड ने नजरअंदाज नहीं किया। शुभमन को रिजर्व प्लेयर्स की लिस्ट में जगह मिली है। रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान को भी इस लिस्ट में जगह मिली है।

**भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

### शिवम दुबे और पर बोर्ड ने जताया भरोसा

**बीसीसीआई** ने शिवम दुबे और अक्षर पटेल पर भी भरोसा जताया है। शिवम आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे हैं। वह विस्फोटक बैटिंग करने में माहिर हैं। इसके साथ-साथ फिनिशर की भूमिका भी निभा लेते हैं। शिवम दुबे ने इस सीजन के 9 मैचों में 350 रन बनाए हैं। इस दौरान तीन अर्धशतक लगाए हैं। अक्षर की बात करें तो उन्होंने बॉलिंग के साथ-साथ बैटिंग में भी कमाल दिखाया है।

### दक्षिण अफ्रीका टीम के एडेन मार्करम होंगे कप्तान

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नोर्ट्जे नौ महीने की अनुपस्थिति के बाद 2024 टी-20 विश्व कप के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने मंगलवार को टी-20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे नोर्ट्जे को दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल किया गया है। टीम का नेतृत्व एडेन मार्कराम करेंगे। सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन और तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन, को टीम में शामिल किया है।

**टीमः** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यान्सन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्टजे, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

**रिजर्व :** नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी।

# पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपरकिंग्स की नजरें जीत पर



**एजेंसी, चेन्नई**

प्रदर्शन में निरंतरता की कमी से जूझ रही चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम बुधवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें खेल के सभी विभागों में एकजुट प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी। सुपरकिंग्स के नौ मैच में 10 अंक हैं, जो लखनऊ सुपर जाइंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के समान हैं और गत चैंपियन टीम निश्चित रूप से जीत के साथ इन टीमों से आगे निकलने की कोशिश करेगी।

**सुपरकिंग्स के नौ मैच में 10 अंक, जीत**

गत चैंपियन सुपरकिंग्स की चिंता, हालांकि बढ़ गई है क्योंकि पंजाब किंग्स की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 262 रन के टी-20 क्रिकेट इतिहास के सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के बाद इस मुकाबले में उतर रही है। पंजाब किंग्स के नौ मैच में छह अंक हैं। चेपक हालांकि सुपरकिंग्स का गढ़ है जहां गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है और मेजबान टीम ने पिछले मैच में सनराइजर्स पर 78 रन की आसान जीत दर्ज की।

चेन्नई में उस रात ओस नहीं पड़ी थी और बल्लेबाजों की ओर से 200 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद सुपरकिंग्स के गेंदबाजों ने अपनी सटीक और विविधता से भरी गेंदबाजी से सनराइजर्स की मजबूत बल्लेबाजी इकाई को ध्वस्त कर दिया। चेन्नई को पंजाब के खिलाफ यह प्रदर्शन दोहराना होगा और सभी की निगाहें कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर होंगी जो फॉर्म में वापसी कर चुके हैं।

### फिलिप साल्ट ने गांगुली का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा



**कोलकाता।** आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सलामी बल्लेबाज फिलिप साल्ट ने पूर्व फ्रेंचाइजी कप्तान सौरव गांगुली के 14 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। साल्ट ने एक बार फिर विपक्षी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 33 गेंदों पर 7 चौके और 5 छक्के की बदौलत 68 रनों की तेज पारी खेली। उन्होंने मौजूदा सत्र में ईडन गार्डन्स स्टेडियम में छह पारियों में कुल 344 रन बना लिए हैं और आईपीएल के एक सत्र में इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने के गांगुली के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उनसे पहले 2010 में, अनुभवी बाएं हाथ के बल्लेबाज गांगुली ने ईडन गार्डन्स पर सात पारियों में 331 रन बनाए थे और 14 साल तक यह रिकॉर्ड अपने नाम रखा था।

# हिमाचल दिव्यांग क्रिकेट टीम का चयन

## सोलन के गुरमीत धीमान कप्तान, शिमला के रिंटू जैसवाल को बनाया उपकप्तान

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**बद्दी में तीन मई से खेले जाएंगे मैच**

**हिमाचल सहित 3 राज्यों की टीमें लेंगी भाग**



हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड के बीच 3 मई से मैच खेले जाएंगे।

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर दिव्यांग और अमित सिंगला सोशल वेलफेयर सोसाइटी नालागढ़ और क्यूरटेक ग्रुप ऑफ फार्मा कंपनी संयुक्त रूप से टूर्नामेंट का आयोजन कर रही है। हिमाचल क्रिकेट एसोसिएशन फॉर दिव्यांग के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर ने बताया कि यह टूर्नामेंट तीन और चार मई को एकलव्य क्रिकेट मैदान बद्दी विश्वविद्यालय में आयोजित होगा। प्रदेश क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का चयन कर लिया गया है।

सोलन के गुरमीत धीमान को कप्तान बनाया गया है। रिंटू जैसवाल उपकप्तान (शिमला), अजय शर्मा (चंबा), विकेश चौहान (चंबा), अंकित चंदेल (बिलासपुर), अनिल हरजैट (शिमला), जॉन्टी सिंह (सोलन), अजय ठाकुर (मंडी), रमेश कैथ (शिमला), मनोहर लाल (बिलासपुर), राजपाल सिंह (शिमला), युधिष्ठिर नेगी (किन्नौर), रोहित (सिरमौर), कृष्ण लाल (कुल्लू), अनिल भारद्वाज (बिलासपुर), शमशेर सिंह (सोलन) का चयन किया गया है। प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर दिव्यांग के महासचिव नीरज सैनी ने बताया कि दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए बहुत ही अच्छा प्रयास किया जा रहा है।

### ऋषभ पंत ने बल्लेबाजों के सिर फोड़ा हार का ठीकरा



**कोलकाता।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ सात विकेट की हार के लिए बल्लेबाजों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उनकी टीम ने पर्याप्त रन नहीं बनाए।

इस मैच में वरुण चक्रवर्ती (16 रन पर तीन विकेट), हर्षित राणा (28 रन पर दो विकेट) और वैभव अरोड़ा (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी। नाइट राइडर्स ने इसके जवाब में फिल सॉल्ट की 33 गेंद में पांच छक्कों और सात चौकों से 68 रन की पारी की बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 157 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

# जम्मू-कश्मीर में बारिश का कहरः 4 की मौत, 350 से ज्यादा परिवार किए शिफ्ट

**एजेंसी, श्रीनगर**



पिछले चार दिनों के दौरान जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश के चलते आई बाढ़ में तीन नाबालिग सहित चार लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने कहा कि 350 से ज्यादा परिवारों को शिफ्ट कर दिया गया है, कई मवेशी मर गए हैं और दर्जनों घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अधिकारियों ने घाटी में स्कूल बंद कर दिए हैं और कश्मीर विश्वविद्यालय ने मंगलवार को होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं।

भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि जम्मू संभाग के पहाड़ी जिलों डोडा, रियासी, किश्तवाड़ और रामबन और कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में लगातार बारिश व बिजली के चलते दर्जनों घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बाढ़ ने कुपवाड़ा जिले में कुछ प्रमुख बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया है, जिसमें शूमरियाल ब्रिज, खुमरियाल ब्रिज, शतमुकम ब्रिज, सोहिपोरा-हैहामा ब्रिज, फारक्यान ब्रिज, कुपवाड़ा में दो ग्रामीण विकास विभाग भवन और सहायक निदेशक हस्तशिल्प कार्यालय भवन शामिल हैं।

### सिल्वर स्क्रीन पर असफलता के बाद अब वेब सीरीज में नजर आएंगी सोनाक्षी



**मुंबई।** बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान ने फिल्म इंडस्ट्री में कई एक्टर और एक्ट्रेस को मौके दिए। भाग्यश्री, स्नेहा उलाल, जरीन खान से लेकर डेजी शाह तक, इन अभिनेत्रियों ने सलमान की फिल्मों के साथ सिल्वर स्क्रीन पर डेब्यू किया। इनमें से एक नाम बॉलीवुड की एक ऐसी दिग्गज हस्ती से जुड़ा है, जो अपनी बुलंद आवाज, दमदार अभिनय से दर्शकों पर छाए रहते हैं और राजनीतिक क्षेत्र से भी जुड़े हुए हैं। एक्ट्रेस ने सलमान खान की फिल्म से सिने इंडस्ट्री में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने अक्षय कुमार, अजय देवगन, अर्जुन कपूर और शाहिद कपूर जैसे एक्टर्स के साथ सिल्वर स्क्रीन शेयर की। अब एक्ट्रेस संजय लीला भंसाली की आने वाली वेब सीरीज 'हीरामंडी' में नजर आएंगी। यह एक्ट्रेस है बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी सोनाक्षी सिन्हा। सोनाक्षी ने 2010 में 'दबंग' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। सोनाक्षी की पहली ही फिल्म सुपरहिट रही। इसके बाद उन्होंने सोनाक्षी सिन्हा ने फिल्म 'रावड़ी राठौड़' में भी काम किया और यह फिल्म सुपरहिट रही।

# नई दिल्ली सीट से बांसुरी स्वराज ने भरा नामांकन



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी की नेता और नई दिल्ली लोकसभा सीट से प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया।

इससे पहले उन्होंने पूजा-अर्चना भी की। उसके बाद एक रोड में भाग लिया और चुनाव अधिकारी के दफ्तर पहुंचीं। उनके साथ रोड शो में केंद्रीय मंत्री और पार्टी नेता हरदीप सिंह पुरी शामिल हुए।

हौजखास इलाके में रोड शो के दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनता से समर्थन देकर चुनाव जिताने की अपील की।

### असम राइफल्स को मिली बड़ी कामयाबी, 9.83 करोड़ की ड्रग्स जब्त


**नई दिल्ली।** असम राइफल्स ने अलग-अलग संयुक्त अभियानों में मिजोरम में दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 9.83 करोड़ रुपए से अधिक की नशीली दवाएं बरामद कीं। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि नशीली दवाएं म्यांमार से तस्करी कर लाई गई थीं। असम राइफल्स के मुताबिक जवानों ने अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर आइजोल से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 6.66 करोड़ रुपए मूल्य की 20,000 मेथमफेटामाइन गोलियां बरामद कीं। एक अलग संयुक्त अभियान में रविवार रात चम्फाई जिले के जोखावथर से एक ड्रग तस्कर को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 3.17 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद हुई। जब्त की गई दवाओं और पकड़े गए व्यक्तियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया गया है।

### कांग्रेस डोजियर भेजती थी, हम घर में घुसकर मारते हैं : मोदी



**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर में मंगलवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस कभी डोजियर भेजती थी लेकिन आज भारत घर में घुसकर मारता है। मोदी ने कहा कि साल 2014 के पहले गूगल पर जाकर उस समय के अखबार और टीवी देख लीजिए, क्या मिलेगा? आपको पढ़ने को मिलेगा, रेलवे स्टेशन पर, बस स्टेशन पर, मेलों में, जहां भीड़ जमा जहां होती है, वहां अनाउंसमेंट होती थी, सावधान कोई लावारिस चीज दिखाई दे तो उसको हाथ मत लगाना। कोई लावारिस बैग, लावारिस टिफिन बॉक्स दिखता है तो पुलिस को जानकारी दें।

### कांग्रेस डूबता जहाज, इसे डूबने से कोई ताकत रोक नहीं सकतीः राजनाथ सिंह



**भोपाल।** रक्षा मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के खंडवा और खरगोन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस डूबता जहाज है, जिसे डूबने से कोई ताकत नहीं रोक सकती। राजनाथ सिंह ने कहा कि सूरत से भाजपा के प्रत्याशी निर्विरोध विजयी हो गए और इंदौर ने कांग्रेस प्रत्याशी ने कांग्रेस से त्यागपत्र देकर भाजपा का दामन थाम लिया। कांग्रेस सूरत में भाजपा की निर्विरोध विजय को लोकतंत्र के लिए खतरा बता रही है, लेकिन आजाद भारत में स्वयं कांग्रेस के प्रत्याशी 20 बार निर्विरोध विजयी हुए हैं।

### लाल सागर में कंटेनर पर मिसाइल से हमला

**यरुशलम।** यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में एक जहाज को निशाना बनाकर कथित रूप से मिसाइल से हमला किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। ब्रिटेन की सेना की 'यूनाइटेड किंगडम मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर' (यूकेएमटीओ) ने कहा कि यह हमला यमन में मोखा के अपतटीय क्षेत्र में हुआ। उसने क्षेत्र से गुजरने के दौरान पोतों से सतर्कता बरतने का आग्रह किया। यूकेएमटीओ ने बताया कि पोत के पास एक विस्फोट हुआ है और पोत तथा चालक दल के सदस्य सुरक्षित बताए जाते हैं। निजी सुरक्षा कंपनी 'अम्ब्रे' ने कहा कि माल्टा का ध्वज लगे कंटेनगर पोत को तीन मिसाइल के जरिए निशाना बनाया गया है। यह कंटेनर जिबूती से सऊदी अरब के जेद्दा की ओर जा रहा था।

## कारोबार

### मुनाफावसूली के चलते रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसला शेयर बाजार

# सेंसेक्स 189 अंक टूटा, निफ्टी 22,605 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**



वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच आईटी और पावर शेयरों के खराब प्रदर्शन के कारण इक्विटी बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को गिरावट में बंद हुए। कारोबार के अंतिम घंटे में मुनाफावसूली के चलते बाजार ने शुरुआती बढ़त को गंवा दिया और लाल निशान में बंद हुआ।

अपने दो दिन से जारी तेजी के सिलसिले को तोड़ते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 188.50 अंक या 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,482.78 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह 440.11 अंक या 0.58 प्रतिशत उछलकर 75,111.39 पर पहुंच गया था। इसी तरह, एनएसई निफ्टी भी 38.55 अंक या 0.17 प्रतिशत गिरकर 22,604.85 पर बंद हुआ। दोपहर के कारोबार में बेंचमार्क 139.95 अंक या 0.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,783.35 के अपने रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, लार्सन एंड टुब्रो और कोटक महिंद्रा बैंक सबसे ज्यादा पिछड़ गए।


दूसरी तरफ, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और मारुति प्रमुख रूप से चढ़कर बंद हुए।

एशियाई बाजारों में साउथ कोरिया का सियोल, टोक्यो और हांगकांग पॉजिटिव रुख में रहे, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट गिरावट में बंद हुआ। यूरोपीय बाजार ज्यादातर गिरावट पर कारोबार कर रहे थे, जबकि वॉल स्ट्रीट सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। इस बीच, वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड या कच्चा तेल की कीमत 0.21 प्रतिशत चढ़कर 88.59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। पिछले ट्रेडिंग सेशन में बीएसई बेंचमार्क 941.12 अंक या 1.28 प्रतिशत उछलकर 74,671.28 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 223.45 अंक या 1 प्रतिशत बढ़कर 22,643.40 पर पहुंच गया।

इसके अलावा बुधवार को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर घरेलू शेयर बाजार बंद रहेंगे।

# नेपाल में 17 अरब रुपए का निवेश करेगा आईओसी

**एजेंसी, काठमांडू**



भारत सरकार ने नेपाल में लगभग 17 अरब रुपए की दो नई पाइप लाइन परियोजनाओं के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। भारत से सीधे प्राकृतिक गैस तथा खाना पकाने वाली एलपीजी की पाइप लाइन निर्माण को लेकर भारतीय आयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और नेपाल ऑयल निगम के अधिकारियों के बीच हुई बैठक में इस पर सहमति बनी है।

नेपाल ऑयल निगम के कार्यकारी निदेशक चंडिका प्रसाद भट्ट के नेतृत्व में गई टीम की आईओसी के कार्यकारी निदेशक (आपूर्ति) संजय परासर सहित उच्च अधिकारियों की टीम से हुई मुलाकात के दौरान इसके डीपीआर को लेकर औपचारिक सहमति होने की जानकारी दी गई है। भट्ट ने बताया कि नेपाल तक गैस पाइपलाइन और एक टर्मिनल अनुदान में बनाए जाने को लेकर भारत के साथ सहमति बनी है। आईओसी के प्रतिनिधियों से हुई मुलाकात में पेट्रोलियम पाइपलाइन अनुदान में निर्माण का प्रस्ताव किया गया था, जिस पर आईओसी से सकारात्मक जवाब मिला है।